सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 09 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 245, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## बैंक ऋण में गिरावट से निर्यातकों को नुकसान

निर्यातकों को बैंक ऋण में गिरावट से क्षेत्र को नुकसान होगा और वे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक के दौरान इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। } 14

## नयी शिक्षा नीति से होंगे बड़े बदलाव : धनखड़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक बड़ा बदलाव लेकर आयेगी और जिन राज्यों ने अभी तक इस नीति को नही अपनाया है, उन्हें अपने रुख पर पुनर्विचार करना चाहिए। } 16



## अबू धाबी के क्राउन प्रिंस पहुंचे दिल्ली



नयी दिल्ली। अबू धाबी के वली अहद (युवराज)शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को नयी दिल्ली पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

नाहयान अपने भारत प्रवास के दौरान पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा और संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हवाई अड्डे पर अबू धाबू के वली अहद की अगवानी की, जिसके बाद उनका औपचारिक स्वागत किया गया। यह उनकी इस यात्रा को भारत द्वारा दिए गए महत्व को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, ऐतिहासिक संबंधों में एक नया मील का पत्थर। महामहिम शेख खालिद बिन जायद अल नाहयान भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर दिल्ली ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीओके निवासियों को बनना चाहिए भारत का हिस्सा

### पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो हम बातचीत के लिए तैयार : राजनाथ

एजेंसी

जम्मू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के निवासियों से भारत आने और उसका हिस्सा बनने के लिए कहा। उन्होंने पीओके के निवासियों से कहा हम आपको अपना मानते हैं, जबकि पाकिस्तान आपको विदेशी मानता है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी राकेश सिंह ठाकुर के समर्थन में रामबन विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद से जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को बहाल करने के चुनावी वादे को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि जब तक भाजपा है, यह असंभव है। केंद्रीय मंत्री ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त किए



जम्मू-कश्मीर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता

जाने के बाद जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति में बड़े बदलाव का स्वागत किया और कहा कि युवाओं के पास अब पिस्तौल व रिवॉल्वर के बजाय लैपटॉप और कम्प्यूटर हैं। उन्होंने कहा कि अब कोई भी श्रीनगर में लोगों पर गोलियां चलाने की हिम्मत नहीं करता। रक्षा मंत्री ने कहा जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने के लिए भाजपा का समर्थन करें, ताकि हम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास ला सकें। इतना विकास होगा कि पीओके के लोग देखकर कहेंगे कि हमें पाकिस्तान में नहीं रहना है, हम भारत चले जाएंगे। सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने हाल में एक हलफनामा दायर कर कहा कि पीओके एक विदेशी भूमि है। उन्होंने कहा मैं पीओके के निवासियों को बताना चाहता हूं कि पाकिस्तान आपको विदेशी मान रहा है, लेकिन भारत में लोग आपको ऐसा नहीं मानते हैं। हम आपको अपना मानते हैं, इसलिए आइए तथा हमारा हिस्सा बनिए। रक्षा मंत्री भाजपा के ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

### भाजपा नेता के गनर की गोली लगने से मौत

जौनपुर। जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के बबुरीगांव में रविवार को तड़के भाजपा मनोज सिंह नेता के गनर की संदिग्ध हालत में गोली लगने से हालत गंभीर हो गई है। यह जानकारी मिलते ही आस पास चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। सिपाही की गोली लगने की समाचार मिलते ही बरसठी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। भाजपा नेता के भाई का दावा है कि सिपाही ने खुद को गोली मारी है। सिपाही की इलाज के लिए ले जाते समय की मौत हो गई। जबकि मृतक के घरवालों का आरोप है कि हत्या की गयी है। घटना की जांच में पुलिस जुटी हुई है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। मृतक सिपाही रत्नेश प्रजापति मऊ जनपद की सराय लाखंसी थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव का निवासी है। वह 1918 बैच का सिपाही है। मृतक के घर घटना की सूचना दे दी गयी है। परिजन आ गये और पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक सपिाही की पत्नी ने अपने बयान न्याय की गुहार लगाई है।

### आकाशीय बिजली से सात की मौत

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटपारा जिले में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना आज शाम मोहतारा गांव में उस समय घटी जब ये लोग खेत में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ये लोग भारी बारिश के बीच अपने खेत के पास एक तालाब के किनारे खड़े थे तभी आकाशीय बिजली गिरी। मृतकों की पहचान मुकेश (20), टंकार साहू (30), संतोष साहू (40), थानेश्वर साहू (18), पोखराज विश्वकर्मा (38), देव दास (22) और विजय साहू (23) के रूप में हुई है।

# सत्ता तो विरासत में मिल सकती है, पर बुद्धि नहीं : योगी

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर बरसे सीएम



अंबेडकरनगर में समारोह को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

जिला संवाददाता

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि सत्ता तो विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं। योगी ने कहा कि जो लोग सत्ता को अपनी जागीर समझते थे, वे अब सत्ता में वापस आने के लिए अराजकता पैदा करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के शासनकाल में गुंडे और माफिया अपनी समानांतर सरकार चलाते थे, लेकिन 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद से हालात बदल गए और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्वाई होने लगी। मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर में l,231 करोड़ रुपये की लागत वाली 6,778 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार चलाने के लिए जज्बा चाहिए, दिल

**❍ अंबेडकरनगर में 1231 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन**

चाहिए और दिमाग भी चाहिए। सत्ता विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं।

उन्होंने कहा, 2017 से पहले उत्तरप्रदेश में सपा और कांग्रेस के संरक्षण में पलने वाले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। उस समय अंबेडकरनगर में हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष और टांडा निवासी हमारे प्रमुख कार्यकर्ता की हत्या हुई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। तब भी मुझे आंदोलन करने के लिए यहां आना पड़ा था। योगी ने कहा, 2017 से पहले पुलिस भागती थी और गुंडे उन्हें दौड़ाते थे। मगर 2017 के बाद से गुंडे-माफिया भाग रहे और पुलिस उन्हें दौड़ा रही। अगर किसी अपराधी ने कहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रांसपोट्र नगर हादसा : मुख्यमंत्री ने पूछा घायलों से हाल



ट्रांस पोर्ट नगर में बिल्डिंग गिरने से घायल हुए लोगों से मिलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ट्रांसपोर्ट नगर इमारत गिरने के हादसे में घायलों का हालचाल जानने रविवार को लोकबंधु श्री राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे। इस दौरान अस्पताल में भर्ती एक-एक मरीज से मिले और स्वास्थ्य की जानकारी ली। सीएम ने अस्पताल प्रशासन को सभी घायलों के समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने मरीजों के परिजनों से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर दौरे के बाद रविवार को एयरपोर्ट पर उतरते ही सीधे हादसे ...शेष पृष्ठ 14 पर

### हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रांसपोर्ट नगर हादसे की गहन जांच के लिए रविवार को तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। इसमें गृह सचिव को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आवास व शहरी नियोजन सचिव और लोक निर्माण विभाग लखनऊ के मुख्य अभियंता को सदस्य नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने समिति के सदस्यों को प्रकरण की तह तक तहकीकात करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सरकारी आवास पर सरोजनीनगर हादसे को लेकर रविवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में अधिकारियों से सरोजनीनगर में व्यावसायिक भवन गिरने के प्रकरण की गहनता से जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर में घटित घटना बेहद दुःखद है। उन्होंने प्रकरण की गहनता से जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। समिति में गृह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जवाहर सरकार ने छोड़ी टीएमसी

### आरजी कर अस्पताल घटना को लेकर राज्यसभा से भी दिया इस्तीफा

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद जवाहर सरकार ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को पत्र लिखकर कहा कि उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता तथा राजनीति छोड़ने का फैसला किया है।

उन्होंने आरजी कर अस्पताल की चिकित्सक से कथित बलात्कार व उसकी हत्या के मामले में राज्य सरकार द्वारा उठाये गए कदम को अपर्याप्त और काफी देर से उठाया गया बताया है। पत्र में, जवाहर सरकार ने कहा कि राज्य सरकार से उनका मोहभंग हो गया है, क्योंकि ऐसा लगता है कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार और नेताओं के एक वर्ग के बल प्रयोग की रणनीति के प्रति



बिल्कुल भी चिंतित नहीं है। चिकित्सक की मौत पर विरोध प्रदर्शन को स्वतःस्फूर्त बताते हुए सेवानिवृत्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी ने कहा कि उन्होंने किसी सरकार के खिलाफ ऐसा गुस्सा और घोर अविश्वास कभी नहीं देखा।

उन्होंने पत्र में लिखा दलगत राजनीति में सीधे शामिल हुए बिना सांसद बनने का मुख्य उद्देश्य यह था कि इससे भाजपा और उसके प्रधानमंत्री की निरंकुश व सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच मिलेगा। इसे लेकर मुझे कुछ हद तक संतुष्टि है और संसद में चर्चा के दौरान मैंने कई बार हस्तक्षेप किये। जवाहर सरकार ने कहा कि तृणमूल में शामिल होने के एक साल बाद 2022 में, वह पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ भ्रष्टाचार के खुले सबूत देखकर काफी हैरान रह गए। उन्होंने कहा मैंने सार्वजनिक रूप से कहा था कि पार्टी और (राज्य) सरकार को भ्रष्टाचार से निपटना चाहिए, लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुझे ही घेर लिया। मैंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मीरजापुर में सियार का आतंक, सात घायल

मीरजापुर। जनपद के हलिया थाना के मतवार चौकी अंतर्गत कुसीयरा गांव में सियार का आतंक से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। एक रात में अलग-अलग घरों में घुसकर सियार ने ग्रामीणों पर हमला किया, सियार के हमले सात ग्रामीण हुए घायल, घायलों में चार बच्चे शामिल हैं, परिजनों ने सभी को अस्पताल पहुंचाया, सियार के हमले से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है।

यूपी के बहराइच में भेड़ियों की दहशत अभी खत्म नहीं हुई है इस बीच मीरजापुर जनपद में भी सियार का आतंक देखने को मिला है। रात में सियार ने अलग-अलग घरों में घुसकर एक ही गांव के 7 लोगों पर हमला कर दिया। हमले में 4 बच्चों समेत तीन ग्रामीण घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नक्सलियों के सफाये का अभियान

### छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के चार हजार जवान तैनात

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर के सबसे अधिक नक्सल-हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4,000 से अधिक कर्मियों वाली चार बटालियनों को तैनात कर रहा है। यह मार्च 2026 तक माओवादी समस्या को समाप्त करने के केंद्र सरकार के नवीनतम संकल्प के अनुरूप एक निर्णायक लड़ाई शुरू करने की रणनीति का हिस्सा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इस समय सीमा की घोषणा करते हुए इस बात पर जोर दिया था कि देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त करने के लिए एक मजबूत और निर्मम कार्ययोजना



की आवश्यकता है। वामपंथी उग्रवाद को कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये सबसे बड़ा खतरा कहा जाता था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने झारखंड से तीन और बिहार से एक बटालियन को वापस बुलाया है। इनकी तैनाती प्रदेश की राजधानी रायपुर से करीब 450 से 500 किलोमीटर दक्षिण स्थित बस्तर क्षेत्र में की जायेगी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को देश में प्रमुख आंतरिक सुरक्षा और नक्सल विरोधी अभियान बल के तौर पर जाना ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

बीबीडी में चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव-2024 का दूसरा दिन : डॉ. दिनेश कुमार, अपर सचिव उच्च शिक्षा यूपी थे मुख्य अतिथि

# बीबीडी परिसर में देवा श्री गणेशा...भजन सुनकर झूम उठे दर्शक



श्री गणेश जी की महा आरती करते अपर सचिव उच्च शिक्षा, डॉ. दिनेश कुमार



दर्शकों के बीच भजन प्रस्तुत करते मशहूर सिंगर जतिन निगम



कलाकार कुलदीप चौहान, दीपांशी व जतिन निगम के भजनों पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



नृत्य प्रस्तुत करते डेंजरस डांस ग्रुप के कलाकार

फोटो : अमित वर्मा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को द वायलेंट इंटरनेशनल म्यूजिकल बैंड ग्रुप ने भजनों की प्रस्तुतियां दे कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सिंगर जतिन निगम ने देवा श्री गणेशा..से की। उसके बाद ये जवानी है दीवानी..., तुम क्या मिले गीतो को गाकर दर्शकों झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी क्रम में दीपांशी ने इन्तहां हो गयी, कमली-कमली.., क्रेजी किया रे... एवं दमा दम मस्त कलंदर जैसे मनमोहक गीतों को गाकर लोगो का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में कुलदीप चौहान ने एक दंताय धीमहि..., हर किसी को नहीं मिलता..., खाली दिल नई जान भी मंगदा, लगन लगी तुझसे मन की लगन..., हाल क्या है दिलो का न पूछो सनम, मेरे रसके कमर जैसे गीत गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मनमोहक प्रस्तुति के बाद डेंजरस डांस ग्रुप ने अपनी शुरूआत रघुकुल रीति सदा चली आयी प्राण जाए पर बचन न जाये...गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में घर मेरे परदेशिया..., आओ पधारो पिया..., रंगिओ मारो ढोलना... आदि नृत्य देखकर दर्शक ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K



बीबीडी परिसर में श्री गणेश महोत्सव के दूसरे दिन नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार



सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाते दर्शकगण



मुख्य अतिथि अपर सचिव उच्च शिक्षा डॉ. दिनेश कुमार को स्मृति चिन्ह देते डॉ. वीके सिंह डायरेक्टर बीबीडीएनआईआईटी

# जनता की समस्याओं का कराएं त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण: योगी

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जनता की समस्याओं का पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जनता की हर समस्या को संवेदनशीलता से लिया जाना चाहिए और उसके समाधान के

- **जनता दर्शन में 400 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने**
- **जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही पर कार्रवाई तय : मुख्यमंत्री**
- **मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा**



लिए त्वरित प्रभावी कार्यवाही की जानी चाहिए। यह ध्यान रहे कि किसी के भी साथ अन्याय न होने पाए।

जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। सीएम योगी ने ये निर्देश रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। ध्यान से उनकी बात सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने समस्या लोगों से कहा कि चिंता मत करिए, सबकी समस्या दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को दो निर्देशित किया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

**धन के अभाव में नहीं रुकेगा किसी का इलाज :** जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भरपूर मदद देने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

**मंदिर की गोशाला में सीएम ने की गोसेवा :** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने, अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया।

## महाराज जी! आपके साथ फोटो खूब वायरल होगी

**गोरखपुर।** रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में एक ऐसी फरियाद भी आई कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उसे सुनकर हंस पड़े। उन्होंने तत्काल इस फरियाद का निस्तारण भी कर दिया। यह फरियाद थी फतेहपुर से आई मेनश्री नाम की बेहद छोटे कद की महिला की। मांग और गुहार की महाराज जी (सीएम योगी) के साथ फोटो खिंचवानी है ताकि सोशल मीडिया पर खूब वायरल होकर वह व्यापक पहचान बना सके। हैरत से हंसते हुए मुख्यमंत्री ने यह मांग फौरन पूरी कर दी। गोरखनाथ मंदिर में रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वहां मौजूद लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान पूरी गंभीर गंभीरता और संवेदनशीलता से एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनते हुए, इसके निस्तारण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते रहे। जनता दर्शन में फतेहपुर से आई मेनश्री नाम की बहुत छोटे कद की महिला की समस्या सुनते ही सीएम योगी मुस्कराने लगे। कद के लिहाज से शारीरिक दिव्यांगता की श्रेणी में आने वाली इस महिला की इच्छा सोशल मीडिया पर बड़ी पहचान बनाने की है। इसके लिए उसने मुख्यमंत्री से कहा, महाराज जी! मुझे आपके साथ फोटो खिंचवानी है। आपके साथ फोटो खूब वायरल हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने फोटो खिंचवाकर उसकी डिमांड तुरंत पूरी के दी। यही नहीं, उन्होंने मेनश्री के साथ सेल्फी के अनुरोध को भी स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के गोला क्षेत्र से आई एक अन्य अत्यंत छोटे कद की महिला की डिमांड को सम्मानजनक तरीके से पूरा करने के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया। यह महिला मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची थी। सीएम योगी ने उसके प्रार्थना पत्र को लेते हुए डीएम को निर्देशित किया महिला की भरपूर मदद की जाए। मुख्यमंत्री की इस पहल पर उक्त महिला ने बारम्बार आभार जताया।

- **फतेहपुर से आई बेहद छोटे कद की महिला की मांग को सम्मानपूर्वक पूरा किया मुख्यमंत्री ने**

# उपचुनाव में भेड़ियों के हमलों को मुद्दा बनाने की तैयारी में सपा, कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की तैयारी में जुटी हैं और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) में शामिल ये दल उपचुनाव में राज्य सरकार पर उसकी अलोकतांत्रिक कार्यशैली, ध्वस्त होती कानून व्यवस्था और हाल ही में हुए भेड़ियों के हमलों को लेकर निशाना

- **सरकार भेड़ियों के हमलों को रोकने में विफल रही : राजेंद्र चौधरी**

साध रहे हैं।

उपचुनावों का कार्यक्रम अभी घोषित नहीं हुआ है। वर्तमान विधायकों के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने और एक विधायक की अयोग्यता के कारण उपचुनाव होने हैं। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने रविवार को कहा, सरकार भेड़ियों के हमलों को रोकने में विफल रही है। इसने पूरे राज्य के लोगों को असुरक्षित बना दिया है। उपचुनाव में हम इस मुद्दे को उठाने जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने भी कहा कि सरकार भेड़ियों के हमलों को नियंत्रित करने में विफल रही है और इन जानवरों का आतंक शहरों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, राज्य में खराब कानून व्यवस्था, फर्जी पुलिस मुठभेड़, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दे हैं। मगर भेड़ियों का आतंक भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।

दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि राज्य सरकार भेड़ियों के हमले की समस्या को हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बहराइच जिले की महसी तहसील के 50 गांवों में करीब 15 हजार की आबादी इन दिनों आदमखोर भेड़ियों के आतंक से जूझ रही है। इन जानवरों के हमलों में अब तक छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दो और लोगों की भी मौत भेड़ियों के हमलों में होने की बात कही जा रही है लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। वन विभाग ने चिह्नित किये गये छह में से चार भेड़ियों को पकड़ा है। बाकी बचे दो भेड़िये पिछले 10 दिनों से वन विभाग की 165 लोगों की टीम की पकड़ से बाहर हैं।

भेड़ियों के नाम से शुरू हुआ यह आतंक अन्य जिलों तक भी पहुंच चुका है। हालांकि दूसरे जिलों में हुए ज्यादातर हमले सियार द्वारा किये गये बताये जाते हैं। राजधानी लखनऊके पड़ोस में स्थित सीतापुर जिले में भी संदिग्ध जानवरों के हमलों की खबरें हैं। पिछली दो सितंबर को एक गांव में तीन महिलाएं अज्ञात जानवरों के हमले में घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि महिलाओं पर भेड़ियों ने हमला किया था मगर वन विभाग जानवरों के पैरों के निशान व अन्य प्रमाणों के आधार पर सियार द्वारा हमला किये जाने का शक जता रहा है। उधर, शनिवार को पीलीभीत जिले के जहानाबाद क्षेत्र के दो गांवों में कथित सियार के हमले में दो बच्चे और पांच पुरुष घायल हो गए। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी द्वारा भेड़ियों के हमलों को लेकर सरकार पर लगाये जा रहे आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता आलोक वर्मा ने कहा, चाहे जंगल के भेड़िये हों या समाज के भेड़िये, खतरनाक जानवरों को खुलेआम घूमने की इजाजत नहीं दी जा सकती। वर्मा ने कहा, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही समाज के भेडियों (अपराधियों) का समर्थन करती हैं। समाजवादी पार्टी सीधे उनका समर्थन करती है, जबकि कांग्रेस अप्रत्यक्ष रूप से उनका समर्थन करती है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राय ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर उपचुनाव लड़ने की पुष्टि करते हुए कहा, इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में उपचुनाव लड़ेंगे। हमने भाजपा और उसके सहयोगियों के पास मौजूद पांच सीटों की मांग की है। सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। समाजवादी पार्टी के राजेंद्र चौधरी ने कहा कि इस बात पर सहमति बनी है कि हम उपचुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (अखिलेश यादव) इस मुद्दे (सीट शेयर) में उदारता दिखाएंगे। जहां भी उन्हें (कांग्रेस) लगेगा कि वे जीत सकते हैं, वे सीटें उन्हें दी जाएंगी। जिन सीटों पर उपचुनाव होने हैं उनमें करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, फूलपुर, मझवां और सीसामऊ शामिल हैं। प्रदेश विधानसभा के 403 सदस्यीय सदन में भाजपा के 251 विधायक हैं, जबकि विपक्षी समाजवादी पार्टी के 105 विधायक हैं। भाजपा के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) और निषाद पार्टी के क्रमशः 13 और पांच विधायक हैं। भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दोनों सहयोगी दलों राष्ट्रीय लोकदल और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पास क्रमशः आठ और छह विधायक हैं। कांग्रेस और जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के पास दो-दो विधायक हैं, जबकि बहुजन समाज पार्टी का सदन में एक सदस्य है।

# हुड्डा ने पहलवानों का वैसा ही इस्तेमाल किया जैसे पांडवों ने द्रौपदी का किया था : बृजभूषण शरण सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**गोंडा/लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के हुड्डा परिवार ने वैसे ही पहलवानों को दांव पर लगाकर उनके (सिंह के) खिलाफ साज़िश रची जैसे महाभारत में पांडवों ने द्रौपदी को दांव पर लगाया था।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख सिंह पर पिछले वर्ष कई महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और उनके खिलाफ जांच की मांग को लेकर कई सप्ताह तक धरना दिया था। सिंह ने रविवार को अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, महाभारत में जो जुआ खेला गया था, उसमें द्रौपदी को दांव पर लगाया गया था। पांडव हार गए थे। इस मामले में पांडवों की दलीलों को देश अब भी स्वीकार नहीं कर पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हुड्डा के परिवार ने बेटियों और बहनों की इज्जत दांव पर लगाकर उनके खिलाफ साजिश रची जिसके लिए आने वाली पीढ़ी उन्हें माफ नहीं करेगी और इसके लिए उन्हें हमेशा दोषी माना जाएगा। वह हुड्डा परिवार से हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जिक्र कर रहे थे। विनेश फोगाट और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया तथा एक अन्य ओलंपिक कांस्य विजेता साक्षी मलिक ने पिछले वर्ष इस आंदोलन का नेतृत्व किया था।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ने यह भी कहा, बजरंग पुनिया की मानसिकता खराब हो गई है। उन्होंने अपनी पत्नी को दांव पर लगा दिया था। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वे बिना ट्रायल के एशियाई खेलों में खेलने क्यों गए? दिल्ली में पहलवानों के विरोध प्रदर्शन पर पूछे गए सवाल पर सिंह ने कहा, पहलवानों के विरोध का नाम मत लीजिए। दिल्ली में पहलवानों का कोई विरोध प्रदर्शन नहीं था। यह एक पारिवारिक विरोध था। जब हम पहलवान कहते हैं, तो एक समूह आ जाता है। क्या पहलवान पंजाब व हरियाणा में नहीं हैं? क्या वे महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल और हिमाचल (प्रदेश) में नहीं हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, प्रियंका गांधी भी आती थीं।

कैसरगंज सीट से भाजपा के पूर्व सांसद सिंह ने शनिवार को कहा था कि कांग्रेस ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर नियंत्रण करने की साजिश के तहत विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया को मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया। आंदोलन के कारण कैसरगंज निर्वाचन क्षेत्र से छह बार लोकसभा सदस्य रहे सिंह को भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख के पद से हटना पड़ा। वह वर्तमान में एक अदालत में आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। फोगाट और पुनिया शुक्रवार को न डरने और न पीछे हटने की शपथ के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 32 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की है जिसमें पहलवान विनेश फोगाट को जुलाना सीट से मैदान में उतारा गया है।

# अटल सदस्यता अभियान पर्व पर वृहद स्तर पर चला अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी अटल सदस्यता अभियान पर्व के तहत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकताओं के साथ कैंट विधानसभा की बूथ संख्या 100 पर वृहद स्तर पर अभियान चला कर लोगों को पार्टी सदस्य बनाया गया। अभियान में अन्य स्थानों पर बीजेपी वरिष्ठ नेता

- **क्षेत्रवासियो को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई**

और अवध क्षेत्र सदस्यता अभियान प्रमुख नीरज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, महापौर सुषमा खर्कवाल, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता ने भी सदस्यता अभियान टोलियों के साथ बूथ स्तर पर अभियान चलाया।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि नीरज सिंह ने महानगर अध्यक्ष आनद द्विवेदी के साथ कैंट विधानसभा क्षेत्र बूथ संख्या 70 पर अखिल भारतीय ब्रह्म समाज द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में और पश्चिम



विधानसभा में ग्राम हयात की बूथ संख्या 4 और 5 के क्षेत्रवासियो को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।इससे पूर्व प्रातः बाराबंकी जनपथ में सदर विधानसभा के गांव खासपरिया के बूथ संख्या 212 और 213 में भी सदस्यता अभियान चलाया जिसमे एमएलसी अंगद सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

एमएलसी मुकेश शर्मा ने पश्चिम विधानसभा के आचार्य नरेंद्र देव वार्ड की बूथ संख्या 235 पर अंजनी श्रीवास्तव और कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान चलाया।नीरज सिंह ने ज्ञान के तहत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए अभियान में भाजपा अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर रिकॉर्ड सदस्य बनाएगी। उन्होंने कहा की तीन दिन में एक करोड़ सदस्य बनकर इसकी बुनियाद रखी जा चुकी है। सदस्य संगठन की आत्मा है।

उत्साह से लबरेज युवाओं को संबोधित करते हुए नीरज सिंह ने कहा की भाजपा का परिवार बढ़ता ही चला जा रहा है क्योंकि हमारा संगठन भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत है। देश की रक्षा के लिए हमारे नेता अपनी आहुति देने से पीछे नहीं हटे। हमारी पार्टी को किसी अंग्रेज ने नही बनाया पर हमारे नेता डॉक्टर मुखर्जी ने देश प्रेम की भावना से बीजेपी की बुनियाद रखी। कांग्रेस के लचर रवैया के खिलाफ वो युवा खड़े हुए और हमारे पार्टी की बुनियाद रखी। हमारे नेताओं ने सत्ता का त्याग करके राष्ट्रीय विचारधारा की बुनियाद पर पार्टी को खड़ा किया। कभी भी सत्ता प्राप्ति के लिए हमारे नेताओं ने काम नहीं किया। हमारे लिए व्यक्ति से बड़ी पार्टी और पार्टी से बड़ा देश है।

उन्होंने कहा की नरेंद्र मोदी के शासनकाल में देश की प्रतिष्ठा बड़ी है। विश्व में मोदी जी शांति का नया संदेश दे रहे है। हमारे नेता को पूरा देश सुन रहा है। रूस और यूक्रेन में हो रहे युद्ध को समझौता की ओर मोदी ले जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं की विश्व में कभी ऐसी गंभीरता नही थी। उन्होंने कहा की कुछ पार्टी धर्म और जाति पर देश को बांट रही है। हमको उनको मुंह तोड़ जवाब देना होगा। उन्होंने की ये नरेंद्र मोदी का ही नेतृत्व है कि बांग्लादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री को हमारे देश में शरण दी है। उन्होंने कहा की देश ने आज हर क्षेत्र में तरक्की की है। रक्षा के क्षेत्र में आज हम 83 प्रकार के हथियार निर्यात कर रहें है। रूस और अमरीका की तरफ हमको देखने की आवश्यकता नहीं है। अटल की कविता से भरा जोश बीजेपी के नेता नीरज सिंह ने अपने संबोधन में कई बार पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को याद किया। उन्होंने कहा की हार में न जीत में किंचित नही भयभीत मैं....से हमको सीख मिलती है की हमको लगातार देश और समाज के लिए काम करना है। कार्यक्रम के बाद श्री सिंह ने गांव का भ्रमण कर घर घर लोगों से मिले और बीजेपी की सदस्यता अभियान को गांवों के लोगों तक पहुंचाया।

# कुंभनगरी प्रयागराज के गंगा और यमुना के घाटों का कायाकल्प कर रही है योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**प्रयागराज/लखनऊ।** योगी सरकार बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की तर्ज पर कुंभ नगरी प्रयागराज के घाटों का पुनरुद्धार करा रही है। इसके तहत गंगा और यमुना नदी के सात घाटों को नव्य स्वरूप दिया जा रहा है। इसका लगभग पचास प्रतिशत काम पूरा हो गया है। जानकारों की मानें तो इन घाटों के सौंदर्यीकरण का काम महाकुंभ से पहले पूरा कर लिया जाएगा। वहीं घाटों पर पर्यटकों की सहूलियत की अन्य व्यवस्था पर भी फोकस किया जा रहा है ताकि वह यहां पर अपना समय व्यतीत कर सकें।

**11 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहा है घाटों का पुनरुद्धार**

महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र गंगा और यमुना के घाट होते हैं। वह इन घाटों पर गंगा और यमुना की पावन धारा में डुबकी लगाते हैं। ऐसे में योगी सरकार इन घाटों का कायाकल्प कर रही है। जल निगम के कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन डिवीजन की तरफ से गंगा और यमुना नदी के इन सात घाटों को नव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित कुमार राणा ने बताया कि 11.01 करोड़ की लागत से घाटों का कायाकल्प किया जा रहा है। अब तक प्रोजेक्ट का लगभग पचास

- **11 करोड़ से अधिक की लागत से शहर के सात घाटों को दिया जा रहा है नव्य स्वरूप**
- **घाटों पर छतरी, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था और पर्यटकों के बैठने की उचित व्यवस्था की जा रही**

फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि बाढ़ का पानी कम होने के बाद काम में और गति आएगी।

**इन घाटों का हो रहा है कायाकल्प :** गंगा और यमुना नदी के जिन 7 घाटों का कायाकल्प किया जा रहा है, उनमें बलुआ घाट, कालीघाट, रसूलाबाद घाट, छतनाग घाट झूंसी, नागेश्वर घाट झूंसी, मौजगिरी घाट और पुराना अरैल घाट शामिल हैं। इन घाटों में मौजगिरी घाट का 40 फीसदी, नागेश्वर घाट का 35 फीसदी, छतनाग घाट का 30 फीसदी, रसूलाबाद घाट का 35 फीसदी, बलुआ घाट का 35 फीसदी, पुराना अरैल घाट का 40 फीसदी और कालीघाट का 50 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। बताया जा रहा है कि नवंबर के पहले सभी घाटों का सौंदर्यीकरण और सुविधा विस्तार का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। बता दें कि कुंभ मेला प्रशासन की प्राथमिकता महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को उच्च दर्जे की सुविधा प्रदान करना है।

ऐसे में घाटों का आधुनिकीकरण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। वहीं इन सुदंर और स्वच्छ बनाने के लिए हरित पट्टी को भी विकसित किया जा रहा है। इन घाटों पर छतरी, हाईमास्ट, पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है। वहीं स्वच्छ पानी के लिए आरओ को लगाया गया है जबकि सचल टॉयलेट और चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की गयी है। इसी तरह बैठने के लिए बेंच की भी व्यवस्था की जा रही है।

संक्षेप

## वांछित धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने वांछित को हिरासत में लेने में सफलता ली है। रविवार को दरोगा अजीत कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स ने कुम्भीआइमा निवासी आरोपी नूर मोहम्मद के पुत्र दद्दू तथा उमरार के पूरे ठाकुराइन का पुरवा रतीपाल कोरी पुत्र दुर्गा प्रसाद को घर से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## धराये गये आरोपी, गये जेल

प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने गश्त के दौरान सीओ समेत पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमले के दो आरोपियों को धर दबोचा। दरोगा भुवाल सिंह रविवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सूचना मिलने पर लालगंज थाना के अचकवापुर कटरा दुग्धा निवासी भीष्म यादव के पुत्र कल्लू को हिरासत में ले लिया। वहीं कोतवाली के दरोगा सुरेन्द्र सिंह ने गश्त के दौरान संग्रामगढ़ थाना के करमाईन निवासी गुलाब सिंह पुत्र मुनेश्वर सिंह व दखवापुर निवासी राधेश्याम सोनी को बाभन की बखरी के पास से हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

## जमीनी विवाद में सिर फुटव्वल, तीन रेफर

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में चले लाठी डंडे को लेकर चार लोग गम्भीर रूप से चुटहिल हो गये। इनमें से तीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लीलापुर थाने के छेमर सरैंया गांव में जमीनी विवाद को लेकर रविवार की सुबह करीब नौ बजे दो पक्षों में मारपीट हो गयी। गांव के रामदास की पत्नी राजवती का आरोप है कि जमीनी विवाद में उसकी बहू मंजू ने कुछ बाहरी व्यक्तियों को बुलवाकर मारपीट की। मारपीट की घटना में सुरेश कुमार की पत्नी उमा, रामदास के पुत्र उमेश तथा सरयू प्रसाद के पुत्र रामदास व उमेश की पत्नी इन्द्रवती घायल हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को लालगंज ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भेजवाया। यहां गम्भीर दशा में चुटहिल उमा, उमेश व इन्द्रावती को प्रारम्भिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह का कहना है घटना की जांच की जा रही है। जांचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## बाबा घुइसरनाथ धाम में 15 को लगेगा स्वास्थ शिविर

लालगंज, प्रतापगढ़। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में आगामी पन्द्रह सितम्बर को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों को लेकर रविवार को आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में शिविर के संयोजक कुलभूषण शुक्ल ने बताया कि इरकान इंटरनेशनल लिमिटेड नई दिल्ली के सहयोग से बाबा धाम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इसका शुभारम्भ इरकान की स्वतंत्र निदेशक रंजना उपाध्याय करेगी। शिविर में सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल व सीएमओ डॉ. अच्युत नारायण प्रसाद व सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने यह भी बताया किशिविर में चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीमों द्वारा सभी बीमारियों का परीक्षण एवं उपचार व जरूरी जांच की सुविधा प्रदान होगी। बैठक में डॉ. अरूण द्विवेदी, कुल दीपक शुक्ल, किरन सिंह, दिनेश कुमार मिश्र, डॉ. डीएस मिश्र, डॉ. विकास उपध्याय, सुरेन्द्र मिश्र, आशुतोष मिश्र आदि रहे।

## औषधि प्रशासन विभाग ने की व्यापारी मंडल के साथ बैठक

मथुरा। राधा अष्टमी महोत्सव के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बरसाने के बाजार में निरीक्षण किया गया एवं खाद्य पदार्थों के 9 नमूने संग्रह कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किए गए एवं इसी क्रम में व्यापारी मण्डल के साथ बैठक की गई जिसमें व्यापारियों को मेले में पॉलिथीन का प्रयोग न करने हेतु जागरूक किया गया तथा अपनी खाद्य प्रतिष्ठानों के आसपास साफ सफाई रखें, ढक्कनदार डस्टबिन रखें, खाद्य पदार्थों की रेट लिस्ट अपनी प्रतिष्ठानों पर चस्पा करने , व कालातीत खाद्य पदार्थ विक्रय ना हो इसका विशेष ध्यान रखें , अपनी-अपने प्रतिष्ठानों पर खाद्य लाइसेंस प्रदर्शित करेंगे आदि के संबंध में निर्देश दिए गए निर्देश दिए गए।

# कृष्ण लीलाओं को कैनवास पर उतारेंगे चित्रकार

- उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के चित्रांकन शिविर गीता शोध संस्थान वृंदावन में 10 सितम्बर से, लगेगी चित्र प्रदर्शनी

मथुरा। उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के आमंत्रण पर देश के दर्जन भर राज्यों के चित्रकार तीन दिन तक वृंदावन में जुटेंगे। वह अपनी तूलिका से श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को कैनवास पर रंगों से उतारेंगे। श्रीकृष्ण के 5251वें जन्मोत्सव के आयोजनों के क्रम में श्रीकृष्ण राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर (नेशनल आर्ट वर्कशाप) का यह आयोजन 10 से 12 सितम्बर तक चलेगा। शिविर गत वर्ष की भांति वृन्दावन स्थित गीता शोध संस्थान

### 11 राज्यों के चित्रकार आमंत्रित

एवं रासलीला अकादमी में आयोजित होगा। यह राष्ट्रीय स्तर का है जिसमें देश के नामचीन चित्रकार भाग लेंगे। ज्यादातर चित्रकारों की



चित्र प्रदर्शनी देश व विदेश में लग चुकी हैं। उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ उमेश चंद्र शर्मा के अनुसार 10 सितम्बर 2024 को प्रातः 11.00 बजे चित्रकारों के परिचय के साथ राष्ट्रीय शिविर का शुभारंभ किया जायेगा।समापन 12 सितम्बर 2024 को बने हुये चित्रों की प्रदर्शनी के साथ होगा। चित्रांकन शिविर के सह संयोजक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि वर्ष 2022 से ये शिविर लगातार श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर आयोजित किए जाते रहे हैं। कैनवास पर जो चित्र बनाये जाते हैं उन्हें उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद व अन्य विभिन्न विभागों में लगाया जाता है। शिविर में चित्रकार अलग-अलग शैली में चित्र तैयार करेंगे। इसमें मुख्य रूप से नाथद्वारा शैली, पहाड़ की शैली, गुजरात की शैली एवं अन्य शैलियों में कृष्ण की लीलाओं के चित्र तैयार किए जाएंगे। उन्होंने स्कूलों के प्रबंधन से आग्रह किया है कि वे बच्चों को चित्र बनाते हुए चित्रकारों को देखने व लीलाओं के चित्रों का अवलोकन करने गीता शोध संस्थान वृंदावन भेजें।

## संस्कार भारती के कला प्रमुख अनिल सोनी को ललित कला अकादमी का सदस्य चुने जाने पर बधाई

मथुरा। दुनिया भर में अपनी चित्रकला से पहचान बनाने वाले संस्कार भारती, मथुरा के कला व रंगोली विधा प्रमुख अनिल सोनी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ललित कला अकादमी का सदस्य नामित किया गया। इस महत्वपूर्ण पद पर नामित होना ब्रज क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

संस्कार भारती मथुरा महानगर ने आपको ‟कला गुरु सम्मान” प्रदान किया था। श्री सोनी को उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी का सदस्य नामित किए जाने पर संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने बधाई दी। जिनमें प्रमुख हैं शिव कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र सक्सेना,जय प्रकाश शर्मा, अनूप माहेश्वरी, रेखा माहेश्वरी, भारत भूषण सिंघल, चारु सिंघल, कृष्ण गोपाल सिंघल, हृदेश शर्मा, अनीता शर्मा, नीलम सक्सेना, डा. विनीता गुप्ता, मनोज सक्सेना और बिन्नी गुप्ता आदि।

# सदस्यों के लिए हर समय खड़ा रहेगा पीपीए : चन्द्रभान तिवारी

## उपनगर गोला में आयोजित हुई पीपीए की मासिक बैठक



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित वीएसएवी पीजी कालेज में पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई गोला की मासिक बैठक तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन की मजबूती व विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया।

बैठक को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान तिवारी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर सदस्य आगे आवें। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन अपने

सदस्यों के हर समस्याओं में साथ खड़ा रहता है इसलिए सभी सदस्य एक साथ मिल कर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करे। विशिष्ठ अतिथि मीडिया प्रभारी प्रकाश चंद्र पाण्डेय व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नागेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि पीपीए संगठन एक ऐसा संगठन है जो पत्रकार हित में कार्य करता है और अपने सदस्यों के समस्याओं के प्रति जागरूक हो कर समस्याओं का निदान कराने का भरपूर सहयोग करता है। संचालन जिला महामंत्री जनार्दन कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर तहसील संरक्षक राकेश कुमार यादव,मंडल महामंत्री रामसजीवन मिश्रा,ज्ञानवेन्द्र मिश्रा,निलेश तिवारी,विपिन त्रिपाठी,राजेश पाण्डेय,अरूण कुमार गुप्ता,राजकुमार हिन्दुस्तानी,चन्द्रप्रकाश विश्वकर्मा,दिवाकर राय,बसंत यादव,कृष्ण कुमार गौड,विनय गुप्ता,सरफराज अहमद,राजीव जायसवाल,सरवेन्द्र दूबे,बृजभूषण दूबे सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# गोतस्करी का पर्दाफाश, चार अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा वांछित वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तुलसीपुर क्षेत्र अन्तर्गत गोहत्या हेतु गोतस्करी की हुई घटना के सफल अनावरण हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राकेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह थाना तुलसीपुर के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं 201/24 धारा 109/121(1)/61(2)इठर व 3/5ख/8(1)गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 बनाम 1 वाहन सं0 4779 का चालक जुबैर कुरैशी पुत्र फिरासत नि0 घेरमदार्ना खाँ रामपुर सिटी जनपद रामपुर. वाहन सं0 वढ22 इळ 2031 का वाहन स्वामी आरिफ अली पुत्र मो0 हनीफ 352 रामपुर बिलासपुर रोड रामपुर. वाहन सं0 2031 का चालक नाम पता अज्ञात की विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्तगण बाबू खां उर्फ निरहू पुत्र सफीक, मुस्तकीम पुत्र रियासत नि0गण गुदरा जद्दापुर थाना तुलसीपुर, मो0 शमीम पुत्र मो0 छीटन, मजहर खां पुत्र शमसुल्लाह खां नि0गण गुलहरिया घाट तुरकौलिया थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को गठित टीम द्वारा कहांरनडीह गांव के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता 1.बाबू खां उर्फ निरहू पुत्र सफीक 2. मुस्तकीम पुत्र रियासत नि0गण गुदरा जद्दापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर 3. मो0 शमीम पुत्र मो0 छीटन 4.मजहर खां पुत्र शमसुल्लाह खां नि0गण गुलहरिया घाट तुरकौलिया थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर। पुलिस के अनुसार 1 सितंबर को थाना तुलसीपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि गुलरिहा घाट के पास सिवान में कुछ लोग पिकअप पर गोवंशीय पशुओं को लाद रहे हैं। उक्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अपने अन्य पुलिस बल के साथ गुलरिहा घाट पहुंचे तो गुलरिहा घाट से सिवान की ओर बढ़े कि एक पिकअप तेजी से हम लोगों के तरफ आई कि पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन पिकअप चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। जिसके सम्बन्ध में थानाध्यक्ष गौरा चौराहा व डीसीआर को सूचना दी गई। आगे बढ़ने पर एक पिकअप पर तीन जानवर लदे पाए गए। भागे हुए पिकअप का पीछा किया गया तो गौरा रोड पर उक्त वाहन अपराधी छोड़ कर अन्धेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गये। उक्त वाहन में पांच जानवर लदे पाए गए। अज्ञात पिकअप वाहन को बरामद कर लिया गया था। इस घटना के दौरान पिकअप का पीछा करते समय पिकअप चालक ने आरक्षी मनीष कुमार पर डंडे से वार कर दिया और पिकअप को पुलिस वालों के ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया इस दौरान आरक्षी के गम्भीर चोटे भी आई थी।

## हरिदास नगर में भक्ति सरिता का हुआ प्रवाह

वृंदावन। हरिदास नगर स्थित श्री हरिदास सेवा संस्थान के तत्वावधान में स्वामी हरिदास महाराज प्रादुर्भाव समारोह के अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक ब्रज रसिक जे एस आर मधुकर ने भक्ति, राग और सुरों की

- जेएसआर मधुकर के भजनों पर रीझे भक्त

त्रिवेणी प्रवाहित की। माई री सहज जोरी प्रकट भई, हित तो कीजै कमल नैन सौं, हमारी माइ श्यामा जू को राज, श्री हरिदास गांउ विपुल प्रेम पाउं, मेरी श्यामा जू मेहरबान, आनंद भयों की बिरज में, इक कोर कृपा की कर दो श्री राधे जैसे भक्ति रस से सराबोर भजनों का गायन सुनकर बृजवासी और रसिक श्रोता भावविभोर हो गए। गायन में उनका साथ शशि सखी, भावना सखी, लक्ष्य और मयंक आदि ने दिया। इस दौरान बाबा दयाल दास, बाबा रतन दास। महाराज, विक्रम भुवालका, बिष्णुदान शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सैनिक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार



इटावा। समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आज पार्टी कार्यालय इटावा में संपन्न हुई जिसमें हर बूथ स्तर पर पूर्व सैनिको को जिम्मेदारी देकर संगठन की मजबूती और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कमलेश चन्द्र एवं संचालन प्रवक्ता शिव शंकर यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव विश्राम सिंह यादव ने बताया कि देश की सेवा और सैनिकों के लिए हमारे आदरणीय धरतीपुत्र पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने सैनिकों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक भेजने की व्यवस्था की। मंडल प्रभारी जयबीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश यादव, प्रवक्ता शिवशंकर यादव आदि वक्ताओं ने सेना की गरिमा एवम देश की सुरक्षा के लिए बताया कि थल सेना, नौसेना एवम वायु सेना मिलकर भारतीय सशस्त्र बल कहलाते हैं। देश की सुरक्षा के लिए इन्हें कब और कहां पर कार्य करना है, तथा इनसे संबंधित सभी प्रकार की नीतियां तथा रूपरेखा बनाने की प्रमुख जिम्मेदारी रक्षा मंत्रालय की है। रक्षा मंत्रालय को अग्नि वीर योजना को हटाकर पहले जैसी सेना भर्ती करनी चाहिए। जिससे हमारे राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित रहे। जिलाध्यक्ष कमलेश चन्द्र ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर रामतेज सिंह, संग्राम सिंह, सुबोध कुमार, महासचिव पद पर संजीव कुमार, सचिव पद पर क्रमशः रघुराज सिंह, मुन्नालाल पाल, घनश्याम सिंह राजपूत, दिनेश यादव, अवधेश कुमार सक्सेना, भगवत सिंह, थान सिंह, नागेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, बलबीर सिंह यादव, संगठन मंत्री पद पर कायम सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर मेघ सिंह विधानसभा अध्यक्ष पद पर भरथना से मेहरबान सिंह, इटावा से महेश चन्द यादव, जशवंतनगर से मुकेश कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष पद पर भरथना से अमित कुमार, महेवा से राकेश कुमार शाक्य, चकरनगर से ताहर सिंह, जशवंतनगर से चंद्रपाल सिंह,बढ़पुरा से सुखवीर सिंह, बसरेहर से रामवीर सिंह, ताखा से कल्लू यादव, सैफई से शिवराखन सिंह को मनोनित करते हुए मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान विक्की गुप्ता मीडिया प्रभारी, रामगोपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, सूबेदार सिंह, रामशंकर सिंह कठेरिया सहित सैकड़ों पूर्व सैनिक एवम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुनिया में भारत का ज्ञान- विज्ञान है सर्वश्रेष्ठ : प्रो. शिवाकांत

## सरस्वती विद्या मंदिर में काशी प्रान्त के तीन दिवसीय प्रांतीय विज्ञान मेले का हुआ भव्य शुभारम्भ



प्रतापगढ़। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में भारतीय शिक्षा समिति काशी प्रान्त के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय विज्ञान मेले का रविवार को भव्य समारोह के मध्य शुभारम्भ हुआ।

विद्यालय के प्रबन्धक एवं पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकान्त ओझा तथा एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ0 राममनोहर एवं प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना तथा वैदिक आरती की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रान्तीय विज्ञान मेले में प्रतापगढ़ के अलावा प्रदेश के जौनपुर, सुल्तानपुर, वाराणसी, सोनभद्र आदि जिलों से विद्या भारती के विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकान्त ओझा ने कहा कि दुनिया में भारत का ज्ञान और विज्ञान सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि भारतीय मेधा ने विश्व पटल पर शान्ति तथा विकास के लिए वैज्ञानिकता का पथ सशक्त कर रखा है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ0 राममनोहर ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली आदि काल से से वैज्ञानिक भाव से परिपूर्णरही है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ही विज्ञान के आधार पर विकसित हो रही है। अध्यक्षता करते हुए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि संस्कृति परक शिक्षा के साथ ज्ञान और विज्ञान के प्रति मेधावियों को दक्ष बनाये जाना चाहिए। प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी ने भी विज्ञान और संस्कृति पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को जीवन में सफलता के लिए विज्ञान की शिक्षा गुणवत्तापरक दी जानी चाहिए।

इसके पूर्व उद्घाटन सत्र में छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। सरस्वती शिक्षण संस्थान के निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदोषनारायण सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर आचार्य बलवन्त, प्रभाकर शुक्ल, केशवराम ओझा, हर्षद शुक्ला, उमेश पाल मिश्र, वैभव त्रिपाठी, प्रमोद पाण्डेय, जीतेन्द्र सिंह आदि रहे।

## अजगरा धाम में पारम्परिक मेले का शुभारम्भ, उत्साह का माहौल



प्रतापगढ़। पौराणिक स्थली अजगरा में ऋषि पंचमी पर परम्परागत मेले का रविवार को आगाज हुआ दिखा। परम्परागत मेले में महाभारत कालीन सरोवर के साथ श्रद्धालुओं ने अजगर बाबा मंदिर में मत्था टेका। मेले का शुभारम्भ महंथ बाबा मंगल गिरि तथा संरक्षक साहित्यकार डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय निर्झर प्रतापगढ़ी व समाजसेवी सीवी सिंह ने पीतल का कलश अर्पित कर अजगर बाबा को नमन किया। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण उत्साह में जुटे दिखे। हालांकि प्रशासनिक तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अजगरा धाम में कई वर्षों से होने वाला सांस्कृतिक महोत्सव इस बार बजट न होने से सम्पन्न नहीं कराया जा सका। इसे लेकर क्षेत्रीय लोगों में निराशा भी देखी गयी। सुरक्षा की दृष्टि से इलाकाई पुलिस मेला स्थल पर तैनात देखी गयी। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने भी दोपहर अजगरा धाम पहुंचकर प्रबंधों का जायजा लिया।

## 3 पारिवारिक विवाद का सफल निस्तारण




बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें 03 पत्रावली का सफल निस्तारण संभव हुआ पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, तनवीर जहां, वंदना मिश्रा, देवतादीन दूबे, महिला थाना प्रभारी श्रीमती विनीता चतुवेर्दी, महिला सिपाही गुलअफ्शा बानो, हेमा व ज्योति का सराहनीय रहा।

## ग्राम पंचायत में प्रतिदिन नहीं होती सफाई: उदयभान

इटावा। जनपद के आठ ब्लॉक की कुल 467 ग्राम सभा में से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद में लगभग 700, राजस्व ग्राम के लिए लगभग 700, सफाई कर्मचारी की भी नियुक्ति भी की गई थी। ग्रामसभा में कम से कम एक और जिस ग्रामसभा में एक से एक अधिक राजस्व ग्राम है उनमें 2 सफाई कर्मचारी तैनाती करने का नियम है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव ने कहा कि ग्राम सभा में सफाई कर्मचारी को मनमाने तरीके और सत्ता पक्ष के इशारे पर नियुक्त किया गया प्रतीत होता है। इसमें सरकार का यह नारा भी खोखला नजर आ रहा है जिसमे कहा गया है कि सबका साथ सबका विकास। सफाई व्यवस्था का आलम यह है की प्रतिदिन सफाई तो आज तक किसी ग्रामसभा में देखना सपना देखने के समान है। अभी हाल ही मनाए गए राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्म के पर्व पर भी सफाई नही हो पाई थी। उदयभान सिंह ने कहा की जिला पंचायत राज अधिकारी का ध्यान केवल इस पर रहता है कौन से सफाई कर्मचारी का तबादला कहा करना है और किसका वेतन रोकना है ग्रामसभा में कहां गंदगी फैली है उससे कितने संक्रामक रोग फैल सकते इस पर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है की सभी राजस्व ग्राम में सफाई की व्यवस्था हो और जो सफाई कर्मचारी अधिकारियों के यहां कार्य कर रहे है उनको उनके नियुक्ति स्थल पर तैनात किया जाए जिससे ग्राम में सफाई व्यवस्था में मानक का पालन हो सके।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने मिलाया दो परिवार को

इटावा। महिला थाना में परिवार परामर्श केन्द्र पर दो परिवारों के बीच कराया गया समझौता। एसएसपी निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना में उ.नि. अकांक्षा सिंह व महिला आरक्षी व थाने के समस्त कर्मचारी गण परिवार परामर्श केंद्र में मौजूद रहे। सभी की मौजूदगी में परिवार परामर्श केंद्र की 30 पत्रावलियों में सुनवाई की गई जिसमें 11 पत्रावलियों में दोनों पक्ष उपस्थित रहे। 10 पत्रावलियों में दोनों पक्ष अनुपस्थित रहे। 6 पत्रावलियों मे एक पक्ष उपस्थित है जिसमें परिवार परामर्श केंद्र के सभी सदस्यों द्वारा एवं थाने के अधिकारी, कर्मचारी के समझाने के बाद दो परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया। शेष पत्रावलियों में अग्रिम तिथि दी गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों को केन्द्र पर बुलाया गया एवं परिवारिक महत्व के बारे में समझाया गया। जिसके परिणामस्वरूप पति-पत्नी आपसी मन-मुटाव भुलाकर साथ-साथ रहने को तैयार हो गये और खुशी-खुशी अपने घर चले गये। परिवार परामर्श केन्द्र बिखरे हुए परिवारों को बसाने में अहम भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इस पुनीत कार्य में महिला थाना की महिला आरक्षियों का भी सहयोग रहा।

## हुसैन को चाहने वाला कभी जालिम की हिमायत नहीं करेगा: मौलाना सदाकत

इटावा। इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में दरगाह मौला अब्बास महेरा स्थित नोहाख़्वान तनवीर हसन के आवास और टीचर्स कालोनी में अली साबिर के घर मजलिसों का आयोजन किया गया। महेरे पर आयोजित मजलिस में फरुर्खाबाद आये मौलाना सदाकत हुसैन ने तकरीर करते हुए कहा अल्लाह ने कायनात को इंसान के लिए और इंसान को अपने लिए पैदा किया। रसूल ने जिसे इमाम बताया हमने उसे इमाम मानकर सुन्नते रसूल पर अमल किया। मजलिसों में नमाज, रोजा, हज का एहतराम सिखाया जाता है। मजलिसें इंसान को हुसैन के करीब ले जाती हैं। मस्जिदों में कुरान पढ़ाया जाता है और मजलिसों में कुरान समझाया जाता है, इमाम हुसैन ने कर्बला में नोके नेजे पर कटे हुए सिर से कुरान की तिलावत करके साबित कर दिया कि हुसैन कुरान से कभी जुदा नही होगा। इमाम हुसैन का चाहने वाला कभी जालिम की हिमायत नहीं करेगा। टीचर्स कालोनी में आयोजित मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने तकरीर करते हुए कहा अली हर जगह रसूल अल्लाह की मदद की रसूल की शबे हिजरत मौला अली रसूल के बिस्तर पर सोए। कर्बला में इमाम हुसैन ने रसूल के दीन को बचाने के लिए 72 कुर्बानियां पेश कीं। मजलिसों में तसलीम रजा, सलीम रजा, सफीर हैदर ने सोजख्वानी की। अश्शू रिजवी, अली अब्बास सलमान, तालिब रिजवी, मो. सादिक, कैफ वारसी, मो. यूसुफ, मो. वली, अली तबरेज, गाजी, ने कलाम पेश किए। अख्तर अब्बास, ने नोहाख़्वानी की। शावेज नकवी ने बताया कि आज 5 रवीऊल अव्वल 9 सितम्बर दिन सोमवार को इमाम बारगाह अजमत अली पर स्व. शबी रजा द्वारा स्थापित मजलिस सगीर रजा की ओर से होगी।

## सुनील टंडन रामलीला समिति अध्यक्ष बने

इकदिल। प्रताप रामलीला समिति की एक बैठक टंडन मैरिज इकदिल में प्रमोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। संचालन मंत्री रजत वर्मा ने किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सुनील टंडन एड. को पुनः रामलीला समिति का अध्यक्ष चुना गया। उनके द्वारा शीघ्र की पूरी कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। एक अक्तूबर को भगवान शंकर की बरात निकाली जायेगी। तीन अक्तूबर से मंचीय कार्यक्रम शुरू होगें। छह अक्तूबर को लक्ष्मण परशुराम संवाद, तेरह अक्तूबर को रावण व मेला, चैदह अक्तूबर को भरत मिलाप व कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सुघर सिंह राजपूत, डॉ.सुशील सम्राट, उमेश राजपूत डुल्लें, दीपक गोयल, महेश राजपूत, प्रतीक तिवारी, पूनम टंडन, रियाज अंसारी, सभासद सुनील राजपूत, रामप्रबल शर्मा, मु. नदीम, मु. फारुख, सोनू पाल, चिराग राजपूत, रोहित राजपूत, उत्तम राजपूत चुल्ले राजपूत, राकेश वर्मा एड, सनमुखम राजपूत आदि उपस्थित थे।

संक्षेप

## सड़क हादसों में तीन घायल

इटावा। चैबिया थाना अंतर्गत नगजला हरजू में बाइकों की भिड़ंत में अंकित द्विवेदी पुत्र रमाकांत निवासी नगला डलिया बेबर, मैनपुरी, सिविल लाइंस थाना अंतर्गत नगला कन्हई में बाक की टक्कर से मदन मोहन पुत्र विद्याराम निवासी प्रतापपुरा, जसवंतनगर, फ्रेंड्स कालोनी थाना अंतर्गत विजयनगर चैराहे पर ई-रिक्शा की टक्कर से स्कूटी सवार सतेंद्र सिह भदौरिया पुत्र जगमोहन निवासी आइटीआइ फ्रेंड्स कालोनी घायल हो गए।

## पारिवारिक झगड़े में पुत्रियों सहित मां घायल

इटावा। इकदिल थाने के ग्राम हरचंदपुरा में कुंवर सिंह ने अपनी पत्नी शिवलेश के नाम दानपत्र कर दिया। इसी को लेकर उनका भाई से झगड़ा हो गया। मारपीट में शिवलेश घायल हो गईं तथा उनकी पुत्री दिव्या व वर्षा को हल्की चोट आई। दूसरे पक्ष से उमा व श्यामा घायल हो गईं। शिवलेश ने थाने में जेठ सोबरन सिंह, उनके पुत्र सर्वेश, राजकुमार तथा उमा व श्यामा के विरुद्ध तहरीर दी है।

## संरक्षक मनोनीत हुए पं. जितेन्द्र

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने छिपैटी निवासी प्रमुख समाजसेवी पं. जितेंद्र दुबे दद्दू को समिति का संरक्षक मंडल का सदस्य मनोनीत किया है। प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने उक्त जानकारी ने दी है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सम्राट ने श्री दुबे से आशा व्यक्त की है कि वह समिति को सक्रियता प्रदान करने में अपनी अहम्‍ भूमिका निभायेगें स श्री दुबे के मनोनयन पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## मीरा बनी नगर मंत्री

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन, जिलाकोषाध्यक्ष सर्वेश चैहान के नेतृत्व में महिला व्यापारी मीरा ने व्यापार मंडल की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। महिला जिलामहामंत्री पूर्वी सक्सेना ने मीरा को महिला व्यापार मंडल में नगर मंत्री मनोनीत किया। व्यापार मंडल की आजीवन सदस्यता रशीद एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, जिलाप्रवक्ता इकरार अहमद, युवा जिलाउपाध्यक्ष रविंद्र सिंह कुशवाहा, युवा जिलामहामंत्री रंजीत कुशवाहा सहित स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे।

## छठी उत्सव पर भव्य भजन कीर्तन का होगा आयोजन

मेरठ । सोमवार को सदर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में भगवान बलदेव जी के जन्म के उपलक्ष्य में भगवान की छटी का आयोजन सुबह 9 बजे से भजन कीर्तन और दोपहर 12:30 बजे 56 भोग का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित गणेश दत्त शर्मा एवं महामंत्री राशि शर्मा और मुख्य सेवक मंदिर दिनेश गोयल के मार्ग दर्शन में किया जा रहा है। श्री भगवान जगन्नाथ स्वामी जी मंदिर समिति ट्रस्ट इस धार्मिक कार्यक्रम की एक मात्र आयोजक है और कुछ विशेष सेवक गण इस कार्य क्रम के भागीदार एवं सहयोग करता हैं। किसी भी प्रकार की कोई भी समिति एवं अन्य ट्रस्ट इस कार्यक्रम की मददगार, आयोजक नहीं है। यह जानकारी मंदिर समिति ट्रस्ट की महामंत्री अधिवक्ता राशि शर्मा ने दी है ।

## राम चरित मानस का प्रामाणिक पाठ समय की मांग: साहित्येन्दु

कादीपुर, सुलतानपुर । राम चरित मानस का प्रामाणिक पाठ समय और समाज की मांग है। इस अनिवार्य काम को करके कृष्ण मणि चतुवेर्दी मैत्रेय ने जनता का उपकार किया है। यह बातें संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येन्दु ने कहीं। वे सरिता लोकसेवा संस्थान द्वारा विक्रम भवन में साहित्यकार व रामकथा वाचक कृष्णमणि चतुवेर्दी मैत्रेय द्वारा किए जा रहे तुलसीदास कृत राम चरित मानस का प्रामाणिक पाठ और टीका विषय पर आयोजित परिचर्चा को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने कहा कि मैत्रेय का यह काम केवल साहित्यिक ही नहीं धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। विद्वानों को इस कार्य का सम्मान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि चर्चित गद्यकार दिनेश प्रताप सिंह चित्रेश ने कहा कि रामचरित मानस हिन्दी की सर्वाधिक चर्चित कृति है।

# धूमधाम से मना महर्षि कश्यप का जन्म उत्सव

## महर्षि कश्यप की झांकी के साथ शहर में निकली भव्य झांकी शोभा यात्रा



गोरखपुर। गोरखपुर में कसौधन समाज के लोगों ने गत वर्षो की भांति इस साल भी कसौधन सेवा समिति रूस्तमपुर के तत्वाधान में रविवार को महर्षि कश्यप ऋषि का जन्म उत्सव हर्षोल्लास के साथ धूम धाम से मनाया। इस अवसर पर महर्षि कश्यप की झांकी के साथ शहर में भव्य झांकी शोभा यात्रा भी निकाली। शोभा यात्रा पर जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया। तो वही समाज के लोगों ने जगह-जगह जलपान का भी इंतजाम किया था। शोभा यात्रा में भारी संख्या में कसौधन समाज के महिला-पुरूष, नौजवान व बच्चे शामिल रहे ?।

कसौधन सेवा समिति-रूस्तमपुर के अध्यक्ष रामदयाल गुप्ता कसौधन, उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ कसौधन व सतीश्वर कसौधन तथा महासचिव सुशील कुमार व कोषाध्यक्ष भोलानाथ कसौधन के नेतृत्व में रविवार पूर्वान्ह 11 बजे बगहा बाबा मंदिर से ढोल-नगाड़े व ध्वज-पताका के साथ भव्य झांकी शोभा यात्रा निकली। जहां बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय वर्षीय कसौधन महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग बलि कसौधन व पूर्व महापौर प्रत्याशी रहे वरिष्ठ समाजसेवी हरगोविंद 'प्रवाह' ने महर्षि कश्यप के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करने के बाद झांकी की आरती उतारने के बाद झंडी दिखाकर

शोभा यात्रा को रवाना किया। शोभा यात्रा बगहा बाबा मंदिर से निकलकर महर्षि कश्यप ऋषि मार्ग होते हुए आजाद चौक, नहर रोड, बाईपास, रूस्तमपुर ढाला से दुर्गा चौक होते हुए पुनः अरिहंत लान पहुंचकर सम्पन्न हुई।

मनमोहक झांकियों के साथ सजे महर्षि कश्यप, शिव-पार्वती व राधा-कृष्ण की झांकी शोभा यात्रा जिधर से गुजरी लोगों ने घर की छतों से पुष्प वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया। शोभा यात्रा में महानगर समेत जनपद के गोला बाजार, खजनी बाजार, सिकरीगंज, कौड़ीराम, पिपराइच समेत बस्ती, महराजगंज व देवरिया से कसौधन समाज से आए लोग भारी संख्या में शामिल रहें। इस दौरान समाजसेवियों ने जगह-जगह लंगर-जलपान की व्यवस्था कर सेवा की।

इस अवसर पर ब्यापारी नेता जवाहर कसौधन, अशोक कसौधन, रामजी कसौधन, श्रीराम कसौधन, हरिनारायण कसौधन, रामशिला कसौधन, विनोद कसौधन, विश्वनाथ कसौधन, चंद्रभान कसौधन, चंद्रशेखर कसौधन, प्रमोद कसौधन, सोनू कसौधन, अनिल कसौधन, रामजी कसौधन, श्रीराम कसौधन, घनश्याम कसौधन, सुरेश कसौधन, मनोज कसौधन, सोनू कसौधन, पन्नालाल कसौधन, सुनिल कसौधन, अवधेश कसौध, पवन कसौधन, राधिका देवी, मंजू कसौधन, ज्योति गुप्ता, सुभावती देवी समेत भारी संख्या में कसौधन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# आज के भारत में विश्व को अपने अनुरूप चलाने की क्षमता

## इंडिया फर्स्ट की भावना से परिपूर्ण है भारत की आज की विदेश नीति : आरपी शाही



गोरखपुर। नेपाल, बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव पुरी ने कहा कि आज के भारत में विश्व को अपने अनुरूप चलाने की क्षमता है। आज का भारत किसी भी देश की घुड़कियों या धमकियों की परवाह नहीं करता है। भारत की विदेश नीति इतनी सशक्त हो चुकी है आज के दौर में कोई भी देश भारत पर दबाव बनाकर कुछ लोग करा सकता।

मंजीव पुरी रविवार को महाराणा प्रताप पीजी (एमपीपीजी) कॉलेज जंगल धूसड़ में आयोजित ह्यभारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम: 2019 से अब तकह्न विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह (समारोप) को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी के प्रतिभागियों के साथ दोतरफा संवाद करने के अंदाज में श्री पुरी ने कहा कि विदेश नीति के मुद्दे पर देश में मजबूती और बदलाव का यह दौर पिछले दस वर्षों में सशक्त नेतृत्व के चलते आया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के मजबूत होने के लिए आर्थिक मजबूती बहुत जरूरी है। वैश्विक स्तर पर धाक जमाने में मजबूत हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था का बड़ा योगदान है। जिसकी जितनी जीडीपी, वह उतना अधिक शक्तिशाली। इस फॉमूर्ले पर भारत 3.7 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) आरपी शाही ने कहा कि विगत कुछ सालों में भारत ने अपनी विदेश नीति को समयानुकूल और त्वरित प्रतिक्रियावादी बनाया है। यही वजह है कि आज जब दुनिया के किन्हीं भी दो देशों के बीच टकराव की स्थिति आती है तो पूरा विश्व चाहता है कि इस टकराव को रोकने की पहल भारत करे।

समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि सेंटर फॉर कैनेडियन, यूएस एंड लैटिन अमेरिकन स्टडीज (स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज) जेएनयू नई दिल्ली के प्रोफेसर अरविंद कुमार ने भारत की विदेश नीति में आए क्रमिक परिवर्तन की विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। दो दिन तक चली संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों की रिपोर्ट महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष हरिकेश यादव ने प्रस्तुत की जबकि संचालन सहायक आचार्य डॉ. सलिल कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर प्रमथनाथ मिश्रा, प्रो. तेज प्रताप सिंह, डॉ. श्रीभगवान सिंह, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. सत्यपाल सिंह, डॉ. आमोद राय, डॉ. उग्रसेन सिंह, डॉ. घनश्याम शर्मा, डॉ. अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## साधना, त्याग व सेवा की प्रतिमूर्ति थे पं.जगन्नाथ प्रसाद भक्तमाली

वृन्दावन। संत का तपोवल ही हमें कृपा के रूप में प्राप्त होता है। संत का कृपा पात्र बनने को हमें पात्रता लानी होगी। हमें संत की साधना के विषय में नहीं अपने कल्याण के सम्वन्ध में सोचना चाहिए। उक्त उद्गार ज्ञान गूदडी. स्थित श्रीजानकी भवन में ब्रज के परम संत पं.जगन्नाथप्रसाद भक्तमाली जी के 40वें प्रिया प्रियतम मिलन महोत्सव में आयोजित विद्वत संगोष्ठी में भागवताचार्य पं. कृष्णचन्द्र शास्त्री ठाकुर ने व्यक्त किये। स्वामी गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि गुरु के प्रति समर्पण ही युक्ति है। सद्गुरु ही भगवान से सम्बन्ध जोड़ते हैं। परमात्मा के प्रतिनिधि के रुप में संत का पृथ्वी पर अवतरण होता है। भक्तमाली जी ऐसे ही अवतारी संत थे।

# भाजपा की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना होगा : कमलेश



चौरीचौरा, गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान कार्यक्रम विधानसभा चौरीचौरा क्षेत्र स्थित ब्लाक परिसर ब्रहम्पुर में ब्लाक प्रमुख सुमन यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं लोकसभा बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान तथा विशिष्ट अतिथि विधानसभा चौरीचौरा विधायक ई सरवन निषाद रहें। संचालन जिला मंत्री ओमप्रकाश धर द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि आप सभी लोग दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सिपाही हैं। इस पार्टी के द्वारा पुनः सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आप सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बना करके एक बार पूर्व के रिकॉर्ड को कायम रखते हुए उससे अधिक सदस्य संख्या बनाने में हम सभी का सहयोग करें। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर विधायक सरवन निषाद ने कहा कि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद यदि भारत किसी के नेतृत्व में विकास कर रहा है तो वह हैं नरेंद्र मोदी जी की सरकार है। आप सभी लोग दिन प्रतिदिन भारतीय जनता पार्टी का सहयोग और समर्थन करने की अपील किया। उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सरदार नगर हरेन्द्र यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ब्रहम्पुर राघवेन्द्र यादव, ब्लाक प्रमुख पति ब्रहम्पुर मानवेन्द्र यादव, सुनील पासवान, विधायक प्रतिनिधि राम दयागर निषाद, मण्डल अध्यक्ष ब्रहम्पुर चन्दन मिश्रा, धीरज सिंह, अजय कुमार उर्फ मन्टू यादव, रामसेवक निषाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# छत पर सो रहे अधेड़ की गला रेतकर निर्मम हत्या



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौरी के पिपरहिया टोला निवासी 48 वर्षीय अवधेश पटेल पुत्र स्व गोरख पटेल की बीती रात सोते समय धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक अवधेश के बहू रंजना पत्नी संगम की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 103(1) मुकदमा दर्ज कर लिया है। तथा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया है। मृतक अवधेश पटेल की बहू रंजना ने बताया कि शनिवार को खाना खाकर छत पर मेरे ससुर अवधेश पटेल सो रहे थे। रात लगभग 12 बजे छोटका बारे निवासी धर्मेन्द्र शर्मा ने धारदार हथियार से गला रेत दिया। वे भागकर नीचे आये गंभीर अवस्था में उन्हें 108नं एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी बहू ने तहरीर के माध्यम से बताया कि धर्मेंद्र मेरे ननद मोनी उर्फ मौसम को काफी दिनों से परेशान कर रहा था। बीडीओ बना कर वायरल करने की धमकी दे रहा था। तथा पैसा की मांग कर रहा था। दो तीन दिन पहले हत्या की धमकी भी दिया था। मृतक के दो पुत्र संगम तथा प्रदुम्न तथा एक पुत्री मोनी उर्फ. मौसम हैं। परिवारी जनों के अनुसार उनकी पत्नी लगभग 15 वर्ष से नेवासे की भूमि पर अपने मायके रहतीं हैं।

# चिलुआताल में उतराता अज्ञात महिला का शव बरामद

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के महेसरा स्थित मछली मंडी के पास चिलुआताल में उतराता शव देख अगल बगल के लोगो ने तत्काल 112 न० पर सूचना देकर चिलुआताल पुलिस को अवगत कराया सूचना पर पहुचे बरगदवा चौकी प्रभारी धरमबीर सिंह अपने दल बल के साथ पहुच शव पानी से बाहर निकाल पी यम के लिए भेज दिया रविवार को तीन बजे के आस पास चिलुआताल पुलिस को सूचना मिली कि महेसरा मछली मंडी के पास चिलुआताल में एक शव उतराता दिख रहा है सूचना पर बरगदवा चौकी प्रभारी अपने सहयोगियों के साथ पहुच स्थानिय लोगो के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकलवाया शव देखने से प्रतीत हो रहा था कि शव लगभग चौबीस घंटे के अन्दर का ही है शव महिला का होने के कारण पुलिस उसका पहचान कराने के लिये घंटो परेशान रही मगर सफलता नही मिली मृत महिला लाल बुदीदार साड़ी उसके नीचे हरे रंग का पेटीकोट एवं कत्थई रंग का ब्लाउज पहने हुई थी उसके दोनो पैर में चाँदी का पायल एवं अंगुलियो में बिछुआ पहने हुये थी मृतका का रंग गोरा औसत कद उम्र लगभग पैतालिस वर्ष के आस पास होगी दोनो हाथो में लाल रंग की चूड़ी पहने हुये थी मृतका काले फ्रेम में पावर का चस्मा लगाये हुये थी पानी से शव निकालते समय चस्मा आँख पर लगा हुआ था।

# लुटेरों ने फल विक्रेता को लूटा

जिला संवाददाता (vol)

बकेवर, इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर सुबह फल विक्रेता को बाइक व कार सवार चार लुटेरों ने 18 हजार रुपए लूट कर ले गए। फल विक्रेता महेवा से फल की सप्लाई देकर व वसूली कर कर वापस बकेवर आ रहा था थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। कस्बा बकेवर में हाईवे पर केला पका कर बेचने के थोक व्यापारी अनवर खान निवासी लखना का प्लांट है। रविवार को उनका मझिला पुत्र अरबाज खान और सानू रविवार को सुबह लगभग सात बजे महेवा में केला विक्रेताओं को केला देकर तथा उनसे वसूली करके वापस लेकर बाइक से बकेवर आ रहा था इसी दौरान हाइवे पर एक कार सवार व बाइक पर सवार दो-दो लुटरों ने उसकी बाइक को महेवा से बकेवर के बीच आगे रोकने का प्रयास किया तो केला व्यापारी ने अपनी गाड़ी को भगाने का प्रयास किया।

परंतु कार व बाइक सवार लुटेरों ने उसकी गाड़ी के आगे कार को लगा देकर उसे गिराने का प्रयास किया उसने सर्विस रोड से गाड़ी को भगाने का प्रयास किया तो उसकी गाड़ी गिरा दी और उससे बसूली के 18 हजार रुपए छीन लिए। इसके बाद उस केला व्यवसायी युवक ने अपनी बाइक से कस्बा की तरफ भागा तो लुटरे उसका पीछा करते आये भरथना ओवरब्रिज के नीचे आकर भी उसको पकड़ने का प्रयास किया क्योंकि लुटेरों को उसके पास और भी रुपए होने की उम्मीद थी व किसी तरह अपनी गाड़ी को उनसे बचाकर कस्बे की तरफ भागा आया तथा कस्बा में इटावा रोड पर थाने के सामने से जाकर उसने गोपाल मंदिर के पास एक गली में गाड़ी को रोक दिया इस दौरान कार व बाइक सवार आगे निकलकर भाग गए इस दौरान ही भरथना ओवरब्रिजका किसी फल वाले ने उसके पिता को फोन किया कि तुम्हारे पुत्र को कुछ लोग घेर रहे हैं इस पर उसके पिता अनवर ने अपने बड़े पुत्र को भेजा तो इस दौरान कर सवार लुटेरों ने उसकी कार में टक्कर मारकर भाग गए। पीड़ित फल विक्रेता ने इसकी शिकायत बकेवर थाना पर जाकर की। पीड़ित केला व्यापारी ने इस संबंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है इस संबंध में कार्यवाहक थानाध्यक्ष एसएसआई मनजीत सिंह दयाल से जानकारी करने पर उन्होंने कहा मामले की जांच की जा रही है पुलिस की टीम को लगाया गया है।

# गांधी जयंती यात्रा को लेकर सौंपी गई जिम्मेदारी



इटावा। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर निकाली जाने वाली गाँधी जयंती यात्रा के सम्बन्ध में यात्रा के संयोजक, प्रभारी फरहान शकील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा ने जनपद के सभी समाजवादियों साथियों को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी। फरहान शकील ने जिला पंचायत आवास पर सभी नौजवानों को व पदाधिकारियों को बुलाकर यात्रा के बारें में विस्तार से समझाया और आगामी 2 अक्टूबर को निकलने वाली यात्रा की जिम्मेदारी दी सभी नौजवानों को यात्रा में शामिल होने का आहवान किया। जनपद के कई लोगों को पदाधिकारी नियुक्त किया जिसमें जसवंतनगर नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा इमरान फारूकी और इकदिल का नगर अध्यक्ष इमरान अन्सारी को घोषित किया। प्रमुख महासचिव अल्पसंख्यक सभा शेरा पहलवान को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष जहांगीर अंसारी, हाशिम मिर्जा, जैनुल अब्दींन को बनाया गया। सचिव उमैर कुरैशी, जावेद अख्तर, हामिद मंसूरी, आमिर, नवाज खान रानू आदि को नामित किया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष साजिद अली अशरफी, हाशिम कुरैशी, विनीत यादव, बीटू यादव, अश्वनी राजपूत, रामनरेश यादव मौजूद रहे।

# गौर निताई परिवार का राधा अष्टमी महामहोत्सव 11 को



इटावा। गौर निताई परिवार के तत्वाधान में राधा अष्टमी महामहोत्सव भव्यता व दिव्यता के साथ शहर के नुमाइश पंडाल में 11 सितम्बर बुधवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर 108 मटके तीर्थो का जल व औषधीय द्रव्यों व पंचामृत से राधा श्याम सुंदर का महाभिषेक किया जायेगा। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे। कार्यक्रम को लेकर जोर-जोर के साथ तैयारी की जा रही है। रविवार को श्री श्री गौर निताई परिवार के प्रमुख पंडित मनुपुत्र दास ने प्रेसवार्ता में बताया कि राधा अष्टमी इस ब्रह्मांड, ब्रह्मलोक, साकेत, बैकुंठ का ही नहीं यह गोलोक का सबसे बड़ा महामहोत्सव है। इसीलिये यह महामहोत्सव भक्तों की प्रसन्नता के लिये आयोजित हो रहा है। शाम 4 बजे से हरिनाम संकीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। राधा अष्टमी महामहोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे वही राधा रानी के प्राकटय का नाटय रूपांतरण भी भक्तों के द्वारा किया जाएगा और धार्मिक गीतों पर बच्चों का नृत्य भी होगा। राधा प्राकट्य कथा आयोजित होगी और इसके बाद राधा श्यामसुंदर का महाभिषेक पंचामृत व 14 प्रकार की विशेष औषघियों से किया जाएगा। महाभिषेक के बाद राधा श्याम सुंदर को फूल बंगला सजाकर छप्पन भोग भी लगाया जाएगा। इसके अलावा राधा श्याम सुंदर के दरबार को दो कुंतल विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे व खुशबूदार फूलों से सजाया जाएगा। जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। महोत्सव में आये सभी भक्तों को महाप्रसाद व बधाई वितरित की जायेगी। उन्होंने बताया कार्यक्रम को लेकर गौर निताई परिवार की टीम घर-घर जाकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दे रही है। पंडित मनुपुत्र दास ने नगर वासियों से अनंत ब्रह्मांड के स्वामी परम भगवान कृष्ण की परम शक्ति राधा रानी के प्राकट्य उत्सव में शामिल होने की अपील की है। प्रेसवार्ता में विनोद पाल, पंकज सक्सेना, जितेंद्र गौड़, कुलदीप दुबे, राजीव चैधरी, जतिन पांडे, अतुल वर्मा, वेद प्रकाश पवन, अखिल प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# जुलूस ए मोहम्मदी 16 को उर्दू मोहल्ला से निकलेगा



इटावा। जुलूस ईद मिलादुन्नबी सल. मोहल्ला उर्दू की बैठक हुई जिसमे पूर्व झंडा सरपरस्त स्व. जमीर उल्ला उर्फ.दुलारे को कमेटी की ओर से याद किया गया। जुलूस कमेटी उर्दू मोहल्ला का नया सरपरस्त सैय्यद नईम उल्ला उर्फ.बन्ने को बनाया गया और उसके बाद बैठक में जश्न जुलूस ईद मिलादुन्नबी की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। जुलूस ईद मिलादुन्नबी कमेटी के अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान ने शहर के लोगों से गुजारिश की है की जुलूस में ज्यादा से ज्यादा शिरकत करके अपनी अपनी मोहब्बत का सबूत पेश करें। उन्होने जुलूस की जानकारी देते हुए बताया की जुलूस अपनी पूरी शानो शौकत अदबो एहतराम से बड़ी मस्जिद चैक से 16 सितंबर दिन सोमवार बाद नमाज असर उर्दू मोहल्ला बड़ी मस्जिद चैक से अपनी पूरी शानो शौकत से उठाया जाएगा। तमाम हजरात से गुजारिश है कि वे अपनी अपनी चैकियों, झंडों के साथ सरों पर टोपी लगाकर रास्ते मे दुरूद शरीफ पढ़ते हुए जुलूस में शामिल होकर सबाबे दारैन हासिल करें और अपनी अकीदत और मोहब्बत का सबूत पेश करें। बैठक में डॉक्टर शमशुद्दीन सईदी, जमीर हसन खां झम्मन, कारी शाहबाज अनवर, मौलाना शाहनूर रजा, सगीर उल्ला खां, आतिफ अजीम, रहमत अली, जुहैब फैयाज, फरहान खान, अदनान खान आदि लोग मौजूद रहे।

## निः शुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन

आगरा ...उस्मानी राष्ट्रीय मंच के बैनर तले आठवां मेडिकल कैंप का आयोजन बोदला स्थित राहुल नगर में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सपा शहर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार द्वारा फीता निशुल्क मेडिकल कैंप कैंप में लगभग 300 मारिजो का चेक अप तथा निशुल्क दवाइयां वितरण मेडिकल कैंप में महिला पुरुषों की संख्या काफी रही एसएन मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच थायराइड वायरल बुखार बॉडी मैं दर्द आदि को लेकर मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। स्वामी राष्ट्रीय मंच के अध्यक्ष जावेद उस्मानी ने कहा कि इस तरह के निशुल्क मेडिकल कैंपों से गरीब परिवारों की सहायता होती है अगर हम सभी समाज के बुद्धिजीवी इस तरह के कैंपों का आयोजन समूह से आगरा शहर में करें तो गरीबों को काफी मदद मिल सकती है। इससे सभी मरीजों को खुशी मिलेगी। क्योंकि इस महंगाई के दौर में डॉक्टर की फीस देना इन परिवारों के वश में नहीं है इसलिए हम सभी उस्मानी राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारी ने निर्णय लिया है कि इस तरह के निशुल्क कैंप लगाकर हम गरीबों की मदद करेंगे जिसमें की दवाइयां भी निशुल्क वितरण की जाएगी समय-समय पर हमारी संस्था इस तरह के कार्य करती रहती है वही कैंप में आए मुख्य अतिथि सपा शहर अध्यक्ष चौधरी बजट निसार में कहा कि इस तरह के कैंपों से गरीब जनता को जो राहत मिलेगी उस ईश्वर खुश होता है क्योंकि ईश्वर ने कहा है कि मेरे बंदों से मोहब्बत करो इस तरह के आयोजन में मुझे उस्मानी रास्ते मठ ने बुलाकर मेरे को इन गरीब लोगों की मदद करने का जो मौका दिया है वह उस्मानी राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं शहर में इस तरह की आयोजन बहुत कम देखने को मिलते हैं निशुल्क मैडिकल कैंप में मेरी जो भी जिम्मेदारी होगी में जरूर पूरी करूंगा ।

संक्षेप

## मारपीट में चार पर केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव बौधी कलां में मकान के सामने कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने सरेराह महिला को झंडा और लात घुसो से पिटाई कर जख्मी कर दिया था। शिकायत पर पुलिस ने पति-पत्नी और बेटियों समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बौधी कला की जय देवी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया उसके दरवाजे पर रामकुमार द्वारा जबरन कूड़ा डालने का विरोध करने पर उसकी पत्नी रेशमा, पुत्रिया रेनू, रूबी समेत सभी चारों लोगों ने डंडा और लात घूसों से पिटाई कर जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए थे। शिकायत पर पुलिस ने सभी नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## किशोरी लापता केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर चौकी क्षेत्र के एक गांव में घर पर रात में सो रही किशोरी रहस्य में ढंग से लापता हो गई है। पिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। गांव में किशोरी शुक्रवार की रात अपने माता-पिता के साथ घर में सोई हुई थी। शनिवार को सुबह घर वालों के जागने पर किशोरी को न देखकर सन्न रह गए उन्होंने रिश्तेदारियों में तलाश करने के बाद पता न चलने पर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना चौकी इंचार्ज सतीश द्विवेदी को सौंपी गई है। निरीक्षक इंद्रजीत सिंह के अनुसार किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। सकुशल बरामदगी को लेकर पुलिस टीम लगाई गई हैं और सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है।

## रास्ते के विवाद में मारपीट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षो में लाठी डन्डे चल गये। पीड़ित पक्ष ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम कन्धरापुर निवासी लल्ला सिंह पुत्र सरनाम सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव निवासी रामचंदर, शिवरतन सिंह पुत्रगण गणेश सिंह, अनूप सिंह पुत्र रामचंद्र, कुलदीप सिंह पुत्र शिवरतन ने मेन रास्ते में मिट्टी डालकर ईंट लगा रहे थे। जिससे उसका वाहन नहीं निकल पा रहा था। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसकी और उसके भाई की लाठी डन्डो से पिटाई कर दी। जिसमें दोनो लोग घायल हो गये।

## युवक की मौत के मामले में कार चालक पर मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में दो सितम्बर को एक युवक की सडक हादसे में हुई मौत के बाद मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी गुरूप्रसाद पुत्र जेजेराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि दो सितम्बर को उसका पुत्र आशीष कुमार वर्मा उर्फ राहुल केशवापुर में सडक के किनारे सवारी के इन्तजार में खडा था। इसी दौरान गोला की ओर से आ रही कार सं0 यूके 04 एए/8586 के चालक ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसका पुत्र गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# गोला से फर्रुखाबाद रेल मार्ग स्वीकृत करने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) छोटी काशी विकास संघर्ष समिति ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन भेज कर स्व0 अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री काल में गोला मोहम्मदी शाहजहांपुर के रास्ते फर्रुखाबाद तक सर्वेक्षण हुए रेल मार्ग को निर्माण कराने की मांग की है। वहीं फर्रुखाबाद से वाया शाहजहांपुर मैलानी के लिए निर्माण को अनुपयुक्त बताया है।

भेजे गए ज्ञापन में कहा है कि एक शतक पूर्व मैलानी से शाहजहांपुर तक नैरोगेज रेल मार्ग था। जिसे घाटा होने के कारण रेल मंत्रालय ने उखाड़ लिया था। मैलानी से पीलीभीत जंक्शन 68 किलोमीटर दूरी पर है पीलीभीत शाहजहांपुर जाने के लिए ब्रॉड गेज रेल मार्ग है। इसलिए पीलीभीत पूरनपुर रेलवे स्टेशन से शाहजहांपुर जाने के लिए अधिक दूरी होने के कारण मैलानी जाकर कोई यात्रा नहीं करेगा। उन्होनें कहा कि मैलानी से लगभग 65 किलोमीटर की दूरी पर जिला मुख्यालय लखीमपुर खीरी रेलवे स्टेशन है। लखीमपुर और आसपास के यात्री रेल मार्ग न होने के कारण शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद जाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से गोला गोकर्णनाथ होकर यात्रा करते हैं। लखीमपुर से गोला

- छोटी काशी विकास संघर्ष समिति ने मैलानी शाहजहांपुर को बताया अनुपयुक्त

गोकर्णनाथ 35 किलोमीटर की दूरी पर है और गोला गोकर्णनाथ से शाहजहांपुर 60 किलोमीटर है। सड़क मार्ग से यात्रा करने पर लखीमपुर से शाहजहांपुर की दूरी लगभग 95 किलोमीटर है। यदि लखीमपुर से वाया मैलानी शाहजहांपुर रेल मार्ग से जाना पड़े तो यात्री को लगभग 132 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ेगी तो अपना समय और पैसे अधिक गंवा कर मैलानी होकर रेल यात्रा क्यों करेगा। ज्ञापन में कहा गया है कि मैलानी से लगभग 30 किलोमीटर दूरी पर गोला गोकर्णनाथ प्राचीन धार्मिक नगर मंदिरों का शहर छोटी काशी के नाम से विख्यात है। इसका वर्णन शिव पुराण, वराह पुराण, वामन पुराण, कूर्म पुराण, महाभारत आदि में है। करोड़ों श्रद्धालु प्रतिवर्ष यहां आते हैं।

फर्रुखाबाद गंगा घाट से हजारों श्रद्धालु पैदल कांवड़ लेकर गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी में शिव जी का अभिषेक करते हैं। उन्हें वापसी में बस या निजी वाहनों से यात्रा करनी पड़ती है। गोला से शाहजहांपुर की दूरी लगभग 60 किलोमीटर है यदि यात्री मैलानी होकर रेल से शाहजहांपुर जाएं तो उन्हें अधिक धन खर्च कर लंबी यात्रा करनी पड़ेगी। इसलिए वह बस से ही यात्रा करना पसंद करेंगे। इन्हीं परिस्थितियों के कारण पंडित अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री काल में तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार ने तत्कालीन सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री सांसद मेनका गांधी की मांग को संशोधित कर गोला गोकर्णनाथ वाया मोहम्मदी शाहजहांपुर फर्रुखाबाद तक रेल मार्ग सर्वेक्षण की घोषणा की थी और मेनका गांधी को भी पत्र लिखा था कि मैलानी और गोला गोकर्णनाथ पहले ही रेल लाइन से जुड़े हुए हैं। जब कभी यह लाइन तैयार हो जाएगी तो वांछित संपर्क स्थापित हो जाएगा।

## धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराने को कोतवाली के चक्कर लगा रही महिला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) एक महिला धोखाधड़ी का शिकार हो गई। उसके पति की जीवन भर की कमाई चली गई। जब उसे धोखाधड़ी का पता चला तबसे वह दोषियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाली की चक्कर लगा रही है, पर उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कपहरा निवासी केशव बाजपेई की पत्नी प्रिया बाजपेई बच्चों की पढ़ाई के लिए शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर कॉलोनी में रह रही हैं। उनके पति ने काफी मेहनत कर किसी तरह रुपए एकत्र किए और उन्होंने पुरभू ग्रंट में तहसील लखीमपुर के

- प्रॉपर्टी डीलर ने एक ही प्लाट को दो लोगों को बेचा

ग्राम बसेरा निवासी नवीन कुमार पुत्र खुशीराम से एक प्लाट खरीदा था। सपना था कि इस प्लाट में मकान बनाकर बच्चों की पढ़ाई पूरी कराएंगे प्रिया बाजपेई का कहना है कि उनका ही प्लाट जिसका उनके पास बैनामा है। उसे प्रॉपर्टी डीलर नवीन कुमार ने विनोद कुमार जायसवाल के हाथों बेचकर धोखाधड़ी कर दी। विनोद कुमार ने उस पर बाउंड्री वॉल खड़ी कर दी है। जब उन्होंने नवीन कुमार से रुपए वापस करने को कहा तो वह आना कानी कर रहा है। प्रिया बाजपेई तभी से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाली की चक्कर लगा रही है, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कोतवाल रमेश चंद्र पांडे का कहना है कि यह मामला राजस्व विभाग का है। जब उनसे पूछा गया कि इसमें धोखाधड़ी हुई है तो वह चुप्पी साध जाते हैं।

## बजहा गांव में काटे गये दर्जनों प्रतिबंधित पेड़

धौरहरा खीरी। वनरेंज धौरहरा क्षेत्र में लंबे अरसे से तैनात कुछ वन कर्मियों की लकड़कट्टो से जुगलबंदी पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बन गई है। और चांद पेड़ों के परमिट के नाम पर लकड़कट्टे हरे-भरे प्रतिबंधित प्रजात के पेड़ों का



धड़ल्ले से सफाया कर रहे हैं। ताजा मामला धौरहरा क्षेत्र के बजहा गांव का है जहां लकड़कट्टो द्वारा स्थानीय वन रक्षक व वन कर्मियों से साथ गांठ कर 10 कलमी पेड़ों के परमिट पर प्रतिबंधित प्रजाति के करीब 20 पेड़ काट डाले जिनमें 10 देसी आम के पेड़ों के साथ-साथ शीशम, जामुन के पेड़ भी शामिल है। धौरहरा वन रेंज में तैनात कुछ कर्मचारी, रक्षक बने भक्षक की परिकल्पना को साकार कर रहे है।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पिपरिया धनी, खीरी। (वीओएल) रेहरिया क्षेत्र के साहबगंज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का



आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के डॉ0 धर्मेंद्र कुमार वर्मा, सत्यनामधीमान, अरुण कुमार, अली जफर ने बच्चों की डेंगू और मलेरिया की जांच की। जांच में सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए। इस दौरान बच्चों को खान पान और बदलते मौसम के बचाव के बारे में जागरूक किया।

## पंचायत सचिव के उत्पीड़न से तंग मजदूरों ने तहसील दिवस में लगाई न्याय की गुहार

लखीमपुर-खीरी। शनिवार को पलिया तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस के दौरान विकास खण्ड पलिया के ग्राम विकास अधिकारी धीरेन्द्र मौर्या व बड़ागाँव प्रधान जेबा से संबंधित शिकायत लेकर पहुँचे मजदूरों ने तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि मजदूरों के द्वारा अतरिया व बडागांव में मजदूरी का काम किया था, जिसमें ग्रामपंचायत बडागांव में पंचायत घर निर्माण कार्य एवं अतरिया में लालाराम के घर से सीसी रोड तक इंटरलाकिंग व निर्माण कार्य पर मजदूरी की गई है।

उक्त कार्य का बकाया पैसा मांगने पर विपक्षीगण मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। शिकायती पत्र में मजदूरों ने पंचायत सचिव पर आरोप लगाते हुये कहा कि वास्तविक मजदूरों के स्थान पर फर्जी मजदूरों के नाम पर मजदूरी का पैसा निकाल लिया गया है। बाढ़ व बेरोजगारी की मार झेल रहे मजदूरों ने अपनी शिकायत के समर्थन में कार्यस्थल पर श्रमिक कार्य करने के दौरान की तमाम फोटो एवं सम्बन्धित मस्टरोल की फोटो कॉपी दिखलाते हुये विपक्षियों पर धोखाधड़ी आदि की गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाने एवं अपनी मजदूरी दिलवाने की मांग की गई है। उपरोक्त प्रकरण के संदर्भ में सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारी धीरेंद्र मौर्य ने बताया कि उक्त कार्य उन्हें दूसरे पंचायत सचिवों वीरेश कुमार एवं भाष्कर रॉय से चार्ज में मिला था जिस पर ग्राम प्रधान पति के बताने के अनुसार भुगतान मेरे द्वारा किया गया है, असली व फर्जी लेबर की जानकारी से उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

सोनभद्र। सरकार के दिशा निर्देश पर महिलाओं/बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/ महिला बीट आरक्षियों/ एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बीट/ गांव में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा ह्लमिशन शक्तिह्व के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/ महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

## जनसंपर्क कार्यालय में केंद्रीय मंत्री ने सुनी जन समस्या

मीरजापुर। अपनादल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण तथा रासायनिक उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने का निर्देश दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल ने संबंधित अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारित किये जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि किसी भी पीड़ित की बातों को गम्भीरता से सुने और तत्काल उनकी समस्याओं की जाँच कर उचित व सम्यक कार्यवाही करें तथा पीड़ित को कृत कार्यवाही से अवगत कराएं। बता दें कि केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल ने आए हुए सभी जनता जनार्दन की एक-एक समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिया।

## ईंट भट्ठा मालिक और पूर्व प्रधान पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में झाड़ झंखाड साफ कराते समय एक युवक की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर के मोहल्ला जहानपुर निवासी अशोक कुमार गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि चार सितंबर की दोपहर कुनौठिया स्थित भूखंड पर मजदूरों से झाड़ियां साफ कर रहे थे। इस दौरान भूखंड के पीछे स्थित ईंट भट्ठा के मालिक इफ्तिखार अपने साथी अढौलापुर पूर्व प्रधान काजिम, जहीर के साथ कार से आए और लात घूसों से मार पीट करने लगे। पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## आरती के साथ शुरू हुआ गणेश उत्सव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति और श्री श्याम दीवाने सेवा समिति के तत्वाधान में 11 दिवसीय गणेश उत्सव



के आयोजन की शुरूआत हो गई। खुटार रोड पर सर्वप्रथम गणेश पूजन, गणेश आरती एवं स्तुति कर भगवान श्री गणेश जी का आह्वाहन किया गया। फिर श्री गणेश भगवान को मोदक का भोग लगाया गया। सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति एवं श्री श्याम दीवाने सेवा समिति के सभी सेवादारो ने भगवान श्री गणेश का जयकारा लगाया एवं समस्त नगर वाशियों सुखी एवं सम्रद्ध जीवन की कामना की।

## जिला कारागार के निरीक्षण के साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

सोनभद्र। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के आदेशानुसार जिला कारागार सोनभद्र का निरीक्षण एवं राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के प्रचार-प्रसार हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र यादव के साथ ही साथ जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, जगदम्बा प्रसाद दूबे जेलर, डिप्टी जेलर, आकाश कुमार, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, सोनभद्र एवं जय प्रकाश, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, सोनभद्र उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान बैरको में कैदियों से मुलाकात कर निःशुल्क विधिक सहायता, सजायाफ्ता बंदियों के अपील के प्रावधान के संबंध में नियमित पेशी खान-पान एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बावत उन्हें बताया गया। इसके अलावा पाकशाला एवं जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया, जेल अस्पताल में कुल 06 बंदी भर्ती पाये गये। इसके अलावा बंदियों को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि प्रत्येक साल 01 सितम्बर से 07 सितम्बर के मध्य राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 1982 से बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगो को पोषण के महत्व और सही आहार के आदतों के प्रति जागरूक करना है तथा लोगों को इस बात के लिए प्रेरित करना है कि संतुलित आहार अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य रहने के लिए अपनायें। जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि उ०प्र० शासन द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों के लिए संतुलित आहार पर विशेष ध्यान दिया जाता है तथा प्रत्येक बंदी को उसके शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सके इसके लिए प्रत्येक दिन का अलग-अलग खाने का मीनू बनाया गया है। जिसका कठोरता पूर्वक अनुपालन किया जाता है तथा उसी के अनुसार भोजन और नाश्ता तैयार कर प्रदान किया जाता है। उक्त खाने का मीनू इस प्रकार तैयार किया गया है जिसका अनुपालन करने से बंदियों को पोषक तत्व प्राप्त हो सके। जेल अधीक्षक को इस बावत निर्देशित किया गया कि प्रत्येक कैदी के स्वास्थ्य एवं पोषण के दृष्टिगत तथा उसके आवश्यकतानुसार संतुलित भोजन दिया जाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाये जाने का मुख्य मकसद कुपोषण से लड़ना और संतुलित आहार की आदतों को बढ़ावा देना है तथा पोषणयुक्त आहार पाना न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी का अधिकार है, तथा बिना किसी भेदभाव के समाज में पोषण के प्रति जनजागरण करना एवं स्वास्थ्य की रक्षा करना है। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में आज आदर्श इण्टर कालेज राबर्ट्सगंज में भारतीय संविधान में वर्णित अधिकार एवं कर्तव्य, महिला सशक्तिकरण, किशोर न्याय बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण अधिनियम, स्वास्थ्य एवं पोषण, भारत सरकार एवं उ०प्र० प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बालक सेवा योजना, लोक कल्याणकारीयोजनायें, महिला सुरक्षा एवं महिला अधिकार योजना एवं निःशुल्क विधिक सेवा योजना के विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन शमशेर बहादुर सिंह, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, सोनभद्र एवं सत्यारमण त्रिपाठी, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, सोनभद के द्वारा किया गया। शिविर में विद्यालय के सैकड़ो बच्चे उपस्थित थे।

## लोक भारती ने किया कार्यक्रमों का आयोजन



मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री द्वारा 3 दिन के प्रवास के दौरान विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन कर जल संरक्षण, आओ नदी को जाने, हरियाली अभियान, वसुधैव कुटुंबकम और जल संरक्षण को लेकर आयोजित गोष्ठी में लोगों को जागरूक किया गया है।

लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह ने क्षेत्र में अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान अलग-अलग जगह पर आयोजित कार्यक्रमों में तमाम बिंदुओं पर चर्चा की है। गांव गुलौली में स्मृति सिंह के यहां आयोजित बैठक में प्राकृतिक खेती और जल संरक्षण को लेकर चर्चा की गई थी। नगर में अस्तल मंदिर में वसुधैव कुटुंबकम, तहसील सभागार में वन संरक्षण, और यूडीसीए विद्यालय में हरियाली अभियान और जल संरक्षण को लेकर बैठक में छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा की गई है। बच्चों द्वारा बनाए गए जल संरक्षण के मॉडल को लेकर उन्होंने सराहना करते हुए विद्यालय के प्रबंधक और गुरुजनों को वर्तमान शिक्षा पद्धति में इस अभियान को जोड़े जाने पर हर्ष जताया है। गोष्ठी को लोक भारती के जिला प्रभारी अतुल रस्तोगी, संघ चालक अमित भसीन, योगा अध्यापक डॉ सुभाष गुप्ता, शिल्पी भसीन, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया और ब्लॉक प्रमुख महेंद्र वाजपेई समेत तमाम प्रमुख बुद्धिजीवियों ने सम्मिलित होकर अपने विचारों को रखा है।

## टीन शेड वालों को भी मिले प्रधानमंत्री आवास का लाभ

पिपरिया धनी, खीरी। (वीओएल) मोहम्मदी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बंजरिया के प्रधान गुरूपाल सिंह ने टीन शेड में रहने वालों को भी प्रधानमंत्री आवास देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र व अपात्र के बारे बताया गया हैं। जिसमें टीन में रहने वाले लोगो को अपात्र की श्रेणी में रखा गया हैं। बरसों से गरीब लोग प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची बनने का इंतजार करते-करते लोग जैसे तैसे सर्दी गर्मी और बरसात के मौसम में बचाव के लिए घासफूस के घर बना लेते हैं। कुछ लोग कर्ज आदि लेकर टीन डाल लेते हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत टीन को मानको में नहीं रखा गया है। सरकार के इस फैसले से लोगों में नाराजगी है, उन्होंने सरकार को इस विषय पर पुनर्विचार करना की अपील की है।

## तीन भैंस पिकअप से उठा ले गए चोर

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के किरतापुर गांव में शनिवार की रात पशु एक घर के दरवाजे बंधी तीन भैसों को खोल कर पिकप से उठा ले गए। पुलिस मौके पर पहुचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। उक्त गांव निवासी लालती देवी दूध बेचकर अपना जीविकोपार्जन करती है। रोज की भांति वह और उनका लड़का रतन चंद खाना खाकर घर मे सो गए। द्वार पर उनकी तीन भैंस बंधी हुई थी। देर रात किसी समय पशु चोरों ने तीनो भैंस को खूंटे से खोलकर पिकअप से लादकर चुरा ले गए। तड़के भोर में तीनो भैंस गायब देखकर लालती देवी के होश उड़ गए। उसने डायल 112 पर सूचना दिया। लालती देवी के मुताबिक तीनो भैंस की कीमत कम से कम डेढ़ लाख रुपये की है। दूध बेचकर परिवार का खर्चा चलता है।

## महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक

आजमगढ़। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक श्रीमती नीतू पांडेय की अध्यक्षता में रविवार को कुंवर सिंह उद्यान में सम्पन्न हुई। बैठक में ईसीसीई की नियुक्ति को रोकने की मांग की गई। यदि इस पर सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए विवश होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बैठक में सीमा सिंह कहा कि सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में प्री प्राइमरी के तहत आंगनबाड़ी कर्मचारियों की तैनाती करने, 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को शिक्षित कर प्राइमरी शिक्षा के लिए योग बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके बावजूद सरकार द्वारा बिना प्रशिक्षित व्यक्तियों को एजुकेटर के लिए तैयारी कर रहा है। जिससे आंगनबाड़ी कर्मचारियो को इसका लाभ नहीं मिलेगा। ऐसी स्थिति में सभी आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने एजुकेटर भर्ती रोकने की मांग की। बैठक में प्रतिमा सिंह अतरौलिया ब्लाक अध्यक्ष, वन्दना मौर्या मुहम्मदपुर ब्लाक अध्यक्ष, अर्चना सिंह अहिरौला ब्लाक अध्यक्ष, कुसुम उपाध्याय अजमतगढ ब्लाक अध्यक्ष, सीमा सिंह पल्हनी ब्लाक अध्यक्ष, अन्जू रानी की सराय ब्लाक अध्यक्ष आदि उपस्थित रही।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की परामर्श गोष्ठी संपन्न



जौनपुर। बीआरसी महराजगंज में समग्र शिक्षा अभियान के तहत खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पटेल की के देख रेख में अभिभावक परामर्श गोष्ठी अयोजन किया गया। जिसमें 50 दिव्यांग बच्चों के माता पिता उपस्थित हुए। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावक के समस्याओं को सुना उसका निराकरण बताया विशेष शिक्षक प्रमोद कुमार माली ने सरकार से मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि जिन दिव्यांग बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बन गया उनको सरकार की तरफ से बालिकाओं को 2 हजार रुपया और बालक को 6 हजार रुपया और उपकरण मिल रहा। जिससे दिव्यांग बच्चे अपने शिक्षण कार्य को पूर्ण कर सके तथा जिन बच्चों को उपकरण की जरूरत है वे बच्चे अपने अभिभावक के साथ 26 सितम्बर को बीआरसी शाहगंज 27 सितम्बर को बीआरसी केराकत 28 सितम्बर को बीआरसी रामनगर में आधार कार्ड, दो फोटो, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र के साथ मापन शिविर में उपस्थित होकर मापन करा सकते हैं जिससे उनको उपकरण दिया जा सके मौके पर विशेष शिक्षक भानू प्रकाश सिंह, प्रियंक द्विवेदी, श्रद्धा वरनवाल अवनीश उपाध्याय, नरेन्द्र पटेल शिव कुमार दिव्यांग बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित हुए।

## पूर्व सैनिकों की बैठक में पेंशन की समस्या पर चर्चा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) अखिल भारतीय पूर्व सैनिक कल्याण सेवा परिषद की बैठक में नए सदस्यों को शामिल किया गया। पेंशन संबंधित शिकायतों को लेकर चर्चा की गई।



रविवार को कुंभी गोला ब्लाक सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता कैप्टन अकरम खान और संचालन गजेंद्र प्रसाद वर्मा ने किया। नए सदस्य पेंशनर निरंजन कुमार का स्वागत किया गया। बैठक में बैंक और पेंशन संबंधित समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व सैनिक राजेश्वर सिंह ने समाज से जुड़ी सेवा करने के लिए पूर्व सैनिकों को प्रेरित किया। इस मौके पर कृष्ण गोपाल त्रिवेदी ने संगठन के बिस्तर पर चर्चा की। यहां वीरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रेम कुमार, देव प्रकाश, हरपाल सिंह, जगदेव सिंह, लखबीर सिंह, सेवाराम, राम हरीश मिश्रा, कुतुबुद्दीन, नारायण लाल, रघुनंदन प्रसाद, प्रमोद सिंह, राकेश कुमार सहित तमाम पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## हज पर जाने वालों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

सोनभद्र। हज यात्रा पर जाने वालों के लिए इच्छुक लोग हज यात्रा वर्ष 2025 हेतु आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 अगस्त से प्रारम्भ है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 09 सितम्बर है। इच्छुक व्यक्ति हज-वेबसाइट पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते है। इच्छुक आवेदक आवेदन फार्म भरने से पूर्व गाइडलाइंस व घोषणा पत्र अवश्य पढ़े। आवेदक के पास अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट जो आवेदन के अन्तिम तिथि से पूर्व का जारी हो व पासपोर्ट की वैद्यता 15 जनवरी,2026 तक हो आवेदन कर सकते है। आवेदन करने में किसी प्रकार की कठिनाई हेतु जनपद के हज ई-सुविधा केन्द्र, मदरसा दारूल उलूम कादरिया नूरिया बघाड़ू, सोनभद्र व हज ट्रेनर 2024 मोहम्मद तलहा के दूरभाष नम्बर-7355152821 पर सम्पर्क कर निस्तारण कर सकते है व निःशुल्क आवेदन भी करा सकते है।

संक्षेप

## जहां होगा योग वहां नहीं रहेगा कोई रोग

आजमगढ़। शहर के सिधारी पार्क में लोगो को स्वस्थ रहने के लिए योग की बारीकियां सिखाई गई। जिसमे योगगुरु देवविजय ने लोगों को योग के अभ्यास के दौरान उसके फायदे भी बताए। उन्होंने बताया कि नियमित योग और प्राणायाम से व्यक्ति पूरा जीवन निरोग होकर जी सकता है, योग में आसन, प्राणायाम, ध्यान के नियमित अभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। मन स्थिर रहता है नकारात्मक विचार दूर रहते हैं। सकारात्मक विचार उत्पन्न होते है। निरोग काया योग की माया है जहां होगा योग वहां नहीं होगा कोई रोग। उन्होंने बताया की सिधारी पार्क में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6.30 बजे तक शिविर चलता है। जो निशुल्क है कोई भी इसमें शामिल होकर स्वास्थ का लाभ उठा सकता है। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

आजमगढ़। जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बनकट बाजार में रविवार की भोर में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में अजमतगढ़ ब्लाक के इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल भरौली प्रथम में शिक्षक के पद पर तैनात राजू प्रसाद घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मऊ जिले के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के वलीदपुर भीरा निवासी राजू प्रसाद (39) अजमतगढ़ ब्लाक के इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल भरौली प्रथम पर सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत थे। वह किराये का मकान लेकर जीयनपुर बाजार में रहते थे। रविवार की भोर में वह बाइक से आजमगढ़ जा रहे थे। अभी वह मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बनकट बाजार में पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सुबह पांच बजे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घरवालों का रो-रो कर बुरा हो गया है। मृतक राजू कुमार तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई अजय गुप्ता ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुबारकपुर थाने में तहरीर दी।

## अधेड़ ने मासूम बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

जौनपुर। मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के एक गांव में 8 साल की बच्ची से 55 वर्षीय व्यक्ति पर पानी देने के बहाने दुष्कर्म का आरोप लगा है। बताते है कि शनिवार की शाम विदुर चैहान की 8 साल की पुत्री रिया चैहान अपने घर से 500 मीटर दूर 55 वर्षीय रोशन गौतम उर्फ राजकरन की दुकान पर पानी लेकर गई थीं। पानी का बोतल देने के बहाने अधेड़ बच्ची को अपनी दुकान के अंदर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। रोशन गौतम की दो निजी दूकान है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रौशन पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मौके पर पहुंच कर फोरेंसिक की टीम जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

## शटर तोड़कर चोरों ने चुराया शराब

सोनभद्र। बीना पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते देर रात एनसीएल बीना खदान स्थित एक शराब की दुकान से 66 पीस अंग्रेजी शराब चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। शराब दुकान संचालक कमलेश ने जब सुबह उठकर देखा तो पेटी फटा हुआ था। जिसमे से 66 पीस क्वार्टर अंग्रेजी शराब की बोतल चोरी हों गयी थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद तीन युवक घटना के वारदात को अंजाम देने की पुष्टि की गई है। घटना की जानकारी बीना पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जायजा लेते हुए फरार युवकों की तलाश शुरू कर दी है। अंग्रेजी दुकान संचालक कमलेश ने बताया कि सटर के निचे से उक्त युवकों द्वारा अंग्रेजी शराब चोरी की गयी है। इससे पूर्व श्याम बिहारी के आवास के सामने खड़ी ट्रैक्टर से बैटरी चोरी होने के साथ अनिल केशरी के राशन दुकान से गल्ले मे रखा नगदी चोरी हुई थी। फिलहाल पुलिस अभी तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। बीना चौकी प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि फरार युवकों की तलाश की जा रही है। जल्द ही कारवाई की जाएगी।

# विद्युत उत्पादन निरंतर बनाए रखा जाए



जिला संवाददाता(vol)

- प्रभारी मंत्री ने ओबरा सी तापीय परियोजना का किया निरीक्षण

सोनभद्र। जनपद के प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल व प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड, जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने ओबरा सी तापीय परियोजना का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप विद्युत उत्पादन निरंतर बनाए रखा जाए। जिससे कि जनमानस को विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया, कंट्रोल रूम में कार्य कर रहे हैं अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर कार्य करते हुए विद्युत उत्पादन की क्षमता को बनाए रखना है। इस दौरान ओबरा ह्यसीह्ल तापीय परियोजना के महाप्रबंधक आर0के0 अग्रवाल ने मंत्री मंत्री को अवगत कराया की ओबरा सी की एक इकाई से विद्युत उत्पादन शुरू हो गया है। दूसरी इकाई से भी विद्युत उत्पादन हेतु कार्रवाई चल रही है, शीघ्र ही दूसरी इकाई से भी विद्युत उत्पादन शुरू हो जाएगा, ओबरा क की दो यूनिट लगाने की प्रक्रिया चल रही है इस मौके पर एस0के0 सिंह, इंजीनियर राजकुमार, देवेश गुप्ता दिवाकर स्वरूप, एस0के0 राय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

सोनभद्र। सदर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत सलखन फीडर पर रविवार को बिजली विभाग के विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने फीडर परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों के मनमाने रवैया कार्यप्रणालियों के खिलाफ नारे लगाकर आक्रोश जताया। ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत मारकुंडी स्थित सलखन फीडर पर ग्राम पंचायत की जनता बिजली की कई समस्याओं जैसे बिजली की मनमानी कटौती, बिजली का बिल मीटर से अधिक आना, मीटर रीडिंग मनमानी तरीके से चलना,



विजली आने जाने का कोई समय सिड्यूल न होना को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यानाकर्षण कराया है। साथ ही मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर संबंधित दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। इस मौके पर रामनाथ, विमला, सुशीला, पपु, भोला, राजकुमार, ममता, मधु, अनंत, अनिया आदि मौजूद रहे।

## हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ेगा पसमांदा समाज

आजमगढ़। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज की एक विशेष बैठक शाहगढ़ स्थित मदरसा मोहम्मदिया अशरफिया इस्लामिया के परिसर में समाज के सर्वांगीण विकास और उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी को लेकर हुई। इस बैठक में पसमांदा समाज को देश का प्रभावशाली समाज बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर गंभीर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता आलमगीर शाह व संचालन डॉ. शाद अंसारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष व जिला योजना समिति सभासद मोहम्मद अफजल ने कहा कि संगठन पिछड़े, दलित, शोषितों के हितों के लिए कार्य कर रही है। अब तक समाज के कुछ विशेष वर्ग द्वारा पिछड़े दलितों का शोषण किया जाता रहा है। मगर मुस्लिम महाज संगठन हक और अधिकारों की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर हैं। उन्होंने समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को संगठन से जुड़कर अपनी लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। बेलाल अहमद इदरिसी ने अपने संबोधन में कहा कि आज जो भी मुसलमान संगठन कौमी एकता का संदेश दे रहे हैं, देश में सबसे खस्ता हाल दबे-कुचले मुसलमानों की ही है। मुस्लिम जनप्रतिनिधियों ने राज्यसभा, लोकसभा व विधान सभा में आरक्षण की मांग को नहीं उठाया। हमें इस विषय में गंभीरता से सोचना होगा।नसीरुद्दीन अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक हर क्षेत्र में पिछड़ा है। चूँकि इसका नेतृत्व करने वाली शक्तियाँ इसके प्रति ईमानदारी नहीं बरती। यह कर्मवादी सोच के बजाय भाग्यवादी जीवन मूल्यों का शिकार हो गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से रेयाज अहमद अंसारी, इसरार अहमद अंसारी, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद आशिफ, नदीम खान, मिन्हाज अंसारी, इरशाद अहमद, शोहराब, किस्मत अली, नियाज अहमद अंसारी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## 39वीं वाहिनी पीएसी में प्रतियोगिता का शुभारंभ

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक मीरजापु दोर अभिनंदन द्वारा 39वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित 27वीं अंतरजनपदीय एलार्म एफिसिएन्सी रेस, राइफल,



रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता 2024 का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। उक्त प्रतियोगिता में वाराणसी जोन के कुल 08 जनपदों (मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, बलिया, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर व आजमगढ़) की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा प्रत्येक टीम के कमाण्डर से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामना दी गयी। इसी क्रम में सभी प्रतिभागियों के मध्य खेल भावना को बनाये रखने की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओमप्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर अमरबहादुर व प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## अनुप्रिया पटेल से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण किए जाने की मांग



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। ड्रामंडगंज क्षेत्र के व्यापारी समाज का प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उन्हें मांग पत्र सौंपा। जिसपर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

ज्ञात हो कि पत्रकार संजीव केसरी एवं ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में तारकेश्वर केसरी, संजय सिंह, इंदु पटेल सहित व्यापारी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल से मुलाकात किया और क्षेत्र की समस्याओं को उनसे साझा किया है। जिसमें प्रमुख रूप से स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो सुबह से 2 बजे तक अपनी सेवा देता है जिसके कारण लगभग 15 किलोमीटर एरिया के नागरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर परेशान रहते हैं। उसका निस्तारण नहीं हो पाता गंभीर रूप से रोगियों के लिए समस्या और भी विकराल हो जाती है, क्योंकि यहां से जनपद लगभग 55 किलोमीटर है। ज्ञात हो यहां की घाटी अति संवेदनशील है प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं लेकिन उचित उपचार ना होने के कारण आकस्मिक मौतें होती हैं। इन सारी समस्याओं को देखते हुए प्रतिनिधि मंडल ने मांग किया की स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण किया जाए। जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निस्तारण हो सके। इसके अतिरिक्त स्थानीय चौराहे से गड़बड़ा धाम जाने वाले मार्ग पर नाली के पानी का कहीं निस्तारण न होने के कारण चौराहे पर गंदगी युक्त बदबूदार की कीचड़ युक्त जल का भराव रहता है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है और इस पानी से होकर गुजरना पड़ता है। यह समस्या पीडब्ल्यूडी के होने के कारण अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इसके लिए केंद्रीय राज्य मंत्री जी को प्रार्थना पत्र दिया गया प्रतिनिधि मंडल को मंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस पर कार्रवाई किया जाएगा।

## मतदेय स्थलों की एक नयी सूची तैयार की जायेगी

आजमगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/ राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार मतदेय स्थलों का निर्धारण करने के पश्चात मतदेय स्थलों की एक नयी सूची तैयार की जायेगी और उसका आलेख्य सूची समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जनपदीय प्रतिनिधियों को 11 सितम्बर 2024 को उपलब्ध कराया जायेगा। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदेय स्थलों को रनिंग सीरियल नम्बर दिये जायेगें। मतदेय स्थलों की नई सूची में कोई भी आक्जिलरी (सहायक) मतदेय स्थल नही रखा जायेगा। उन्होने कहा कि विशेष परिस्थितियों में 300 से कम मतदाता वाले मतदेय स्थलों को रखा जाना अपरिहार्य हो, तो स्पष्ट कारण का उल्लेख कर दिया जाय। शहरी क्षेत्रों में जहाँ नयी आवासीय कालोनिया गत कुछ वर्षों में बनी हैं और उसमें नागरिक निवास करने लगे हैं, तो वहाँ पर यथावश्यकता नया पोलिंग स्टेशन बनाया जाए। अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपलब्ध स्थायी भवन में स्थानान्तरित कर दिया जाए। अस्थायी निर्माण वाले मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपलब्ध स्थायी भवन में स्थानान्तरित कर दिया जाए। ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी तथा बहुमंजिली भवन वाली कालोनियों में भूतल पर बने कम्युनिटी हाल/स्कूल जो भी उपलब्ध हो, में मतदेय स्थल स्थापित किय जाय। ऐसे मतदेय स्थलों को चिन्हित किया जाए, जो मुख्य गाँव/बस्ती से पर्याप्त दूरी पर है, उन मतदेय स्थलों को वहाँ से हटाकर मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत किसी सुविधाजनक भवन में स्थापित किया जाए। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि पोलिंग स्टेशन की दूरी लगभग 02 कि०मी० से अधिक न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन मतदेय स्थलों के भवन पुराने व जर्जर नहीं है और जहाँ मतदाता सूची में 1500 से अधिक मतदाता नहीं है तथा जहाँ मतदाताओं को 02 कि०मी० से अधिक दूरी चलने की आवश्यकता नहीं है, ऐसे मतदेय स्थलों की स्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाए। कोई मतदेय स्थल यदि अपने मतदान क्षेत्र में उपयुक्त भवन न उपलब्ध होने के कारण मतदान क्षेत्र से बाहर स्थित है और अब मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपयुक्त भवन उपलब्ध हो गया है।

## राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए दस प्रतिशत मत होः त्रिपाठी

जौनपुर। कलेक्ट्रेट जौनपुर के सामने स्व.पंडित चंद्रेश मिश्र पीठ पर शिक्षाविद, अधिवक्ता, पत्रकार, राजनेता एवं अन्य विधाओं में गणमान्य व्यक्तियों का जमावड़ा एवं चाय पर चर्चा होती है। आज की संगोष्ठी में विभिन्न विषयों के



अतिरिक्त राजनैतिक पार्टियों की मान्यता के लिए तीन प्रतिशत के बजाय 10 प्रतिशत मत होने पर चर्चा हुई। इस विषय में सुधीजनों ने अपने विचार प्रकट किए।यूपी लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर आर एन त्रिपाठी ने तीन प्रतिशत मतों के आधार पर राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे को बदलने की बात कही जिस पर चर्चा परिचर्चा के बाद सुधीजनों ने कहा कि कम से कम 10: मतों की प्राप्ति पर राष्ट्रीय दलों की मान्यता दी जाय तो राष्ट्रीय दल बनने के इच्छुक क्षेत्रीय दल जाति, क्षेत्र एवं आदि संकीर्णताओं को छोड़कर राष्ट्रीय हित की बात करने को बाध्य होंगे। पीठ के अध्यक्ष प्रोफेसर पी सी विश्वकर्मा एवं पीठ के वरिष्ठ सदस्य पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने पीठ के सदस्य प्रेमशंकर यादव को समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर आशीर्वाद प्रदान किया। कॉग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रभुवन सिंह, पत्रकार एवं पुस्तक कुटीर के अधिष्ठाता पंडित रामदयाल द्विवेदी, लोलरक दूबे, रामसिंगार शुक्ल गदेला, दयासागर राय, पत्रकार कपिल मौर्य, अधिवक्ता पंडित गौरीशंकर मिश्र, तिलकधारी निषाद एवं अखिलेश श्रीवास्तव, पीसी भारती, डॉक्टर रामजी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से की गई गणेश जी की स्थापना



मीरजापुर। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री गणेश जी की मन्त्रोच्चारण के बीच स्थापना की गई। जहां भक्तों द्वारा आरती कर प्रसाद ग्रहण किया गया। इसी तरह विंध्याचल के पटेंगरा नाला स्थित वृद्धजन वृद्धाश्रम में भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की गई जहां लगातार 9 दिन तक श्री गणेश जी का पूजन अर्चन किया जाएगा। वृद्धाश्रम के सभी वृद्ध माता-पिता लोग पूजा अर्चन करेंगे। मूर्ति स्थापना को लेकर सभी वृद्ध जनों में काफी उत्साह एवं प्रसन्नता देखा गया। सभी ने आश्रम व्यवस्थापक संजय शर्मा के कार्यों की सराहना की।

## नव सृजित उपनिबन्धक कार्यालय ओबरा का शुभारंभ

सोनभद्र। प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उ0प्र0 ने आज ओबरा तहसील परिसर में रजिस्ट्री कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किये।

इस अवसर पर मंत्री ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह संकल्प है कि सरकार की सुविधा जनता के द्वार तक पहुंचे इस सुविधा को जनता के द्वार तक पहुंचाने के लिए आज ओबरा तहसील परिसर में रजिस्ट्री कार्यालय का उद्घाटन किया गया है, अब ओबरा तहसील क्षेत्र के निवासियों को रजिस्ट्री की सुविधा तहसील में ही मिलेगी, ओबरा तहसील के भवन की अनुमति प्रदेश सरकार द्वारा कर दी गई है, इसका भी शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा और जनमानस को एक छत के नीचे ही सारी सुविधाएं प्राप्त होंगी, प्रदेश सरकार ने



आदिवासी समाज के लोगों को जनपद के अंदर वन क्षेत्रों में महुआ और चिरौंजी बिनने पर प्रतिबंध हटा दिया गया है, जनपद में इन्वेस्टर्स द्वारा भारी संख्या में इन्वेस्ट किया जा रहा है, जिससे जनपद में रहने वाले जनमानस को रोजगार की सुविधा जनपद में ही मिलेगी। मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि विभागों में करेप्शन समाप्त हो, और जीरो टालरेंस की नीति अपनायी जाये, इसी को साकार करने के लिए तहसील व न्यायालय में जनहित के कार्यों में करेप्शन जीरो करना है, इसके लिए हमारे अधिवक्तागण का सहयोग की जरूरत है, न्यायालय के अधिवक्तागण कानून व जनमानस के बीच एक मध्यस्ता को कायम बनाये रखने में अपनी अहम भूमिका निभाते के साथ ही न्याय दिलाने का काम करते हैं, मा0 मंत्री जी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की मंशा है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का जानकारी जनता के द्वार तक पहुंचे, ताकि जनता को सरकारी दफ्तर का चक्कर न लगाना पड़ें।

# सूरजकुंड में श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर । सरायख्वाजा के ऐतिहासिक भादोछठ् के मेले में रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने प्राचीन सूरज कुंड तालाब में भोर से ही श्रध्दा व आस्था की डुबकी लगाई।

मेले में भारी भीड़ उमडी रही । दिनभर गुड़वाली जलेबी से लेकर कृषि यंत्रों की खरीदारी हुई। दूर दराज से आये दुकानदारों की अच्छी बिक्री हुई। यह ऐतिहासिक भादोछठ् का मुख्य मेला रविवार को लगा। जिसमें तीन बजे भोर से ही महिलाएं बूढ़े बच्चे व अन्य लोग आस्था का प्रतीक प्राचीन सूरजकुंड तालाब में स्नान कर सूर्य को अर्ध्य देते रहे और स्नान ध्यान के उपरांत अपने पुराने कपड़े छोड़ कर कुंड पर स्थापित शिव मंदिर में पूजन अर्चन किया। महिलाओं ने कढ़ाई पुडी चढाकर पूजन किया। सूरजकुंड में चर्म रोगियों व बूढ़े बच्चे महिलाएं समेत 10 हजार से अधिक लोगों ने स्नान किया। इसके अलावा तीन किलोमीटर में लगने वाला भादो छठ् के मेले में किसानों ने कृषि यंत्रों की जमकर खरीदारी की। वहीं तमाम वाहन इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों ने इंस्टॉल भी अपने अपने प्रोडक्ट के लगाए। इसके अलावा खिलौनों की खरीदारी में बच्चों ने लुफ्त उठाया । जगह-जगह जलेबी की भी धूम रही। मेले में भारी संख्या में मिठाई की दुकाने, सिंगार प्रसाधन, फल, खेल खिलौने, गुब्बारे, कृषि यंत्रों की दुकानें सजी थी। छात्रों ने जगह-जगह निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई थी। भादोछठ मेले में भारी भीड चलते महिला पुरुष उचक्के भी सक्रिय रहे। भारी भीड़ देखते हुए दूबराआजमगढ से आई सोनम पत्नी सुरेंद्र के गले का चेन उच्चको ने गायब कर दिया। वही मछलीशहर से आयी कबिता सिंह की ससुर पति अखिलेश के मौजूदगी में ही गले से चेन गायब कर दिया। इसके अलावा राधिका देवी के कान की बाली महिलाओ की झून्ड मे छिन गया, केसरी देवी के गले से चांदी का चेन गायब कर दिया। उचक्के की सक्रियता देखते हुए पुलिस सक्रिय लेकिन तब तक आधा दर्जन महिलाएं लूट चुकी थी। सुबह 11 बजे से सिद्दीकपुर से जमुहाई, कोरीडीहा व पूर्वांचल विश्वविद्यालय से होते हुए करंजाकला बाजार ,मल्हनी से कोरीडीहा रूट डायवर्ट कर दिया गया था। जिसमें बड़े वाहन ट्रक बस को भीड देखते हुए डायवर्ट किया गया था। छोटे वाहन मेले के अंदर से गुजरते रहे।

## सरकार के प्राथमिकता वाले विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक

सोनभद्र। प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल प्रभारी राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार स्टाम्प तथा न्यायलय शुल्क (पंजीयन) की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को चिन्हित करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाया जाये, आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पंजीकृत अस्पतालों में मरीजों को ईलाज के साथ ही दवा की सुविधा उपलब्ध करायी जाये। कतिपय अस्पतालों में यह शिकायत प्राप्त होती है कि मरीजों को ईलाज के बाद दवा उपलब्ध नहीं करायी जाती। इस तरह की शिकायतें जिन अस्पतालों की प्राप्त हो, उनके विरूद्ध मुख्य चिकित्साधिकारी टीम गठित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करायें, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयुष्मान औषधि जन केन्द्र खोले जाये, सरकारी अस्पतालों में एम0आर0 टहलते हुए न दिखायी पड़ें, यदि इस तरह के सरकारी अस्पताल में एम0आर0 टहलते हुए पाये जायें, तो उनके विरूद्ध कार्यवाही किये जाये, खाद की



उपलब्धता किसान बन्धुओं को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। इस मामले में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। किसान सम्मान निधि योजना से अब तक जो लाभार्थी लाभान्वित नहीं हो सके है, उनके कागजात की त्रृटियों को सुधार करते हुए उन्हें किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न की खेती करने हेतु किसान बन्धुओं को प्रेरित किया जाये और जनपद के शक्तिनगर-वाराणसी मार्गों पर समूह की महिलाओं के माध्यम से ढाबा/रेस्टोरेन्ट खुलवाया जाये, जिस पर श्रीअन्न से बने उत्पादन की बिक्री की जाये, इसके लिए समूह की महिलाओं को प्रेरित किया जाये, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये और आवास के नाम पर लाभार्थियों से किसी प्रकार की धनराशि आदि लेने की शिकायत न मिलने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये, यदि इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये, कन्या सुमंगला योजना से सम्बन्धित जानकारी सी0एस0सी0 व पी0एस0सी0 केन्द्रों पर वाल पेंटिंग के माध्यम से अंकित करायी जाये, उन्होंने उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार 17 प्रकार के रोजगार करने हेतु युवक/युवतियों को लोन की सुविधा उपलब्ध कराती है, जिससे कि नवयुवक/युवतियों को रोजगार मिल सके, इसके लिए जनपद में चलो रोजगार करें, अभियान चलाये, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु समय-समय पर अभियान चलाया जाये, खनन क्षेत्रों में किसी प्राईवेट व्यक्ति की भूमि पर अवैध तरीके से खनन न होने पाये यह भी सुनिश्चित किया जाये, कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मंत्री जी ने कहा कि नये कानून की जानकारी हेतु गांव में चैपाल लगाया जाये और जन जागरूकता फैलायी जाये और महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की जाये, जिससे कि महिला फरियादियों को थाने में आने पर किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये और जीरो टालरेंस नीति का पालन किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मंत्री द्वारा जो भी दिशा-निर्देश बैठक में दिये गये हैं, उस निर्देश का सभी अधिकारीगण अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें। इस मौके पर राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलागुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी सहित सम्बन्धितगण अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

संक्षेप

## जन्माष्टमी मेले में हुआ आल्हा गायन का आयोजन

महोली/ सीतापुर महोली नगर मे चल रहे एतिहासिक धार्मिक श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी मेला महोत्सव मे काफी रौनक नजर आई। मेला देखने आये हुए महिला पुरूष और बच्चो ने मेले मे लगी हुई दुकानो पर जमकर खरीददारी की। तथा मेले मे मौजूद मनोरंजन के साधन जैसे झूले,मारूति सर्कस, सुनैना जादूगर, डांस पार्टी,का भरपूर आनंद उठाया ।इसी बीच मेले मे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी आल्हा गायन कार्यक्रम का आयोजन किया ।फरुर्खाबाद से पधारे आल्हा सम्राट गायक अताउल्लाह खान ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर आल्हा गाकर सभी दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप पधारे महोली विधान सभा के विधायक शशांक त्रिवेदी ने आल्हा गायको को पुरस्कृत कर सम्मानित किया ।इस कार्यक्रम मे लोगो की काफी भीड़ दिखाई दी ।इस कार्यक्रम के अवसर पर मेला व्यवस्थापक अशोक दीक्षित,आदित्य दीक्षित, पिसांवा ब्लाक प्रमुख मिथिलेश यादव, सुशील चक्रवर्ती, सुरेन्द्र अवस्थी,राजू दीक्षित,अजीत दीक्षित, लवकुश प्रधान बढ़ैया, पियूष मिश्रा,कृष्ण कुमार दीक्षित, मनोज मिश्रा,इंद्र मोहन त्रिवेदी,राजेश दीक्षित, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता ऊर्फ दीपू, महामंत्री शैलेंद्र मिश्र उर्फ बंटी आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मंच संचालन अशोक तिवारी ने किया।

## जंगली जानवर की चहलकदमी से दहशत

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र के ताजपुर सलौली में शनिवार की शाम फिर जंगली जानवर ने एक बकरी को अपना निवाला बना लिया। गांव निवासी शम्भू लाल की बकरी घर के बाहर बंधी हुयी थी। देर शाम जंगली जानवर ने वहां धावा बोल दिया।इससे पहले की किसी को भनक लगती। जंगली जानवर बकरी को उठा ले । गांव के बाहर गन्ने के खेत में बकरी के अस्थि पंजर पाए गए हैं।यहाँ बता दें कि शुक्रवार की शाम को इसी गांव निवासी रामचन्द्र की बकरी को भी जंगली जानवर उठा ले गया। यहां देर रात जंगली जानवर गांव में घुस आया था। ग्रामीणों ने देखे जाने पर उसे खदेड दिया इस सम्बन्ध मे जब वन दरोगा नरेन्द्र पाल यादव ने बताया सूचना मिली है। मौके पर पहुंच कर कांम्बिग की जा रही है।

## जंगली जानवर के हमले में वृद्धा घायल

पुरवा, उन्नाव। खेत पर काम करने गयी वृद्धा पर जंगली सुकर ने हमला कर घायल कर दिया। जिसे स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव मिजार्पुर सुम्हारी निवासिनी चंद्रावती उम्र 60 वर्ष पत्नी गंगा बिसुन रविवार की दोपहर खेत में घास काटने गयी थी। जहां अचानक जंगली सुअर ने हमला कर उसे घायल कर दिया। वृद्धा के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे बचाया। जिसे घायल अवस्था मे इलाज के लिए परिजन एम्बुलेंस से स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां घायल वृद्धा का इलाज जारी है।

## बुखार से हो रही मौत

सीतापुर। विकास खंड सकरन में बुखार के प्रकोप से हो रही मौतों का सिलसिला अभी जारी है । शनिवार को सकरन क्षेत्र के मदनापुर मजरा कल्ली गांव निवासी गेंदा देवी उम्र 53 वर्ष शुक्रवार को बुखार आया था। जिनका इलाज गांव के एक प्राइवेट डॉक्टर के यहां चल रहा था। शनिवार की रात उसकी मौत हो गयी। वहीं बीमार चल रहे उनके पति रामकुमार उम्र 55 वर्ष की रविवार की सुबह मौत हो गयी। इसके अलावा ग्राम पंचायत दुगाना के मजरा कोरियनपुरवा निवासी रामधार उम्र 55 वर्ष की मौत रविवार की सुबह हो गयी। इसी ग्राम पंचायत के मजरा दुगनिया निवासी विजय यादव वर्ष 30 वर्ष की मौत रविवार को बुखार से हो गयी । इसके अलावा शुक्रवार को कस्बा सकरन निवासी प्रहलाद वर्मा (75), ग्राम पंचायत प्यारापुर के मजरा लालूपुरवा निवासी कल्लू राम यादव (80), रकबा मजरा अदवारी निवासी शहीद गुब्बारावाला (40), इसी गांव निवासी बाबू यादव (55) की मौतें शुक्रवार को बुखार से हो चुकी है । गांवों में सौ से अधिक लोग बीमारी से पीडित हैं । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डॉक्टरों के न होने व दवाओं की कमी के चलते सभी का इलाज क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों के यहां चल रहा है । स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से क्षेत्र में लगातार मौतें हो रही है सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सचान ने बताया कि सूचना मिलने पर सम्बंधित गांवों में टीम भेजकर दवाइयों का बितरण करवाया जा रहा है ।

# चोरी का माल बरामद, चार गिरफ्तार



सीतापुर। गत 27 अगस्त को प्रेमनारायण तिवारी निवासी ग्राम कोदौरा के घर तथा 29/30 अगस्त की रात्रि वीरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गोडैंचा थाना सदरपुर के घर चोरी की घटना हुई थी। इस मामले की जांच में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्वारी-शुक्लनपुरवा चकमार्ग पर छापेमारी की। वहां से पुलिस टीम ने प्रकाश पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम ग्वारी थाना थानगांव, .आशीष उर्फ ननका पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम शुक्नलपुरवा नई बस्ती मजरा क्योड़ा थाना रामपुर मथुरा , संदीप पुत्र लल्ला निवासी ग्राम लोनियनपुरवा मजरा ग्वारी थाना थानगांव व नौशाद पुत्र मजीद निवासी ग्राम बकहुआ बाजार थाना सदरपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित चोरी गया माल-कुल 75,000/- रु0 नगद, 01 अदद हार पीली धातु, 01 अदद चैन पीली धातु, 05 अदद अंगूठी पीली धातु, 02 जोड़ी झुमकी पीली धातु, 03 अदद लॉकेट वाली माला पीली धातु, 01 अदद छोटी नथ पीली धातु एवं नथुनी की लर पीली धातु, 01 अदद मांग बिंदी पीली धातु, 01 अदद लॉकेट पीली धातु 3 पीस वाला, 01 अदद नथुनी पीली धातु, 04 अदद सुई धागा कटिया पीली धातु, 07 जोड़ी पायल सफेद धातु, 08 अदद अंगूठी सफेद धातु, 21 अदद सफेद धातु के सिक्के, 03 अदद कमर बंद हाफ पेटी सफेद धातु, 02 अदद राखी सफेद धातु, 01 जोड़ी हाथ फूल सफेद धातु, 01 एक अदद ओम सफेद धातु (कुल वजन सफेद धातु 1.50403 किलोग्राम एवं कुल वजन पीली धातु वजन 64.680 ग्राम व कुल नगद 75,000/- रुपए तथा बरामद 02 अदद साड़ी रंग लाल बरामद किया। एक अन्य वरदात से सम्बंधित कुल 11,000/- रुपये नगद, 3 जोड़ी पायल सफेद धातु, 9 अदद बिछुआ सफेद धातु बड़ा नग वाला, 6 अदद बिछुआ सफेद धातु छोटा नग वाला, 1 जोड़ी बाला पीली धातु बरामद किया है। पुलिस ने दो अवैध तमंचा मय कारतूस के, एक मोटर साइकिल, प्लास, पेचकस बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा जनपद सीतापुर के विभिन्न थानाक्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की गई है। जिसके सम्बन्ध में संबंधित थानों में चारों अभियुक्तो के विरुद्ध पूर्व से अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने बताया कि उनके द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति के सम्बन्ध में सूचना जुटाई जा रही है। सम्पति चिन्हित करने के बाद जब्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानगांव थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी, उपनिरीक्षक उमराव सिंह, अतिबल सिंह, निखिल कुमार, नरेन्द्र विश्वकर्मा, विपिन कुमार, कोशल कुमार, पंकज कुमार, गौरव कुमार 10, पिंकी शाही, निशा आदि पुलिसकर्मी शामिल हैं।

## लूट के माल के साथ दो गिरफ्तार

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र में गत 16 जुलाई को विनय कुमार मिश्रा निवासी मोहल्ला चाडक्यपुरी थाना रामकोट की पत्नी के गले से सोने की चैन लूट ली गई थी। घटना की जांच में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस ने रामकोट थाना कस्बा मोहल्ला गद्दी टोला निवासी विवेक यादव पुत्र मैकूलाल व प्रदीप वर्मा पुत्र शिवकुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से 4600 रुपये नगदी बरामद की है। पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) इठर की बढोत्तरी करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में



पेश किया है। पुलिस का कहना है कि चेन लूटने के बाद उसे एक घूमन्तु व्यक्ति को 15 हजार रुपये में बेच दिया। पुलिस का कहना है हिस्ट्रीशीटर अपराधी है । जिसके विरुद्ध चोरी से संबंधित कई धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

## महिलाओं ने देशी शराब की दुकान में डाला ताला

सीतापुर । घर के जेवर, अनाज, बर्तन आदि बेंचकर शराब पीकर आए दिन मारपीट करने से परेशान दर्जनों महिलाएं रविवार की सुबह पालिका के इचौली वार्ड स्थित देषी षराब के ठेके पर पहुंच ताला डाल दिया। महिलाएं ठेका स्थानांतरित करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगीं। सूचना पाकर आबकारी इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं को एक माह में ठेका स्थानांतरित करने का आष्वासन देते हुए शांत कराया। प्रदर्षन करीब दो घंटे तक चला।

पालिका के इचौली वार्ड में आबादी के करीब सरकारी शराब ठेके की दुकान होने से लोगों में बढ़ रही नशाखोरी से परेशान ज्ञानवती, लक्ष्मी, पूनम, सुनीता, दीपिका, कमला, पूजा, अनीता, बेबी, नेहा, रामकली सहित करीब 25 महिलाओं ने रविवार की सुबह करीब नौ बजे जब ठेके की दुकान पर पहुंच ताला डाल दिया। दस बजे सेल्समैन दुर्गेश जब दुकान पर पहुंचा तो महिलाओं ने उसे भगा दिया। सेल्समैन ने मामले की जानकारी दुकान के लाइसेंस धारक रमाकांती को दी। रमाकांती ने आबकारी निरीक्षक अरुण सिंह को मामले से अवगत कराया। सूचना पाकर आबकारी निरीक्षक ने आरक्षी राजेंद्र प्रसाद को मौके पर भेजा। नशा के विरुद्ध महिलाओं के विरोध की सूचना पाकर समाजसेवी अतुल वर्मा समर्थकों के साथ पहुंचे और आबकारी निरीक्षक अरुण सिंह से बात की। निरीक्षक द्वारा एक माह मे ठेका स्थानांतरित करने का आष्वासन दिये जाने के बाद महिलाओं ने ठेके का ताला खोल दिया। इस संबंध में महमूदाबाद के आबकारी निरीक्षक अरूण सिंह ने बताया कि इचौली वार्ड की महिलाओं द्वारा आबादी से दुकान हटाए जाने के लिए ठेके की दुकान पर प्रदर्षन किया था। एक माह में ठेका हटाने का आष्वासन दिया गया है। विभागीय उच्चाधिकारियों की अनुमति मिलने के बाद ठेके की दुकान को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

## पूविवि स्टार्टअप का नीति आयोग की बुक में स्थान

जौनपुर ।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर के स्टार्ट अप इनक्यूबीटी और विश्वविद्यालय के एल्युमनाई, शेखर आनंद और कुसुम आनंद द्वारा स्थापित स्टार्टअप, हीथॉक्स-के प्राइवेट लिमिटेड, को नीति आयोग, भारत सरकार के इनोवेशन फॉर यू कॉफी टेबल बुक के छठे संस्करण में शामिल किया गया है। इस विशेष संस्करण में पूरे भारत के 50 प्रमुख उद्यमियों के नवाचारों और प्रयासों को प्रस्तुत किया गया है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के लिए यह उपलब्धि है ।यह पहल अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग के तहत पहली बार की गई है, जिसमें जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्ट अप्स को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया है। अटल इनोवेशन मिशन के इनक्यूबेटर नेटवर्क ने इन स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और फंडिंग सहायता देकर उनके नवाचारों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे वे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकें ।इनोवेशन फॉर यू के छठवें संस्करण में हीथॉक्स-के के साथ-साथ देश के 50 अग्रणी उद्यमियों की प्रेरक कहानियों को शामिल किया गया है, जो डायग्नोस्टिक्स, ड्रग डिस्कवरी, बायोइंजीनियरिंग और थेरेप्यूटिक्स जैसे क्षेत्रों में अनूठे समाधान पेश कर रहे हैं। यह बुक भारत की जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी में परिवर्तनकारी क्षमताओं और सतत विकास के प्रति कटिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया स्थापना दिवस, किया पौधरोपण



उन्नाव। जनपद का अग्रणी जिला बैंक बैंक ऑफ इंडिया ने अपना 119 वाँ स्थपाना दिवस मनाया द्य इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक प्रबंधक ने बैंक ऑफ इंडिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। इस अवसर पर अचलिक प्रबंधक ने बताया कि उन्नाव जनपद में बैंक ऑफ इंडिया की 25 शाखाएं हैं। सभी शाखाओं को गुणवत्ता पूर्ण ग्राहक सेवा हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश दिए है। बैंक ऑफ इंडिया सभी ग्राहकों को सुगम, सरल एवं त्वरित बैंक सेवाएँ देने हेतु कटिबद्ध है। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया, सरकार द्वारा प्रायोजित सरकारी योजनाओ में जिले में सर्वाधिक ऋण किये हैं, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना, एक जनपद एक उद्पाद, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना इत्यादि योजनाओ में वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 759 लोगों को 20.55 करोड का ऋण वितरित किये जा चुके हैं। बैंक ऑफ इंडिया प्रधान मंत्री जन धन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत सभी लोगों को आच्छादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पंकज कुमार सिंह, धर्मेन्द्र द्विवेदी इत्यादि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत ,पत्नी घायल



सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रूसहन निवासी दयाराम उम्र 52 वर्ष अपनी पत्नी पुष्पा देवी के साथ दवाई लेने बिसवां कस्बे में आया था। यहां पर दवा लेने की बाद पति-पत्नी साइकिल से वापस घर जा रहे थे। रास्ते में बिसवां- महमूदाबाद रोड पर। गैस गोदाम के निकट पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल को टक्कर मार दी ।इस घटना में दयाराम की मौके पर ही मौत हो गई ।जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को बिसवां सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## मगरमच्छ दिखने से दहशत में लोग

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली व वन क्षेत्र लहरपुर के अन्तर्गत पीलीभीत-बस्ती मार्ग के निकट पुलिस

- लोगों ने वन विभाग पर उठाए सवाल

चौकी भदफर के निकट पुलिया के पास भरे बाढ के पानी से बाहर निकला मगरमच्छ देखा गया। उसे देखते ही लोगो ने मगरमच्छ का वीडियो बनाया।

लोगों की आहट पाकर मगरमच्छ वापस पानी मे चला गया। सूचना पर मौके पर पहुंची लहरपुर वन विभाग टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया ।वन दरोगा अरविंद गिरी ने बताया मगरमच्छ वापस पानी मे चला गया है। पानी मे जलकुम्भी होने की



वजह से जाल पड पाना संभव नही है। लोगो का वन विभाग की टीम खानापूर्ति कर वापस चली गई। स्थानीय लोगो का कहना है कि वन विभाग पानी सूखने या कोई अनहोनी का इंतजार कर रहा है ।क्योंकि करीब एक माह पूर्व इससे कुछ ही दूरी पर मगरमच्छ देखा गया था। उसे दौरान भी वन विभाग ने उसे पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। अब एक बार फिर से इस क्षेत्र में मगरमच्छ देखा गया है। मगरमच्छ देखे जाने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## खेलों से बच्चों के शरीर में नयी ऊर्जा का होता है संचार : बीईओ



महोली/सीतापुर। संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय कुसैला प्रथम के प्रांगण में किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप ने दीप प्रज्वलन कर किया खेलकूद प्रतियोगिता में संकुल के 9 प्राथमिक एवं दो जूनियर हाई स्कूल के विद्यालयों की टीम के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय बेहड़ा एवं द्वितीय स्थान प्राथमिक विद्यालय कुसैला को एवम बालक वर्ग में प्रथम स्थान कुसैला प्रथम ,दितीय स्थान कंपोजिट विद्यालय डौली को मिला। जूनियर वर्ग खो खो बालक वर्ग जूनियर कुसैला को प्रथम कंपोजिट डौली एवम बालिका वर्ग में प्रथम डौली दितीय कुसैला रहा ।लंबी कूद में कुसैला प्रथम के छात्र सुमित में बाजी मारी। खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप ने कहा कि खेलों से बच्चों के शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है जिससे बच्चे स्वस्थ रहते हैं वही बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है ।इस अवसर पर आलोक मिश्र, जागेश्वर वर्मा, रविंद्र यादव मुनेंद्र कश्यप,विनोद चतुर्वेदी, यज्ञ दत्त ,राम सिंह ,अनुपमावेरमा, अंजना देवी, श्रद्धा,अंजू,सीमा,स्वाति आदि उपस्थित रहे।

## कस्बे में गणेश चतुर्थी पर हुए आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर ।बिसवां नगर के प्रसिद्ध मां शीतला देवी प्रांगण में गणेश चतुर्थी शाम तत्सत सेवा संस्थान सीतापुर के कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया ।सीतापुर से आये भजन गायक अनूप निषाद व लखनऊ



पर्व बीसवां श्री गणेश महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। भगवान गजराज की मूर्ति को मंदिर के पंडाल में विधि विधान से स्थापित किया गया है ।

समिति के पदाधिकारियों द्वारा व्रन्दावन मथुरा से पधारे पुजारी के द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।देर की भजन गायका शालिनी मिश्रा के द्वारा गाये गए भजनों में श्रोता झूम उठे । मन्दिर प्रांगण में भजनों की गूंज से इलाके के लोग भक्तिमय माहौल में डूब गए । इस अवसर पर प्रवीण श्रीवास्तव,अभिषेक गुप्ता, संदीप रस्तोगी, अनुज रस्तोगी ,मनोज वर्मा, शिवम शुक्ला समेत तमाम गणेश भक्त उपस्थित रहे ।

## संदिग्ध परिस्थिति में बच्चे की मौत



पाटन, उन्नाव। थाना बिहार अंतर्गत कपुरपुर गाँव में छः वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितयो में मौत हो गयी। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। थाना क्षेत्र के कपुरपुर गांव निवासी अवी पुत्र विजय उर्फ राजकुमार उम्र 6 वर्ष की रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार करीब 15 दिन पहले अवी व उसके छोटे भाई युवराज को गाँव मे ही एक पागल कुत्ते ने काट लिया था। दोनो बच्चो को सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ 27 अगस्त, 30 अगस्त व 3 अगस्त को रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया था। अंतिम इंजेक्शन की तारीख 24 सितंबर दी गयी थी। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही करने का भी आरोप लगाते हुए बताया कि बड़े बच्चे अवी के कंधे में कुत्ते ने गहरा घाव बनाया था जबकि छोटे बच्चे की कमर में घाव बना है। डॉक्टरों ने इंजेक्शन तो लगा दिया पर मलहम पट्टी नही की। म्रतक बच्चे के पिता विजय राजस्थान के किसी होटल में मजदूरी करते है। उनको जैसी ही घटना बतायी गयी बदहवाश होकर अपने पुत्र के अंतिम संस्कार के लिए निकल पड़े। म्रतक बच्चे अवी का एक छोटा भाई युवराज उम्र 4 वर्ष व एक छोटी बहन उम्र आंशिका उम्र 02 वर्ष है। माँ कांति देवी सहित पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

## जरदोजी के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए कल तक आवेदन करें

उन्नाव। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कौशल सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम योजनान्तर्गत जनपद उन्नाव में सामान्य वर्ग के 25 व्यक्तियों को जरी जरदोजी व 25 को दर्जी तथा अनुसूचित जाति के 25 व्यक्तियों को जरी जरदोजी, व 25 को चिकनकारी में 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु विभागीय वेबसाइट नचाअपइ.हवअ.पद के निर्धारित पोर्टल पर इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों में से स्कोर कार्ड में निर्धारित 100 अंक में से न्यूनतम 60 अंक या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले आवेदकों का चयन जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा करते हुये सूची प्राचार्य, मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, डालीगंज लखनऊ को प्रशिक्षण देने के लिये पोर्टल पर ऑनलाइन प्रेषित किया जायेगा। उन्होने बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन ऑनलाइन उपरोक्त पोर्टल पर 10 सितम्बर तक कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 2-बाबूगंज उन्नाव में सम्पर्क कर सकते है।

## वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे पर 100 मरीज का कैल्शियम जांचा

सीतापुर। साईं फिजियोथेरेपी सेन्टर सिविल लाइन्स में संरक्षिका फाउंडेशन द्वारा वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे मनाया गया। इस मौके पर निशुल्क बीएमडी जांच की गई। जिसमें हड्डी में कैल्शियम को जांचा गया। निःशुल्क जांच में लगभग 100 मरीजों ने जांच करवाई। जांच के बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पीपी श्रीवास्तव एवम फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर शांतनु अवस्थी द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। मरीज को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। इस मौके पर डॉक्टर शांतनु अवस्थी ने बताया की हर व्यक्ति को व्यायाम अवश्य करना चाहिए। योग करना चाहिए। ऐसा करने से तमाम बीमारियां स्वत चली जाती है। योग करने से शरीर स्वस्थ बना रहता है। इस अवसर पर प्रत्युष अवस्थी, अनूप त्रिपाठी वैल्यू फॉमुलेशन, आशीष शुक्ला , डॉक्टर मुजीब अंसारी फिजिशियन ,अंकित रस्तोगी ,अनुज यादव, मनीष आदि उपस्थित रहे ।

## गोमांस के साथ 2 गिरफ्तार



सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाने की पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी की। पुलिस ने परसेहड़ा के निकट लखीमपुर खीरी जिले के खीरी थाना क्षेत्र की सैयद बाड़ा निवासी असलम पुत्र करीमुल्ला व जीशान पुत्र मोहम्मद रईश को गिरफ्तार किया। इन दोनों लोगों के कब्जे से 15 किलोग्राम गो-मांस एवं दो चाकू बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में गोवध निवारण अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है । पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक दयाशंकर, उपनिरीक्षक राम आसरे चौधरी, रोहित शुक्ला, प्रदीप यादव शामिल हैं।

## कॉपी-शो कान्टेस्ट का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

तम्बौर-सीतापुर। कस्बे के रेडियन्स इंटर कॉलेज में आयोजित कॉपी-शो कान्टेस्ट के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया जिसमें अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम दोनों संकायों के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। विद्यालय में कॉपी-शो कान्टेस्ट कराने का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं में प्रत्येक विषय की कॉपियों को सीतापुर, लखनऊ एवं अन्य बड़े शहरों के शिक्षण संस्थानों की तरह व्यवस्थित रूप से सुसज्जित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया । कॉपी-शो कान्टेस्ट में निर्णायक की भूमिका मुख्य रूप से K.P.S. P.G. College तम्बौर के श्री तिवारी जी सहा प्रोफेसर (राजनीति शास्त्र) एवं सुश्री इन्दु पाण्डेय जी सहा प्रोफेसर (जंतु विज्ञान) रहे/रही ।बच्चों ने बहुत ही सुंदर ढंग से अपने कार्य का सम्पादन भी किया। मुख्य अतिथि के रुप में लॉयल इंटर कॉलेज लखनऊ के उप प्रधानाचार्य अमित कुमार वर्मा की गौरवमय उपस्थिति रही। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता प्रतिभागियों के अभिभावक, सैय्यद रेहान सभासद (पत्रकार), ज़ियाउल हक, पत्रकार हाशिम मलिक, विनीत तिवारी, मास्टर साबिर अली, जईम खान सभासद एवं खालिद पत्रकार तथा विद्यालय प्रबंधक अजीज अहमद गौरी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव, उप-प्रधानाचार्य कुलदीप मौर्य, हफीज खान, लतीफ खान, सईद अहमद, दिलीप राजपूत, सविता वर्मा, अजीत बाजपेई, शमा परवीन, सबा परवीन हुस्न जहां, खुशनिदा, जीनत, प्रेमलता, विभूति श्रीवास्तव, सौरभ पाण्डेय, रफी गौरी, ओसामा खान, माऊन खान, अंशुमान पाण्डेय, श्वेता श्रीवास्तव, अफसाना, शीबा, तन्जीला, चन्दा बेगम, हाफिज मोहु फुरकान, प्रमोद कुमार, मनोज प्रजापति, दिलशान खान, अरिता रावत, शिवांगी, नीलम, रूश्दा अमान यशरब आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिभागी छात्र/छात्राओं की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ट्रांसफार्मर जलने से नाराज ग्रामीणों नें किया चक्का जाम

सोनभद्र। ट्रांसफार्मर जलने से खफा दर्जनों महिलाओं व पुरुषो नें रविवार दोपहर लगभग 3:30 बजे बीना क्षेत्र के बांसी मे हाइवे जाम कर जमकर आक्रोश जताया। आरोप था की उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना बेहाल हो गया। बिजली विभाग को सूचित करने के बावजूद भी ट्रांसफार्मर नहीं लगा। जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई थी। सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह के साथ बीना चैकी प्रभारी संजय कुमार सिंह ने किसी तरह आक्रोशित महिलाओं को समझा बूझकर शांत कराया लेकिन उसके बाद महिलाओं ने उपकेंद्र जाकर घेराव कर दिया। हाइवे जाम से लगभग एक घंटे जाम मे लोग फंसे रहे ।बड़ी मशक्कत के बाद लोगों को समझा बुझाकर पुलिस ने हटाया। बिजली विभाग ने आश्वासन दिया कि सोमवार तक ट्रांसफार्मर लग जाएगा। तब जाकर मामला शांत हुआ ।जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों नें बताया की 250 केवीए का ट्रांसफार्मर बीते रात जल गया था। जिससे लगभग 200 घरों की बिजली ठप थी।

# भारत पर बढ़ता भरोसा

इसे भारत की अर्थव्यवस्था में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के बढ़ते भरोसे के रूप में भी हम देख सकते हैं, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ बीती पांच तिमाहियों में सबसे कम रही है, फिर भी विश्व बैंक, आईएमएफ और एशियाई विकास बैंक जैसे संस्थान भारत को लेकर सकारात्मक हैं। यहां तक कि भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन और विकास दर को लेकर आरबीआई से भी बेहतर अनुमान लगा रहे हैं। भारत सरकार के डाटा में 2024-25 की पहली तिमाही ( अप्रैल-जून ) में आर्थिक विकास दर 6.7 फीसदी बताई गयी, लेकिन विश्व बैंक का आकलन सामने आया है कि इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7 फीसदी रहनी चाहिए। उसके आकलन के अपने आधार हैं। वह मानता है कि निजी उपभोग और मांग में उछाल आयेगा। औसत उपभोक्ता खरीददारी करने बाजार तक जायेगा। जाहिर है कि बाजार में भी पैसा आएगा। वही आर्थिक विकास की दर भी तय करता है। विश्व बैंक ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक और एशियन डिवेलपमेंट बैंक आदि वैश्विक एजेंसियों के भी आकलन और अनुमान विश्व बैंक सरीखे ही हैं। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने वृद्धि दर को कुछ ज्यादा आंका है और उसका अनुमान 7.2 फीसद का है। रिजर्व बैंक ने पहली तिमाही का अनुमान भी 7.1 फीसदी लगाया था, लेकिन बढ़ोतरी 6.7 फीसदी ही दर्ज हो पाई। भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में ऐसे अंतरराष्ट्रीय आकलन बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि सभी वैश्विक एजेंसियों के आकलन लगभग समान हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है और सबसे तेज गति से बढ़ रही है। विश्व बैंक के आकलन का आधार यह है कि निजी खपत की बढ़ोत्तरी दर पहली तिमाही में 7.4 फीसदी रही है, जबकि पिछले साल यह 4 फीसदी थी। इसका बड़ा कारण है कि ग्रामीण आमदनी में सुधार। लिहाजा प्रति व्यक्ति उपभोग भी बढ़ा है। हालांकि शहर में औसतन निजी खपत कम रही है। बीते साल अल नीनो के बाद एक बेहतर मानसून सत्र रहा है और अच्छी बारिश हुई है। गर्मियों में भीषण लू के बावजूद कृषि उत्पादन बढ़ा है, लिहाजा आय बढ़ी है, तो खपत और मांग भी बढ़ी है। विश्व बैंक का आकलन है कि निवेश की बढ़ोत्तरी में हल्की मंदी आएगी और इसलिए सरकारी पूंजी व्यय में वृद्धि धीमी हो सकती है। विश्व बैंक ने आगामी दो वित्त वर्ष 2025-27 के दौरान भी औसत जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी आंकी है। वैसे यह 7 फीसदी अथवा उससे अधिक भी हो सकती है। आईएमएफ का आकलन है कि अगले कुछ वर्षों के दौरान भारत की आर्थिक वृद्धि दर करीब 6.5 फीसदी रहेगी। रिपोर्ट में भारत के निर्यात का भी विश्लेषण किया गया है। भारत उस खाली स्थान का फायदा नहीं उठा पा रहा है, जो चीन के कम हुनरमंद विनिर्माण क्षेत्र के सिकुड़ने के कारण रिक्त हुआ था। हालांकि बांग्लादेश और वियतनाम चीन की इस सिकुड़न के प्राथमिक लाभार्थी रहे हैं। परिधान, चमड़ा, वस्त्र और जूते आदि के निर्यात में दोनों ही देश बड़े हिस्सेदार हैं। चीन की सिकुड़न से वैश्विक स्तर पर जो देश लाभान्वित हुए हैं, उनमें पोलैंड, जर्मनी और फ्रांस आदि हैं। विश्व व्यापार संगठन की शर्तें भी भारत के लिए बाधा बनती हैं। उनमें वस्तुओं के दाम भी मुख्य समस्या है। रोजगार की भी समस्या है। विनिर्माण और सेवाओं के निर्यात उच्च कौशल वाले बन गये हैं और इसमें अधिक हुनर अपेक्षित है। भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में वैश्विक माहौल हमारे अनुकूल है लेकिन इसका फायदा उठाने के लिए उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, उनको और प्रतिस्पर्धी बनाने से लेकर देश में भारी युवा आबादी का लाभ उठाने के लिए उनको स्किल्ड करने की जरूरत है, ताकि लंबी अवधि तक हमारी उच्च विकास दर बनी रहे।




**भारत के संदर्भ में बेहतर होते वैश्विक माहौल का समुचित लाभ उठाने के लिए जरूरी है कि हमारे युवा हुनरमंद बनें।**

# परदेश की राह क्यों पकड़ रहे हैं भारतवासी



लोकमित्र

भारतीयों का विदेश पलायन कई वजहों से बहुत चिंताजनक है। पिछले दिनों जब केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में विदेश जाने वाले भारतीयों के आंकड़े पेश किए थे, तब से यह संदर्भ चिंता का विषय बना हुआ है। क्योंकि अगर भारतीयों के बढ़ते विदेश पलायन को हम आंकड़ों में देखें तो पता चलता है कि अकेले साल 2023 में ही भारत की नागरिकता छोड़कर विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या 2,16,219 थी। जबकि उसके पहले साल 2022 में 2,25,620, 2021 में 1,63,370, 2020 में 85,256 और 2019 में 1,44,017 भारतीयों ने देश की नागरिकता छोड़ी थी। याद रखिये, ये संख्या भारतीयों के विदेश जाने वाले लोगों की संख्या नहीं है, यह संख्या उन लोगों की है, जो हमेशा हमेशा के लिए देश से नाता तोड़कर विदेश जा बसे हैं। वैसे हर साल पढ़ने, कारोबार और नौकरियों आदि के वास्ते 20 लाख से भी ज्यादा भारतीय विदेश जाते हैं। भारत के बाहर विभिन्न देशों में बसे भारतीय प्रवासियों की संख्या अब बढ़कर 3 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। एक जमाने में दुनिया में सबसे ज्यादा चीनी प्रवासी हुआ करते थे। अब हमने उनके रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। संख्या के मामले में भी और विदेशों से आने वाली धनराशि के मामले में भी। विदेश जाकर कमाकर भारतीयों द्वारा अपने देश भेजे जाने वाली धनराशि भी अब 100 अरब डॉलर से भी ज्यादा हो चुकी है। इसके कई मायने हैं। एक तरफ जहां बड़ी संख्या में भारतीयों के बाहर जाने से हमारा बहुत तेजी से आर्थिक विकास हो रहा है, भारतीय संस्कृति का दुनिया के कोने कोने में फैलाव हो रहा हैं, इससे भारत की आर्थिक ही नहीं राजनीतिक और कूटनीतिक ताकत भी बढ़ रही है।

इस तरह देखें तो चिंता भारतीयों का विदेश जाना नहीं है, चिंता यह है कि कुछ लोग भारत की नागरिकता छोड़कर क्यों जा रहे हैं ? क्योंकि जाहिर है जब भारतीय अपनी नागरिकता छोड़कर दूसरे देशों में जाएंगे तो भारत से अपनी धनसंपत्ति भी लेकर जायेंगे। इससे देश की आर्थिक ताकत प्रभावित होती है। इसी के साथ ही वे भारतीय भी देश की चिंता का बड़ा विषय बने हुए हैं, जो भारत में विभिन्न तरह के अपराध, जिनमें खासतौर आर्थिक गमन शामिल हैं, करके विदेश भाग रहे हैं। पिछले एक दशक के भीतर ऐसे अपराधियों ने भारत को 40,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का चूना लगाया है। अकेले विजय माल्या ने ही 9,000 करोड़ रुपये के गबन के आरोपी हैं और अगर नीरव मोदी, एमी मोदी और मेहुल चौकसी को भी इसमें शामिल कर लें तो यह धनराशि करीब 23,000 करोड़ रुपये बन जाते हैं।

जिन भारतीयों के विदेश जाने को लेकर हाल फिलहाल में खूब चिंता जतायी जा रही है, वो यही लोग हैं जो तरह तरह के अपराध करके भाग रहे हैं या अपनी धनसंपत्ति लेकर हमेशा हमेशा के लिए भारत छोड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पहले भारतीय हमेशा हमेशा के लिए देश की नागरिकता छोड़कर विदेश नहीं जाया करते थे। अगर सरकारी आंकड़ों को ही देखें तो साल 2011 में 1,22,819, 2012 में 1,20,923, 2013 में 1,31,405, 2014 में 1,29,323, 2015 में 1,31,489, 2016 में 1,41,603 और 2017 में 1,33,049 भारतीयों ने इसी तरह से हमेशा हमेशा के लिए देश की नागरिकता छोड़कर चले गये थे। सवाल है फिर आखिर इस समय में हम भारतीयों के देश छोड़कर जाने को लेकर इस कदर चिंतित क्यों हैं ? इसकी दो वजहें हैं। एक वजह तो यह है कि निःसंदेश देश की नागरिकता छोड़कर विदेश जाने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस संख्या का बढ़ना इसलिए खतरनाक है, क्योंकि नागरिकता छोड़कर विदेश जाने वाले, आम लोग नहीं हैं। ये आमतौर पर औसत भारतीय मध्य वर्ग से भी बेहतर आर्थिक स्थिति वाले लोग हैं। जो न सिर्फ भारत में ठीकठाक आर्थिक उपार्जन कर रहे थे बल्कि उनके चलते बड़े पैमाने पर रोजगार भी बढ़ रहा था या इनके होने पर बढ़ने की संभावना थी। इस तरह इनका जाना महज जाना नहीं बल्कि अपने साथ धन-सम्पत्ति लेकर हमेशा के लिए चले जाना भी है। इस तरह इनका देश से चले जाना देश का आर्थिक रूप से कमजोर होना है। क्योंकि आर्थिक शब्दावली में कहें तो ये देश के एसेट हैं। इसका दूसरा चिंताजनक पहलू यह है कि पहले जहां भारतीय विदेश जाकर कुछ गिने चुने दुनिया के विकसित देशों में ही नागरिकता हासिल करते थे जैसे- अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस या ऐसे ही यूरोपीय देश। लेकिन हाल के सालों में विदेश जाने वाले भारतीयों द्वारा दूसरे देशों की नागरिकता लेने का ब्योरा बेहद चैंकाता है। मसलन 2018 से 2023 के दरमियान भारत छोड़कर गये लोगों ने दुनिया के 114 अलग अलग देशों में नागरिकता हासिल की, जिनमें अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे सम्पन्न और विकसित देश तो थे ही, इसमें पाकिस्तान, नेपाल और केन्या जैसे देश भी शामिल थे, जो भारत के मुकाबले कहीं भी नहीं टिकते।

यह हैरान करने वाली बात है कि पिछले छह सालों में 70 लोगों ने पाकिस्तान की और 130 लोगों ने नेपाल की नागरिकता हासिल की है। साथ ही 1500 लोगों ने केन्या की नागरिकता हासिल की है। ये वो देश हैं जिनकी छवि दुनिया में छोड़िये भारतीयों के बीच भी बहुत अच्छी नहीं है। पाकिस्तान को आमतौर पर भारतीय लोग मानसिक तौर पर एक दुश्मन देश के रूप में चिन्हित करते हैं। जाहिर है इसलिए लोग पाकिस्तान जाकर नहीं बसना चाहेंगे। क्योंकि लोगों के पाकिस्तान जाने का नुकसान उनके परिजनों और भारत में रह गये नाते रिश्तेदारों पर भी नकारात्मक पड़ता है। हालांकि नेपाल और केन्या की तस्वीर आम भारतीयों के जहन में ऐसी नकारात्मक नहीं है, लेकिन हर कोई जानता है कि नेपाल और केन्या दोनों ही अत्यंत गरीब देश हैं और करीब 1 करोड़ नेपाली भारत में सबसे निचले स्तर के काम मसलन साफ-सफाई, गाड़ियों को धोना और चौकीदारी आदि करते हैं। यही स्थिति केन्या वालों की भी है बल्कि केन्या के लोगों की तो सामाजिक छवि भी बहुत ज्यादा खराब है। क्योंकि केन्याओं को अमूमन ड्रग्स सप्लायर के रूप में या अपराध करने वालों के रूप में जाना जाता है और केन्या किसी भी स्तर पर कोई आर्थिक प्रगति करता नहीं दिख रहा। इसके बाद भी 1500 लोगों का केन्या में जाकर बस जाना चिंताएं पैदा करता है।

तो सवाल है इस स्थिति के इस पलायन का कारण क्या है ? इसके पीछे कई वजहें हैं जो कई तरह की सच्ची-झूठी चिंताएं उजागर करती हैं। जो विभिन्न स्तरों पर भारत छोड़कर जाने वाले लोगों के जरिये ही सामने आ रही हैं। जैसे भारत के एक बड़े और पढ़े लिखे तबके का आरोप यह है कि सामाजिक और राजनीतिक दोनों ही स्तरों पर अच्छी और सरकारी नौकरियां या तो उन लोगों को मिलती हैं जिनके भरपूर राजनीतिक और प्रभावशाली संपर्क हैं या फिर उन लोगों को जिन्हें नौकरी देना आज राजनीतिक दबाव की वजह बन गया है। हाल में गुजरात के मेहसाणा के एक व्यक्ति ने बड़ी संख्या में निकारागुआ में जाकर बस जाने वाले लोगों के बारे में कहा कि उन्हें यहां नौकरी मिलने का विश्वास नहीं था। इसलिए वे अपने तमाम आर्थिक संकटों के लिए अपनी मातृभूमि छोड़कर निकारागुआ जैसे मामूली देश में जाकर बस गये। भारत में सबसे ज्यादा विदेश में जाकर बसने वाले लोग गुजरात, पंजाब और दक्षिण भारत के विभिन्न प्रदेशों के लोग हैं, जिसका एक कारण बड़े पैमाने पर उनके विदेशों में मौजूद संपर्क हैं। नवंबर 2022 से सितंबर 2023 तक अकेले अमेरिका में 96,917 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया, जो कि 2019-20 में ऐसे ही 19,883 लोगों के मुकाबले 5 गुना थे। ये भारतीय इसलिए भी यहां अवैध रूप से घुसने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि उनके वहां संपर्क मौजूद थे। इन्हें पता था बस एक बार घुस जाएं तो इनके वहां मौजूद लोग सारा इंतजाम कर देंगे। साल 2021-22 में ऐसे ही 63,927 लोग पकड़े गये थे।

**भारत से विदेश जाकर बसने वाले लोग बहुत हंसी खुशी से, बहुत आनंद उठाने के लिए नहीं जा रहे, उनकी भी अपनी अपनी तरह की समस्याएं हैं। इसलिए लोगों को शक के चश्मे से देखने के बजाय उनकी समस्याओं की नजर से भी देखना होगा।**



## सोशल मीडिया

जम्मू-कश्मीर में दस साल पहले हुए चुनाव और इस साल होने जा रहे चुनाव में दिन रात का अंतर है, अब कश्मीर में आईएसआईएस और पाकिस्तान के झंडे नहीं दिखते। सुधांशु त्रिवेदी.



विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के अन्तर्गत अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर गौर-वान्वित हूं। जेपी नड्डा.



मुसलमान मतदाता राजद पार्टी के लिए केरोसीन है, लालू की लालटेन में मुस्लिमों के बच्चों का भविष्य जलता है और रौशनी मुस्लिमों के यहां नहीं बल्कि कहीं और होती है। प्रशांत किशोर.



# फिट रहना है तो झुक कर नहीं, तनकर बैठिये...



स्वास्थ्य

राजकुमार दिनकर

आज की कामकाजी महिला को घंटों घंटों अपने लैपटॉप के साथ काम करना पड़ता है। दिन में कई घंटे कुर्सी में बैठकर बिताने पड़ते हैं। इसलिए अगर इस दौरान आपने सजग होकर अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधी नहीं रखी यानी तनकर नहीं बैठीं तो बहुत किस्म की शारीरिक परेशानियों से दो चार होना पड़ेगा। झुककर बैठने, लचर बैठने से आपकी हड्डियों पर बल पड़ता है।

अगर फिट रहना है, कमर सम्बंधी शारीरिक परेशानियों से दूर रहना है, तो शुरू से ही अपने पॉश्चर पर ध्यान देना होगा। सही पॉश्चर से हम पूरी जिंदगी फिट रहते हैं और गलत पॉश्चर से कुछ ही सालों में कई तरह की शारीरिक समस्याओं से घिर जाते हैं। आइये देखें सही पॉश्चर यानी बैठते समय रीढ़ की हड्डी सीधी रखने से हम किन किन समस्याओं से बाख जाती हैं और सही पॉश्चर में न बैठने पर किन किन समस्याओं से हम घिर जाते हैं।

### पीठ दर्द की समस्या

आजकल की कामकाजी महिलाओं की यह आम समस्या है। जवानी में ही उनकी पीठ में रह रहकर भयानक दर्द उठता है, कई बार दर्द की एक लहर उठती है। दरअसल यह गलत पॉश्चर में बैठने का सबसे आम नतीजा होता है। ऑफिस में लंबे समय तक जब हम कमर और गर्दन झुकाकर काम करते हैं, तो रीढ़ की हड्डी में गैरजरूरी दबाव पड़ता है। जिससे धीरे धीरे रीढ़ हड्डी टेढ़ी होने लगती है और दर्द हमारा स्थायी साथी बन जाता है। अगर आप कामकाजी हैं तो पहले दिन से ही ध्यान रखें कि दफ्तर में ज्यादातर समय सीधे तनकर बैठें ताकि मांसपेशियां और लिगामेंट्स आपकी रीढ़ को सपोर्ट करें और उसमें हर जगह समान भार पड़े।

### सांस लेने में मुश्किल

अगर आपकी दफ्तर में कई घंटों तक सिर झुकाकर काम करने की आदत पड़ गई है, तो धीरे धीरे आपकी रीढ़ की हड्डी अपना आकार बदलने लगती है। यह सीधे रहने की बजाय सपार्कार होने लगती है। इससे फेफड़े संकुचित होने लगते हैं और गहरी सांस लेने में परेशानी होती है। जिस कारण ज्यादातर समय हम छोटी या उथली सांसें लेते रहते हैं। नतीजा यह होता है कि हम जल्दी थक जाते हैं और सांस लेने में हांफने लगते हैं। फेफड़ों की क्षमता हमेशा बरकरार रहे, इसे ध्यान में रखकर दिन में जितने समय बैठना पड़े, कोशिश करें तनकर बैठें यानी रीढ़ की हड्डी सीधी रखें।

### कमजोरी महसूस करना

जब हम कई घंटों तक झुककर काम करते हैं और लगातार यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा बन जाता है तो पीठ और कंधे की मांसपेशियां कमजोर पड़ जाती हैं। नतीजा यह निकलता है कि हम थोड़ा सा काम करने पर ही थक जाते हैं। मांसपेशियां मजबूत रहें, शरीर में ज्यादा मजबूती महसूस हो, इसके लिए जरूरी है कि हम बैठते समय अपनी रीढ़ की हड्डी का ध्यान रखें। कमर सीधी करके बैठें ताकि हमारा बैठने का पॉश्चर सही रहे।

### सिकुड़ती हैं रक्तवाहिकाएं

अगर हम लगातार झुककर काम करने की आदत का शिकार हो जाती हैं, तो इससे हमारी रक्तवाहिकाएं संकुचित होने लगती हैं। नतीजा साफ है कि रक्त के संचरण में धीमापन आता है। जिस कारण शरीर के विभिन्न अंगों को जरूरी पोषण और ऑक्सीजन नहीं मिल पाती, यह स्थिति कई तरह की बीमारियों का कारण बन जाती है। ब्लड सकुर्लेशन बेहतर रहे, शरीर के हर अंग तक जरूरी रक्त और ऑक्सीजन की खुराक पहुंचे, इसके लिए हमें बैठते समय अपने पॉश्चर पर नजर रखनी चाहिए। कोशिश करनी चाहिए कि ज्यादातर समय हम सीधे तनकर बैठें।

### सिरदर्द से छुटकारा

सही पॉश्चर में बैठने और काम करने से फायदा यह होता है कि हमें आमतौर पर सिरदर्द का सामना नहीं करना पड़ता। जबकि जब हम सिर झुकाकर काम करते हैं और गलत पॉश्चर में बैठते हैं तो बार बार हमें सिरदर्द का सामना करना पड़ता है। दरअसल सिरदर्द के सबसे आम कारणों में से एक गलत पॉश्चर में बैठना भी है। कंधे झुकाकर बैठने से गर्दन के पीछे खिंचाव आता है और सिरदर्द की शिकायत लगातार बनी रहती है। इससे छुटकारे का एक ही तरीका है अपना पॉश्चर सही रखें।

## विचार

अगर कोई व्यक्ति दृढ़ रहता है तो उसे पतन का गम नहीं होना चाहिए। वह उठकर फिर से चल देगा।
-महर्षि अरविन्द.

सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा ही एक बड़ा राष्ट्रीय पाप है।
-स्वामी विवेकानन्द.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना, दूसरों के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।
-ड्रायन एडवर्ड्स.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी आवश्यकता है जितनी शरीर को व्यायाम की।
-जोसेफ एडीसन.

जहां दया रहती है, वहां धर्म रहता है। जहां लोभ रहता है, वहां पाप का वास होता है। जहां क्रोध रहता है, वहां मृत्यु रहती है और जहां क्षमा रहती है, वहां भगवान रहते हैं।
-संत कबीर.

# धार्मिक प्रतीकों को समझें

अंतर्दृष्टि

मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में राम हूं। इन प्रतीकों को थोड़ा हम समझें। वायु इस जगत में सर्वाधिक स्वतंत्र है और स्वतंत्रता ही पवित्रता है। वायु कहीं बंधी नहीं है, कहीं ठहरी नहीं है, कहीं उसका लगाव नहीं है, कहीं उसकी आसक्ति नहीं है। वायु एक सतत् गति है। तो पहली बात, जहां भी लगाव होगा, वहीं अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जहां भी आसक्ति होगी, जहां भी ठहरने का मन होगा, जहां पड़ाव मंजिल बन जाएगा, वही अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जीवन की सारी दुर्गंध, जीवन की सारी कुरूपता, जहां-जहां हम ठहर जाते हैं और जकड़ जाते हैं, वहीं से पैदा होती है। जीवन जहां भी प्रवाह को खो देता है, गति को खो देता है और जहां ठहर जाता है, जड़ हो जाता है...। जैसे नदी बहती है, तो नदी पवित्र होती है। और डबरा बहता नहीं, अपवित्र हो जाता है। डबरे में भी वही जल है, जो नदी में है। लेकिन नदी में प्रवाह है, बहाव है, जीवन है। डबरा मृत है, कोई गति नहीं है। डबरा सड़ता है, दुर्गंधित होता है और नष्ट होता है। स्वभावतः, अपवित्र हो जाता है। कृष्ण कहते हैं, पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं। पहली बात, पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां प्रवाह सतत् हो। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई लगाव, जहां कोई रुकाव, जहां कोई ठहराव न आ जाए। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई फिक्सेशन, प्राणों का अवरुद्ध होना न हो। जिसके प्राण भी वायु की तरह हैं- कहीं ठहरे हुए नहीं, कहीं रुकते नहीं, कहीं बंधते नहीं, कहीं कोई आसक्ति निर्मित नहीं करते- वही केवल पवित्रता को उपलब्ध हो पाएगा।

प्राचीन समय से संन्यासी ने प्रवाहवत जीवन व्यतीत करने को कहा है। नदी की तरह बहते रहो। महावीर ने अपने संयासियों से कहा है कि वे तीन दिन से ज्यादा कहीं रूके नहीं। तीन दिन के पहले हट जाएं। थोड़ा सोचने जैसा है। क्योंकि तीन दिन का यह राज महावीर को कैसे पता चला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन आधुनिक मनोविज्ञान कहता है कि आदमी को किसी भी जगह मन के लगने में कम से कम तीन दिन से ज्यादा का समय चाहिए। आप अगर एक नए कमरे में सोने जाएंगे, तो तीन रातें आपको थोड़ी-सी बेचैनी रहेगी, चौथी रात आप ठीक से सो पाएंगे। कहीं भी किसी नई स्थिति को पुराना बना लेने के लिए कम से कम तीन दिनों की जरूरत है। कम से कम। थोड़ा ज्यादा समय भी लग सकता है। महावीर ने अपने संयासियों को कहा है कि वह तीन दिन से ज्यादा एक जगह न रुकें। इसके पहले कि कोई अपना मालूम पड़ने लगे, उसे हट जाना चाहिए। क्योंकि जहां लगा कि कोई अपना है, वहीं जंजीर निर्मित हो जाती है और जिसके प्राणों पर जंजीर पड़ जाती है, उन प्राणों में कुरूपता और दुर्गंध और सड़ांध शुरू हो जाती है।

**- ओशो.**

# सब चोरों के पीछे लगे हैं...

व्यंग्यलोक

पुलिस के घर चोरी हो गई। इस धार्मिक कार्यक्रम के संपन्न होने पर संभ्रांत चोर परिवार में हंगामा मच गया। तब चोर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आनन-फानन में एक मीटिंग बुलाई और पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को दंडित करने का निर्णय लिया। उनका आरोप था कि माना कि चारों और अनीति, अन्याय, अत्याचार है। लेकिन अपने चोर भाई को पुलिस के घरों में चोरी करते हुए शर्म क्यों नहीं आई ? पुलिस मात्र ही तो अपने भाई हैं। पुलिस ही तो अपने सगे हैं। बाकी सब तो चोरों के पीछे लगे हैं। अगर भाइयों के घर ही चोरी करने जाएंगे तो फिर चोर समाज को कैसे मुंह दिखाएंगे ? चोर की बहुत खूब लानत-मनालत की गई। पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को चोर एसोसिएशन में पुलिस भाई के सामने माफी मांग कर चुराई गई सामग्री वापस लौटाने के लिए आदेशित किया। सब चोरों ने मिलकर पुलिस की आरती गाई। पुलिस भाइयों के लिए स्वागत की थाली सजाई। इधर चोर के द्वारा चोरी करने पर पुलिस थानेदार के घर पर खुशियां मनाई गई। थानेदार की पत्नी ने ढिंढ़ोरा पीटा कि उनके घर कोई तो चोर आया। थानेदारनी मोहल्ले में खड़ी होकर व्याख्यान देने लगी। कहने लगी- धन्यभाग है हमारे ! जो चोर देवता हमारे घर पधारे ! चोरों ने जान लिया कि हम भी कंगले नहीं हैं। हमारे घर भी मालमत्ता है। रोकड़ा है। यह जानकर चोरों ने हम पर धावा बोला है। चोरों ने समाज में हमारी मान मर्यादा बढ़ाई है। मैं तो ऐसे विद्वान और समझदार चोर को सलाम करना चाहती हूं। एक बार उस महान चोर के दर्शन करना चाहती हूं। इसलिए चोर को देखने की गरज से थानेदारनी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का मन बनाया। वह जल्दी ही पुलिस थाने में गई और अपने घर में हुई चोरी की रपट लिखाने लगी। उसने देखा कि सामने ही उसका पति थानेदार बैठा हुआ है। पास में ही एक नेता लेटा है। नेता के पास बजरी रोड़ा से लेकर तोड़ा-फोड़ा तक का व्यवसाय है। इसमें पुलिस देवता भी स्टेकहोल्डर हैं। पतिदेव थानेदार ने कहा कि चोर को तो पकड़ लेंगे लेकिन इसके लिए नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने की फीस देनी होगी। बात सुनते ही थानेदारनी ने पुलिस थाने के नियमों की पालना करते हुए दो-दो हजार के पांच करारे नोट थानेदार की ओर बढ़ाए। कहा- लीजिए साब ! चोर को धर लीजिए। रिश्वत रूल्स का पालन जरूर कीजिए। तत्काल थानेदार ने करारे कुरकुरे नोटों पर झपट्टा मारा। थानेदार ने कहा- अरे ! ये नोट तो कल मैंने ही किसी चोर से झटके थे। ये तेरे पास कहां से आए ? तो पत्नी ने पति के पेंट से अपनी जेब तराशी धर्म का नियम याद दिलाया। जेब तराशने के नियम की पालन करने के लिए पति-पत्नी आचार संहिता को आगे बढ़ाया। फिर यही हुआ। पुलिस ने चोर को पकड़ने के लिए नियमानुसार रिश्वत रूल्स को फॉलो किया।



रामविलास जॉगिड़

## आप की बात

### निवेशकों का बढ़ता भरोसा

भारतीय बाजार में निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। हालांकि पूंजी बाजार देश की संपूर्ण अर्थव्यवस्था का आईना नहीं है। यह वास्तविक आर्थिक विकास, समृद्धि एवं कल्याण का सर्वमान्य मानक भी नहीं है। एक ऐसी अर्थव्यवस्था में जहां असमतल विकास, आर्थिक विषमता और अमीर-गरीब की बेतहाश चौड़ी खाई हो, वहां पूंजी बाजार के घटक निफ्टी या सेंसेक्स के आंकड़ों के आधार पर लोगों की माली हालत का अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं। यही कारण है कि जब सरकारें पूंजी बाजार के आंकड़ों के सहारे देश के आर्थिक परिदृश्य की गुलामी छंटा दिखती हैं, तो तमाम समाजवादी या वामपंथी आस्था वाले आर्थिक विश्लेषक इसे पूंजीवादी धोखा, अर्थव्यवस्था का पश्चिमीकरण, आर्थिक बुलबुला और न जाने कौन-कौन से शब्दों से लानत-मलामत देते हैं। लेकिन जरा सोचिए कि अगर पूंजी बाजार की गर्माहट, जीडीपी में बढ़त, वैश्विक व्यापार में दिनोंदिन बढ़ती भागीदारी, निजी, सार्वजनिक और एफडीआई निवेश का बढ़ता आंकड़ा, ये सब देश की आर्थिक प्रगति के मजबूत संकेत नहीं हैं, तो और क्या है। जाहिर है हम इन्हीं आंकड़ों के सहारे किसी देश की अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन का अनुमान लगाते हैं। इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि पूंजी बाजार के ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंचना यह साबित करता है कि हमारी अर्थव्यवस्था की भावी तस्वीर बहुत बुलंद है।

पूंजी बाजार दरअसल अनुमानों, अटकलों, आशकांओं और उम्मीदों पर चलता है। यह देश के भावी आर्थिक हालात को पहले ही अनुमानित कर अपनी प्रतिक्रिया करता है। इसे इस तरह भी समझ सकते हैं कि भविष्य में देश की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, प्रगति और निवेश में सुधार आयेगा, तो शेयर बाजार कई महीना पहले ही कुलांचे भरने लगता है। लेकिन अगर यह आशंका हो कि भविष्य में स्थिति खराब होगी, विकास दर घट सकती है, महंगाई या ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है, तो शेयर बाजार चार-छह महीना पहले ही ठंडा पड़ने लगता है। कुल मिलाकर हम सेंसेक्स, निफ्टी और म्युचुअल फंड जैसे पूंजी बाजार के घटकों को भावी अर्थव्यवस्था का बैरोमीटर कह सकते हैं। इसलिए अगर आज पूंजी बाजार में बढ़त का रिकॉर्ड बन रहा है, तो इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि हमारा भावी आर्थिक परिदृश्य बेहद आशावादी है। निवेशकों को अपने निवेश पर बेहतर रिटर्न की उम्मीद है और इसलिए हमारे बाजार मे निवेश कर रहे हैं। अभी वर्षा ऋतु अपने उत्तरार्द्ध में है। आमतौर पर गणेश चतुर्थी के बाद पूंजी बाजार की चाल तेज होती है और दिवाली तक प्रायः ऊंचाई का नया रिकॉर्ड बन जाता है। ऐसे में निफ्टी-50 और सेंसेक्स इस दिवाली तक नयी ऊंचाइयों को छू सकते हैं। फिलहाल लगातार शेयार बाजार में बढ़त, जीडीपी में उच्च विकास दर, बढ़ता निवेश यह सब देश की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत हैं।

**आदित्य प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### शहरों में नियोजित विकास

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्राप्र्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में शहरीकरण तेज होगा।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## अकीदतसाथ मनाया गया

## एक दिवसीय सालाना उर्स

**अयोध्या।** साकेत महाविद्यालय के कैम्पस में स्थित हजरत चिराग शाह का एक दिवसीय सालाना उर्स बड़े ही आकिदतों एहतेराम के साथ मनाया गया। उर्स की शुरूआत गुस्ल मजार शरीफ व गुल पोशी, चादर पोशी के साथ हुआ। इसके बाद कुरआन ख्वानी और ईद मिलादुन्नबी का आयोजन हुआ। उर्स के मौके पर कई ओलमाए किराम, नात ख्वां द्वारा कलाम पेश किये गए। उर्स के आयोजक अब्दुल हकीम ने बताया कि हर साल अरबी महीने की 4 तारीख को ये उर्स मुकद्दस मनाया जाता है। ये मजार हिन्दु मुस्लिम एकता का प्रतीक भी माना जाता है। उन्होंने बताया कि जो भी अकीदत के साथ यहाँ आता है तो उसकी जायज मुरादें भी पूरी होती हैं। वहीं उर्स के बारे में आजम कादरी ने बताया कि उर्स चिराग शाह मे मूसलिम यतीम खाना और मदरसा इब्राहिमिया गुलशने औलिया के बच्चों द्वारा कुरान पढ़ कर बख्शा गया। ये दरगाह सैकड़ों वर्ष पुरानी है और साकेत महाविद्यालय के कैम्पस में मौजूद है। उर्स के मौके पर मुख्य रूप से मुफ़्ती मौलाना हैदर रजा, हाफिज मोहम्मद ओवैस रजा, मोहम्मद शहीद, कल्लू भाई, दुलारे, हाजी असद अहमद, सद्दाम, गुलशन के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पंडालों का अफसरों ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** गणेश चतुर्थी के साथ ही भगवान श्रीराम की पावन धरती अयोध्या में भी गणेश पूजा का महोत्सव आरंभ हो चुका है। सभी मंदिरों के साथ ही तमाम जगहों पर परंपरागत रूप से पंडाल लगाकर भगवान गणेश के पूजन के अर्चन का क्रम चल रहा है। रामपथ के निर्माण होने के बाद रामपथ पर स्थापित होने वाले गणेश पूजा

- पूजा पंडाल ऐसा बनाएं कि न सड़क बाधित हो न ही दूसरी दिक्कतें हों
- रामनगरी में गणेश पूजा की धूम

पंडालो के निर्माण को लेकर कुछ समस्याएं आ रही थी जिसके निस्तारण के लिए अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक नगर श्री मधुवन कुमार सिंह तथा केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों और केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने रामपथ पर स्थापित होने वाले गणेश पूजा पंडालों के स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने प्रशासनिक अधिकारियों को पूजा पंडाल के निर्माण में आ रही समस्याओं से अवगत कराया जिस पर एडीएम सिटी और एसपी सिटी महोदय ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूजा पंडाल को इस तरह से बनाएं कि ना तो सड़क सड़क बाधित हो और ना ही उस पर आवागमन में कोई समस्या उत्पन्न हो।

इसके अलावा निर्देश दिया कि कोई भी समिति के लोग आपत्तिजनक गाना नही बजाएंगे और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखेंगे। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि अयोध्या नगर के लोग बहुत शांतिप्रिय है, और मिलजुल कर अपने पर्व को मानते हैं। श्री जायसवाल ने पंडाल निर्माण में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। निरीक्षण करने वालों में प्रमुख रूप से केंद्रीय समिति के सहसंयोजक गगन जायसवाल, पुलिस विभाग के समन्वयक जे एन चतुर्वेदी, जोनल प्रमुख बजरंगी साहू, चंदन गुप्ता, घाट निर्माण सह प्रभारी रंजीत शर्मा सहित गणेश पूजा समिति के अभिषेक साहू, गौतम, राकेश सोनकर सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ रहा कृषि विभाग

**अयोध्य।** बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने अनेक पहल किए हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप कृषि विभाग ने पढ़े-लिखे बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सुनहरा अवसर प्रदान किया है। युवा अब एग्री जंक्शन शॉप खोलकर कमाई का जरिया खुद से बना सकते हैं। इस काम में फायदा होने के साथ योगी सरकार की तरफ से मदद भी मिलती है। अयोध्या जनपद में 30 बेरोजगार युवाओं को एग्री जंक्शन योजना के तहत अपनी दुकान खोलने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा जगह-जगह एग्री जंक्शन शॉप खोला जा रहा है। एग्री जंक्शन शॉप में खाद और बीज के साथ कीटनाशक दवा और उर्वरक की बिक्री कर सकते हैं, लेकिन बिक्री के लिए पहले लाइसेंस लेना होगा, तभी एग्री जंक्शन शॉप खोलने का पात्र बनते हैं। इसके लिए कृषि विभाग से मदद भी मुहैया कराई जाती है। एग्री जंक्शन के नाम से ब्लाकों में दुकान खोलने और 18 से 40 वर्ष तक कृषि या रसायन विज्ञान के बेरोजगारों को स्वरोजगार देने का निर्णय लिया है। ऐसे युवा, जो स्नातक के बाद एग्रीकल्चर या बीएससी रसायन की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, उन्हें यह मौका दिया जा रहा है।

युवाओं को आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र में स्नातक या फिर एग्री जंक्शन केंद्र के प्रमाण के लिए एग्रीकल्चर विषय से पढ़ाई का प्रमाण पत्र देना होता है, साथ ही फोटो और मोबाइल नंबर भी विभागीय कार्यालय लाकर जमा करना होगा। इसके बाद सत्यापन कर पात्र अभ्यर्थी को इसका लाभ दिया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा बताते हैं कि कृषि विभाग की यह योजना बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए है।

ऐसे युवा, जो एग्रीकल्चरकी पढ़ाई पूरी कर घर में बेरोजगार बैठे हैं, उन्हें एग्री जंक्शन शॉप खोलने का सुनहरा मौका दिया जा रहा है। इस दुकान के जरिए रोजगार के अवसर मिलेंगे और विभाग की तरफ से भी समय-समय पर मदद भी दी जाएगी। किसानों को सही दवा, कीटनाशक, खाद व बीज भी उपलब्ध हो सकेगा। उन्हें कहीं पर भी भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कृषि विभाग की ओर से 30 युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 11 को

**बहराइच।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विकास खण्ड हुजूरपुर के सभागार में 11 सितम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 03 प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु प्रतिभाग किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में ब्राइट फयूचर हर्बल, आयुर्वेदिक प्रा.लि. द्वारा फील्ड आफिसर एवं ब्लाक आफिसर के 45 पदों पर 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 15,500=00, पशुपति नाथ बायोटेक्नालजी प्रा.लि. द्वारा एस.आर. के 40 पदों पर 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 9,500=00 तथा युनाइटेड यंग इण्डिया द्वारा विभिन्न पदों पर 18 से 40 वर्ष आय वर्ग के हाईस्कूल/इण्टर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों मासिक रू. 12,500=00 वेतन हेतु साक्षात्कार के माध्यम से चयनित किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों को अपने साथ बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनका एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 11 सितम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे ब्लाक मुख्यालय हुजूरपुर पर उपस्थित होना होगा।

## डॉ. रमेश मिश्रा वैश्विक शिक्षक रत्न से सम्मानित



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर को नई दिल्ली स्थित दि इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल ला, कृष्णन मेनन भवन सभागार में आयोजित वैश्विक समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में डा. रमेश मिश्रा प्राचार्य राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला कुमारगंज को वैश्विक शिक्षक रन अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानंद झा, पूर्व उप प्रधानमंत्री नेपाल उपेंद्र यादव, भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चैधरी, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत उत्तराखंड सरकार, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री मणि शंकर अय्यर भारत सरकार की उपस्थिति एवं 22 राष्ट्रों के राष्ट्रध्वजों के सानिध्य में डा. रमेश मिश्रा को वैश्विक शिक्षक रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# खेल में प्रतिभाग करने से विकसित होती है टीम भावनाः गिरीश चंद्र यादव

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता में हैरिंग्टनगंज के शहीद राम सूरत इंटर कालेज के सामने देहली बाजार मार्ग पर ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का समापन खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया। समापन अवसर पर खेल मंत्री ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। ब्लाक स्तर पर विजेता तथा उपविजेता टीमों का लोकसभा स्तर पर फाइनल खेला जाएगा।

खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि खेल में प्रतिभाग करने से टीम भावना विकसित होती है। मन में आत्मविश्वास का संचार होता है। इस तरह के कार्यक्रमो के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद प्रतिभाओं में निखार आता है। इस दौरान बालीबाल में 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विजेता खडभादिया उपविजेता हरदोइया रही। कबड्डी में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विजेता राणापुर व उपविजेता रुरुखास की टीम रही। रस्साकशी में 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विजेता सराय मजरा व उपविजेता मलेथू खुर्द की टीम रही। मौके पर सरयू दुबे, अवधेश पाठक, बृजेश पांडे, ओम प्रकाश सिंह, अजय सिंह, मानस मणि त्रिपाठी, संतोष सिंह, सनी सिंह, मोहित मिश्रा, दुर्गेश, विश्वनाथ सिंह, सरवर आलम, अजय सिंह, वीरेंद्र दुबे, जयप्रकाश, जितेंद्र पासी, राम मूरत पासी, बबलू पासी, महेंद्र चैरसिया, अंकित श्रीवास्तव, राहुल सिंह, शिव कुमार सिंह, मनीष पांडे, रोहित सिंह मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में आये प्रतिनिधिगण प्रभू श्रीराम लला के दर्शन कर हुए अभिभूत

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में भारत सरकार के सहयोग से ऑफसेट प्रिंटिंग

- विदेशी प्रतिनिधिगणों ने कहा प्रभू श्रीराम सभी के आराध्य
- अर्न्तराष्ट्रीय कांफ्रेंस के प्रतिनिधिगणों ने किया अयोध्या भ्रमण

एसोसिएशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित ह्यह्यसस्टेनेबल प्रिंटिंग एंड पैकेजिंगह्यह्य विषय पर अन्तरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में शामिल देश विदेश के विशेषज्ञों को अयोध्या भ्रमण कराया गया। पर्यावरण विज्ञान विभाग के हिमांशु मिश्र के नेतृत्व में रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के सहयोग से अहमद मुगीरा नुरहानी, इण्डोनेशिया, अनिल करियावासम, पीटर डेकर, श्रीलंका, जुल्कोर शाहीन, हसीना नेवाज, बग्लादेश, विष्णु प्रसाद तिवारी, नेपाल सहित भारत के सौ से अधिक विशेषज्ञों को प्रभू श्रीराम का दर्शन किया। इस पौराणिक भ्रमण के दौरान विदेश व देश के विशेषज्ञ प्रभू श्रीराम के दर्शन कर अभिभूत हुए। कहा कि प्रभू श्रीराम सभी के आराध्य है। उनके दर्शन पाकर धन्य हो गए। विशेषज्ञों ने कहा अयोध्या विश्व की सबसे सुन्दर नगरी बन रही है। विश्व में अयोध्या की एक अमिट छाप है।



भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा कनक भवन व सरयू जल का आचमन किया गया इस भ्रमण में भारत की लक्ष्मी प्रिया, नंद कुमार, पुनीत तलवार, मनीष चोपड़ा, जवाहर लाल भार्गव, अरविन्द कुमार पाण्डेय, पी0 दीवेन्दु, शबीर अहमद, अंजनी कुमार सिंह, ओपीए अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, कुशल कुमार जैन, गगनदीप सिंह, महासचिव ओपीए प्रो0 कमल चोपड़ा, हंसराज चोपड़ा, मनोज कुमार, नितीन मलिक, राहुल गोयल, रोहन ओबरॉय, अमरिन्दर सिंह, सुधीर चोपड़ा, मनवीर इन्दर सिंह सहित अन्य विशेषज्ञों ने अयोध्या के पौराणिक स्थलों का भ्रमण किया। आयोजन सचिव प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय में आयोजित कांफ्रेंस में विशेषज्ञ अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दर्शन कर अभिभूत हुए है। इन्हें दर्शन कराने में रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र व विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग के छात्र मानस श्रीवास्तव, का विशेष सहयोग रहा है।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ बाइक लिफ्टर गिरफ्तार

**सोहावल-अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या द्वारा सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान आज रौनाही पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह अपनी टीम के जांबाज उपनिरीक्षक आलोक कुमार यादव, हेड कांस्टेबल इंद्रेश यादव, व कांस्टेबल राम प्रवेश के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे कि मुखबिर से सूचना मिली की एक संदिग्ध व्यक्ति कटरौली नहर पट्टी मार्ग पर खड़ा है और कहीं भागने की फिराक में है सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर एक नाबालिक बालक को पल्सर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि बिध का उलंघन करने वाले बालक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# श्री गणेश भक्तों के लिए कपाट खुले




एस पी मिश्रा

**बहराइच।** माल कचहरी स्तिथ श्री हनुमान मंदिर पर भगवान श्री गणेश का विधि विधान से प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा संपन्न किया गया। गणेश महोत्सव का आरंभ हो चुका है। प्रतिवर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी मनाया जाता है। इस दिन से दस दिनों के लिए गणेश महोत्सव का

- विभिन्न स्थानों और पूजा पंडाल में गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई

आगाज होता है। गणेश चतुर्थी के दिन धूमधाम से गणपति बप्पा का जन्मोत्सव मनाते हैं। नगर के विभिन्न स्थानों और पूजा पंडाल में गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई है और उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भक्तों के लिए कपाट खोल दिए गए हैं। नगर के ब्रह्मणिपुरा, बशीर गंज, किला, मीराखेल पुरा, छोटी बाजार सहित कई स्थानों पर भगवान श्री गणेश के अनुयायियों की तरफ से प्रसाद वितरण कार्यक्रम आरती के बाद शुरू हो जाता है। श्री गणेश पूजन उत्सव के अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष पंडित मदन गोपाल त्रिपाठी एडवोकेट अध्यक्ष श्रीराम शुक्ला पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र पांडे पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष सूबेदार मिश्रा वर्तमान मध्य उपाध्यक्ष मंजू चौधरी पूर्व मध्य उपाध्यक्ष आलोक शुक्ला पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार द्विवेदी ऑडिटर अदभुद शर्मा एडवोकेट एडवोकेट श्रीमती एकता जायसवाल उत्तम सिंह प्रमोद तिवारी राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जनपद बहराइच अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राकेश नाथ त्रिपाठी जी श्री अजय पांडे एडवोकेट पंकज श्रीवास्तव रामेंद्र मिश्रा एडवोकेट सुधाकर मिश्रा एडवोकेट आलोक मिश्रा एडवोकेट दीपक त्रिपाठी एडवोकेट रंजन श्रीवास्तव एडवोकेट कांवरिया संघ जिलाध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी एडवोकेट रजवंत सिंह एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता रामचंद्र पाठक एडवोकेट वालिया एडवोकेट एस एन श्रीवास्तव एडवोकेट पंकज पाठक एडवोकेट मनोज कुमार पांडे , एडवोकेट पंकज मिश्रा एडवोकेट विनय पांडे एडवोकेट, अजय वर्मा एडवोकेट, आलोक पाठक, एडवोकेट राधे श्याम त्रिपाठी, एडवोकेट श्री सतीश सिंह, एडवोकेट रामेश्वर पाठक एडवोकेट प्रमोद तिवारी, एडवोकेट सुरेश शुक्ला एडवोकेट, अंकुर पांडे ,विशाल सिंह, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश महासचिव प्रदीप पांडे ललऊ पंडित एडवोकेट, सूर्यकांत मिश्रा, एडवोकेट, रमेश जायसवाल, एडवोकेट, शिव पूजन पांडे एडवोकेट श्री अनुज गौड़ एडवोकेट, शंभू दत्त वाजपेई एडवोकेट अजय शर्मा, अतुल गौड़, एडवोकेट आनंद शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपीकांत शर्मा, शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि श्री गणेश चतुर्थी से शुरूआत होकर यह पूजन कार्यक्रम में नगर के नागरिकों का सदैव सहयोग मिलता रहा है।

इस बार भी परम्परागत तौर से सैंकड़ों भक्तगण व अधिवक्ता बंधु उपस्थित हो रहे हैं।

# अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस की सांस्कृतिक संध्या में श्रोता झूम उठे

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अर्न्तराष्ट्रीय कांफ्रेंस में शनिवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनोहारी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना से हुआ। इसके उपरांत छात्रों द्वारा ग्रुप डांस, वाद्ययंत्र एवं संगीत, कविता, सोलो डांस किया गया।



इस कार्यक्रम में मधुबन में राधिका नाचे, मनवा लागे नृत्य व अन्य गीतों पर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर हो गए। इस दौरान सभागार तालियों से गूज उठा। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा सावन का महिनवा सांग ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मातृ भूमि और युवा थीम तथा नारी सशक्तीकरण पर ग्रुप डांस किया गया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने पंजाबी नृत्य व अन्य गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। वही समाजकार्य के समन्वयक डॉ0 दिनेश कुमार सिंह के हाल क्या है दिलों का गाने पर श्रोता झूम उठे। सांस्कृतिक संध्या का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक के संयोजन में आयोजित किया गया। मौके पर ऑफसेट प्रिंटिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रो0 कमल चोपड़ा ने कहा कि अयोध्या की इस धरा पर कांफेंस आयोजित कर धन्य हो गया। उन्होंने कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के विद्यार्थियों में प्रतिभा कूट कूट कर भरी है। निश्चय ही ये अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस कार्यक्रम में ओपीए अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अहमद मुगीरा नुरहानी, इण्डोनेशिया, अनिल करियावासम, पीटर डेकर, श्रीलंका, जुल्कोर शाहीन, हसीना नेवाज, बग्लादेश, विष्णु प्रसाद तिवारी, नेपाल, लक्ष्मी प्रिया, नंद कुमार, पुनीत तलवार, मनीष चोपड़ा, जवाहर लाल भार्गव, अरविन्द कुमार पाण्डेय, पी0 दिवेन्दु, शबीर अहमद, अंजनी कुमार सिंह, कुशल कुमार जैन, गगनदीप सिंह, हंसराज चोपड़ा, मनोज कुमार, नितीन मलिक, राहुल गोयल, रोहन ओबरॉय, अमरिन्दर सिंह, सुधीर चोपड़ा, मनवीर इन्दर सिंह, आयोजन सचिव प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल, डॉ0 विजयेन्दु चतुवेर्दी, डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 अनिल सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी आशीष मिश्र, प्रवीण मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

# भेड़िये की निगरानी के लिए सेक्टर प्रभारियों को तैनात किया गया

**बहराइच।** प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच ने बताया कि 07/08 सितम्बर 2024 की दिवारात्रि में हिंसक भेड़िया द्वारा किसी प्रकार की कोई भी घटना कारित नहीं की गई है। डीएफओ ने बताया कि महसी तहसील

- ग्रामीणजनों को भेड़िये से बचाव के लिए जागरूक करने की कार्रवाई की गयी

अन्तर्गत घाघरा नदी के कछारी क्षेत्रों में उपद्रवी भेड़िया के सक्रियता प्रभावित क्षेत्र को निगरानी की दृष्टि से 03 सेक्टरों में बांटकर सेक्टर प्रभारियों को तैनात किया गया, जिनके द्वारा उपद्रवी भेड़िया को रेस्क्यू करने हेतु कार्यवाहियों की जा रही है। बीती रात 04 थर्मल ड्रोनों व कैमरा ट्रैपस के माध्यम से उपद्रवी भेड़िया को खोजने तथा उसके आवागमन को खोजने की




कार्यवाही की गई। डीएफओ ने बताया कि सक्रियता प्रभावित क्षेत्रों में गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर उपद्रवी भेड़िया के पगमार्क खोजने की कार्यवाही की गयी। जन जागरूता टीमों द्वारा गाँवों में पोस्टर व बैनर लगाकर संगोष्ठी/ बैठकों के माध्यम से ग्रामीणजनों को उपद्रवी भेड़िया से बचाव हेतु जागरूक करने की कार्यवाही की गयी। प्रभाग स्तर पर स्थापित कमांड सेंटर द्वारा दिवारात्रि में टीमों द्वारा गश्ती दलों से सूचनाओं को प्राप्त कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनसे प्राप्त दिशा निदेशों को गश्ती टीमों को अनुपालनार्थ प्रेषण की कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उपद्रवी भेड़िया के सक्रियता प्रभावित क्षेत्र का दिवारात्रि गशत करने की कार्यवाही की गयी। जन जागरूकता के तहत प्रभावित क्षेत्रों के समस्त ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके सुरक्षित सोने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# सड़क हादसे में दो की मौत, दंपत्ति सहित छह घायल

**बहराइच।** जिले में अलग अलग क्षेत्रों के पांच स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग असमय काल गाल में समा कर अपनी जीवन लीला खो चुके हैं। जबकि दम्पत्ति सहित छह घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एक घायल ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। सूत्रों द्वारा



- एक ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर

प्राप्त जानकारी अनुसार देहात कोतवाली के बहराइच बलरामपुर हाईवे के धरसंवा गांव के नायरा पेट्रोल पंप पास शनिवार सुबह लगभग दस बजे आगे जा रहे तेज रफ्तार ट्रक को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित छोटा हाथी वाहन ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके चलते छोटा हाथी पर सवार बिजनौर जिले के नेथौल थाना फूलसांड निवासी 26 वर्षीय अनवर की मौत हो गई। जबकि साथी 28 वर्षीय निखिल गंभीर रूप से घायल हो गया। यह लोग फरुर्खाबाद से बलरामपुर बिस्कुट लेकर जा रहे थे। वही फरूक्खाबाद निवासी निखिल को इलाज के लिए एंबुलेंस से गिलौला सीएचसी भेज दिया गया। मृतक के परिवार को सूचना दिया गया है। लाश पोस्टमार्टम हेतु माच्युर्री में रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार हुजूरपुर क्षेत्र के ज्ञानपुर निवासी 65 वर्षीय छोटकऊ पुत्र बालक राम बेहड़ी के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। उन्हे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था। उनकी शुक्रवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। यह हादसा देहात कोतवाली के चिलवरिया के पास शनिवार दोपहर में बाइक पलट गई।

जिसके चलते विशेश्वरगंज थाने के कुरसहा निवासी 35 वर्षीय प्रताप कुमार पुत्र विजय राजए उसकी पत्नी 32 वर्षीय पूनमए बेटी 5 वर्षीय रिया घायल हो गया। घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। वही जिले के देहात कोतवाली के त्रिमुहानी बाईपास के पास शुक्रवार देर रात तेज रफ़्तार कार ने बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार थाना मटेरा के लालपुर निवासी 40 वर्षीय तिलक राम गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना बाद अनियंत्रित कार खड्डु में पलट गई। चौकी प्रभारी विनय कुमार पांडेय ने पुलिस बल के साथ जाकर घायल को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जरिए मशीन से कार खड्डु से निकलवाई गई। वही घटना पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत सोहरियांवा गांव के पास रात्रि तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आटो में टक्कर मार दी। जिसके चलते आटो पर सवार पयागपुर के दुहेलवा गाँव निवासी 25 वर्षीयअमित पुत्र मोतीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पिता को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया था। वह अपने पिता से मिलने गोंडा जा रहा था।

# दुष्कर्म के आरोपियों पर होगी सख्त कार्रवाई

जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर दुष्कर्म जैसे अपराधों से निपटने के लिए कृत संकल्प है ,और इस तरह की घटनाओं में संलग्न लोगों को कठोर से कठोर सजा दिलाए जाने की शासन की मंशा है। अयोध्या जनपद के खंडासा थाना क्षेत्र के गांव में हुई दलित किशोरी से दुष्कर्म की घटना के मुख्य आरोपी को हाफ एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर

- धमकी देने वाले लोगों को चिंहित कर भेजा जायेगा सलाखों के पीछे



जेल भेज दिया गया है जबकि दूसरा आरोपी जो फरार बताया जा रहा है उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है घटना में पीड़िता के परिवार को बम से उड़ने की धमकी देने वाले लोगों को चिन्हित करने का काम पुलिस ने शुरू कर दिया है जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म की घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे अयोध्या जनपद के प्रभारी मंत्री व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने परिवार से मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उक्त बातें कही प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पीडिता के परिवार से संबंधित जो भी मांगे हैं उन्हें वह शासन तक पहुंचा देंगे और सरकार से मिलने वाली विधि सम्मत सभी व्यवस्थाएं पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई जायेंगी, पीड़ित परिवार की तरफ से जमीन का आवासीय पट्टा बिजली पानी सड़क तथा खेती योग्य जमीन के पटटे की मांग से संबंधित ज्ञापन प्रभारी मंत्री को सौंपा गया। स्थानीय नेताओं में इस बात को लेकर सुबह से ही हलचल थी कि पीड़ित परिवार को प्रभारी मंत्री आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएंगे लेकिन प्रभारी मंत्री की तरफ से पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की कोई आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई बल्कि उसे यह आश्वासन दिया गया कि पीड़ित परिवार को सभी प्रकार की सहायताएं उपलब्ध कराई जाएगीप्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू पूर्व भाजपा अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल भाजपा के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा विनय कुमार रावत हरकेश कुमार शुक्ला समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे इसके पहले भारतीय जनता पार्टी के अयोध्या नगर के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें हर प्रकार की सहायता का भरोसा दिया उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी व बिजली विभाग के अभियंता से बात कर पीड़ित परिवार के घर तक जाने वाली सड़क और बिजली की व्यवस्था जल्द पूरी करने की बात कही।

संक्षेप

## दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी

**तिलोई, अमेठी।** थाना मोहनगंज क्षेत्र के ग्राम मोहनगंज मजरे आशापुर रूरू में दरवाजे पर खड़ी बाइक को बेखौफ चोरों द्वारा पार कर दिया गया है। पुलिस ने वाहन स्वामी की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनगंज निवासी मेंहदी हसन पुत्र मोहम्मद यूनुस ने स्थानीय पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि मोटर साइकिल संख्या यूपी 32 आर 2422 रोजाना की भांति दरवाजे पर खड़ी थी जिसे बीती दिनांक एक सितम्बर को समय लगभग नौ बजे रात्रि को घर के बाहर से अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल चुरा ले गया है। वाहन स्वामी ने घटना से पुलिस को अवगत कराया पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये मुकदमा दर्जकर लिया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि बाइक चोरी का केस दर्जकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

## लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना अंतर्गत बीती रात नगदी व लाखो के जेवर लेकर चोर फरार मामला थाना अंतर्गत ग्राम फुंदनपुर गांव की है जहां लाल बहादुर यादव पुत्र रामनरेश के घर बीती रात चोरों ने छत के रास्ते घर मे उतर कर लाखों रुपए के बेशकीमती सामान व लाखों रुपए कै जेवर नगदी उठा ले गए ।सुबह जब सभी लोग सो कर उठे तो देखा कि घर का दरवाजा खुला था व घर का सामान बिखरा पड़ा था। लाल बहादुर ने बताया चार महीने पहले हमारे छोटे भाई की शादी हुई थी उसके शादी का जो भी समान व जेवर था सब चोरी हो गया पीड़ित ने लिखित तहरीर थाने मे दी है ! खबर लिखें जाने तक मामला पंजीकृत नहीं किया गया था पुलिस जांच मे जुटी।

## ट्रेन से कटकर युवती की मौत

**सुलतानपुर** ।गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज रेलखंड के कटका रेल फाटक के पास ट्रेन से कटकर युवती की मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव की पहचान के बाद पुलिस कार्रवाई में जुटी है। धनपतगंज थानाक्षेत्र के सेवरा गांव निवासी राम तीर्थ वर्मा की पच्चीस वर्षीय पुत्री क्रांति वर्मा शनिवार को घर से निकली थी। रविवार सुबह उसका शव गोसाईगंज थानाक्षेत्र के कटका रेल फाटक से दो सौ मीटर दूरी पर क्षत-विक्षत पाया गया। ट्रेन से कटकर युवती की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुँचे द्वारिकागंज शैलेंद्र प्रताप सिंह सिपाही शिवम तिवारी, संजय यादव जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। परिजनों ने शव की शिनाख्त की है।

## पूर्व सांसद ने डीपीआरओ पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**सुलतानपर।** प्रतापगढ़ के पूर्व सांसद व बीजेपी नेता संगमलाल गुप्ता ने डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाये हैं। जिसकी शिकायत प्रभारी मंत्री आशीष पटेल से की गई है। शिकायती पत्र में आरोप लगाते पूर्व सांसद ने डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला द्वारा दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों का शोषण करने का आरोप लगाया है। जांच के नाम पर धन उगाई सहित अन्य आरोप डीपीआरओ के खिलाफ भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता ने लगाए हैं। मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है, हालांकि जिस ग्राम प्रधान ने इस मामले में शिकायत की है उसे कल ही सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं डीपीआरओ ने आरोपों को गलत बताया है।

# मत्स्य विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा, मंत्री ने दिये निर्देश



**सुलतानपुर (वीओएल)।** यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। मत्स्य विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

सीडीओ अंकुर कौशिक ने मोमेन्टों देकर कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 आरए वर्मा का एडीएम गौरव शुक्ला, विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय का सीएमओ ओपी चौधरी, अपना दल जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल का परियोजना निदेशक अशोक सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक में पीएम मत्स्य सम्पदा योजना, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड/फार्म, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषाद राज बोट योजना, मछुआ कल्याण, ऐरियटर के संबन्ध में मत्स्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया की मछुवारा समाज में इन योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए तथा योजनाओं का लाभ उचित पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाय। इस मौके पर उप निदेशक मत्स्य अयोध्या मण्डल राजेन्द्र बिष्ट, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय जिला मत्स्य अधिकारी, जलशक्ति विभाग के अधिकारी, मण्डी परिषद, अग्रणी बैंक प्रबन्धक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी ।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उ.नि. विजय नारायण पाण्डेय थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 257/24 धारा 137(2), 87, बीएनएस व 16/17 पाक्सो एक्ट में वांछित ,प्रकाश में आये अभियुक्त मोहित पुत्र हरि प्रसाद निवासी तिलोई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 18 वर्ष 2.अर्जुन पुत्र गया प्रसाद गौतम निवासी तिलोई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को कोची मोड़ के पास से करीब 9:30 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया तथा अपहता को बरामद कर लिया गया है । थाना मोहनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है ।

# फीडर पर हैं दो लाइनमैन, फिर भी 24 घंटे बाद सही होता है फाल्ट

- रोस्टिंग में सही न कर सप्लाई चालू होने पर ठीक किया जाता है फाल्ट

जिला संवाददाता (vol)

**अमेठी।** जायस विद्युत उपकेंद्र से पांच फीडर बनाकर उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। सलोन, जलनिगम, तिलोई, बहादुरपुर व जायस फीडर बनाए गए है। इन फीडरो में सबसे ज्यादा बिजली की कटौती की जाती है और साथ ही साथ विद्युत लाइनों में फाल्ट आ जाने पर 24 घंटे ठीक होने का इंतजार करना पड़ता है।

जायस उपकेंद्र अंतर्गत सलोन फीडर से संचालित होने वाले गांव पूरे चौहान में शनिवार-रविवार की रात करीब साढ़े 12 बजे गांव किनारे बिजली के तार में खराबी आ जाने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। ग्रामीणों ने रात जैसे तैसे तो गुजार ली। लेकिन रविवार को चिलचिलाती धूप निकलने से बच्चे बूढ़े-बुजुर्ग सभी उमस से बेहाल थे। सुबह ही लाइनमैन रसीद को बिजली खराबी की सूचना दी गई लेकिन पूरा दिनगुजर जाने के बाद भी फाल्ट सही नहीं किया गया। ग्रामीण अंचल को 8 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। जिसमें सलोन, जलनिगम व तिलोई फीडर से आपूर्ति होने वाले गांवों को सुबह साढ़े 8 से साढ़े 11 बजे व दोपहर बाद 2 बजे से शाम पांच बजे के बीच रोस्टिंग कर निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन सलोन फीडर पर रोस्टिंग के समय बिजली के फाल्ट न सही कर जब सप्लाई चालू की जाती है तो उस दौरान सप्लाई बाधित कर लाइनों में फाल्ट दुरुस्त किया जाता है।

निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सलोन फीडर पर दो लाइनमैन रसीद अहमद और शिवराम को तैनात किया गया है, दोनो लाइनमैन के पास एक-एक हेल्पर भी हैं, लेकिन बिजली के तारों में फाल्ट आने पर उसे 24 घण्टे बाद ही सही किया जाता है। लाइनमैन रसीद की उम्र अधिक होने की वजह से उन्हें बिजली के खंभों पर चढ़ना तो दूर बिजली के तारों में फाल्ट सही करने में हेल्पर की मदद लेनी पड़ती है। वहीं दूसरे लाइनमैन शिवराम शाम चार बजते ही मदहोश होकर मस्त हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में उपभोक्ता को मिलने वाली बिजली भगवान भरोसे हो जाती है। एक तरफ जर्जर तार की वजह से बिजली कटौती तो दूसरी तरफ लाइनमैन की मनमानी से उपभोक्ता त्रस्त है।

# कांग्रेस जातीय जनगणना लागू कराने के लिए वचनबद्ध है : तनुज पुनिया



**बाराबंकी।** जातीय जनगणना से समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी जातीय जनगणना लागू कराने के लिये वचनबद्ध है। क्योंकि इसके माध्यम से कमजोर और पिछड़े वर्गों की आर्थिक सामाजिक और शैक्षिक स्थिति का सही आकलन कर योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। पिछड़े अनुसूचित जाति और जनजातियों को समुचित प्रतिनिधित्व देने के लिये जातीय जनगणना एक प्रभावशाली कदम साबित होगा। उक्त उद्गार कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक मे काग्रेसियो के बीच व्यक्त किये। बैठक मे सांसद श्री पुनिया ने कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट रूप से मानना है कि जातीय जनगणना न केवल सामाजिक न्याय की दृष्टि से महत्वपूर्णं है। बल्कि इसके होने से गरीब और वंचित वर्गों को उनके अधिकार दिलाने में भी मदत मिलेगी। जातीय जनगणना का विरोध करना समाज के पिछड़े वर्गों की अनदेखी करना है। हम इस बैठक के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द जातीय जनगणना लागू की जाये जिससे समाज के हर वर्ग को उचित अवसर और प्रतिनिधित्व मिल सके। बैठक मे जातीय जनगणना को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, सिकन्दर अब्बास रिजवी, सरजू शर्मा, गौरी यादव, अमरनाथ मिश्रा, सना शेख, तस्लीमन खान, रजनी श्रीवास्तव, अर्चना वर्मा, प्रीती गौतम आदि मौजूद रहे।

# आज से दो दिवसीय दौरे पर अमेठी में रहंगे सांसद



- अलग-अलग प्रकोष्ठों के साथ करेंगे बैठक, कल शाम लखनऊ होंगे रवाना

**अमेठी ।** सांसद किशोरी लाल शर्मा आज से अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। सांसद किशोरी लाल शर्मा अबसे कुछ देर बाद क्षेत्र भ्रमण करते हुए रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस पहुंचेंगे, जहां वे कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के साथ बैठक करेंगे। अपने दौरे के दौरान वह कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे और कल शाम को लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। आज दोपहर रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के साथ बैठक के बाद, सांसद शर्मा शाम 4 बजे गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक करेंगे। इसके बाद, शाम 5 बजे राजीव गांधी सभागार, कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के साथ बैठक करेंगे। देर रात वह अपने निवास पर रात्रि विश्राम करेंगे। कल सुबह 9:30 बजे कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद, सुबह 11:30 बजे गौरीगंज के जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। दोपहर 12:30 बजे से शाम 4:45 बजे तक कांग्रेस के मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद शाम 4:30 बजे सड़क मार्ग से लखनऊ के लिए रवाना होंगे, जहां से शाम 6बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।

# भाजपा का हर कार्यकर्ता विचारधारा का वाहक व भारतीय संस्कृति का पोषक है : भूपेंद्र चौधरी



- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की सफलता के बताये गुर

जिला संवाददाता (vol)

**बाराबंकी।** भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता विचारधारा का वाहक व भारतीय संस्कृति का पोषक है। सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने वाले सभी लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने का एक सुअवसर है। देश में उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक वास्तव में भारत की मिट्टी से प्यार करने वाला हर व्यक्ति भाजपा के साथ जुड़ना चाहता है। लेकिन जब हम उस तक नहीं पहुंचते हैं तो उसके मन में पीड़ा होती है। तब विपक्षी ताकतों के दुष्प्रचार के कारण उसके मन में संकोच का भाव आ जाता है। हमें इस संकोच के दायरे को समाप्त करना है और उन्हें अपने साथ जोड़ना है। उक्त उद्गार घर-घर संपर्क सदस्यता अभियान के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने भाजपा कार्यालय मे आयोजित बैठक मे कार्यकर्ताओ के बीच व्यक्त किये। इसके उपरान्त प्रदेश अध्यक्ष श्री चैधरी ने जैदपुर विधानसभा के हरख ब्लॉक में अबुदुल्लापुर के बूथ संख्या 237, सिद्धौर ब्लॉक में दीनपनाह गांव के बूथ संख्या 369 तथा मसौली ब्लॉक में चिलौकी गांव के बूथ संख्या 133 पर मिस्ड कॉल करवाकर हर तबके को भाजपा से जोड़ा। इसके उपरांत भाजपा कार्यालय पर जिला पदाधिकारियों एवम जनप्रतिनिधियों संग सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर इस क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय, जिला प्रभारी अवनीश सिंह, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, विजय आनंद बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# चिपचिपी गर्मी मे धर्मसेवकों ने रेलयात्रियो की बुझाई प्यास, बांटा मिष्ठान-जल



**बाराबंकी।** भीषण गर्मी में रेलयात्रियों को प्रत्येक स्टेशन पर पानी पिलाने के लिए लोग जिस प्रकार से इकट्ठे होते हैं। वह अपने आप में अदभुत है। जिसे जनपद में धर्मजागरण ने रेलमेध यज्ञ आंदोलन चलाकर साकार किया है। उक्त विचार धर्मजागरण धाम संस्था संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियो की सेवा कर धर्मसेवको को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि खण्ड संघ चालक गिरीश शुक्ल ने व्यक्त किये। आज हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर धर्मसेवको ने मेमू, फरक्का एक्सप्रेस के रेल यात्रियों मे पेठा, गुड़ व जल का वितरण किया। सेवा करने वालो मे आलोक तिवारी, अजय त्रिवेदी, योगेश द्विवेदी, शिवम सोनी, देवानन्द पांडेय, श्यामू गौतम, अनन्त मिश्र, सुमित सैनी, अनिल कुमार मिश्र, शिव कुमार साहू, प्रमोद कुमार पाल, धर्मेंद्र मिश्र, शिव कुमार गुप्त, रामेंद्र तिवारी, अहरवा रावत, मिथुन पांडेय आदि धर्मसेवक मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत के जीएसटी विभाग में पंजीकृत न होने पर होगी कार्यवाही : अंचल अग्रवाल



- राज्य कर सहायक आयुक्त ने कार्यशाला में बताये ग्राम पंचायतों के जीएसटी पंजीयन के महत्व और लाभ

**बाराबंकी।** ग्राम पंचायतों को जीएसटी विभाग मे पंजीकृत होने एंव टीडीएस से प्राप्त होने वाले राजस्व की सुरक्षा को लेकर विकास भवन स्थित स्वर्ण सभागार मे राज्य कर सहायक आयुक्त अंचल अग्रवाल की अध्यक्षता मे कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशला मे सहायक आयुक्त अग्रवाल ने कहा कि ग्राम पंचायतों द्वारा कराये गये विकास कार्यो का भारी मात्रा में भुगतान किया जा रहा है। परन्तु जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतों के जीएसटी विभाग मे पंजीकृत न होने के चलते जीएसटीआर-7 रिटर्न दाखिल नही किया जा रहा है। जिसके चलते आपूर्तिकर्ता फर्मों द्वारा कर चोरी किया जा रहा है। सहायक आयुक्त ने कहा कि ग्राम पंचायतों द्वारा राज्य कर विभाग स्तर से निरस्त फर्मों को भी भुगतान किया जा रहा है। जिससे उनके द्वारा किये गये भुगतान पर आपूर्तिकर्ताओं द्वारा जमा किये जाने वाल कर जमा नही होता और कर चोरी को बढ़ावा मिलता है। ऐसे मे ग्राम पंचायते भुगतान करने से पूर्व जानकारी कर ले कि फर्म एक्टिव है या नही। इसके लिये विभागीय वेबसाइट से जानकारी हासिल करते हुये सत्यापन करे। इसके साथ ही कार्यशाला मे माल एंव सेवा कर अधिनियम-2017 के सुसंगत प्रावधानों, स्त्रोत पर कर की कटौती (टीडीएस), रिटर्न फाइलिंग आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई।

# आप ने चलाया सदस्यता अभियान

**सुलतानपुर।** आर्प सदस्यता अभियान के अंतर्गत कूरेभार ब्लॉक में छोटू इंटरप्राइजेज अंगनाकोल पर मो वशीद अहमद के नेतृत्व में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

जिला कार्यकारिणी की तरफ से जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति, महासचिव राम बिलास तिवारी, प्रदेश सचिव मोहम्मद अख्तर, जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, अरविंद यादव सदस्यता अभियान में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति और प्रदेश सचिव मो.अख्तर ने पार्टी में शामिल हुए लोगों को टोपी और पटका पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि आज हम सबको गर्व है कि हम लोग एक कट्टर ईमानदार पार्टी के सदस्य हैं जो जाति धर्म और मजहब से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर काम करती है, और यही वजह है कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा भयभीत होकर हमारे मुखिया और अरविन्द केजरीवाल को झूठे केसों में फंसाकर जेल में बंद कर रखा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति ने मो. जाकिर को कूरेभार ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया, जिस पर मौजूद सभी कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की। सदस्यता अभियान में साजिद फारूकी, संतोष कुमार गुप्ता, राशिद अख्तर, हनुमान प्रसाद, राम मूर्ति, मो कामरान, राजेश कुमार, अजर फारूकी, घनश्याम, आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्राली की चपेट में आने से युवक की मौत

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर ।** शनिवार की देररात श्रीकृष्ण बरही का मेला देखकर ट्राली सहित ट्रैक्टर से लौट रहा युवक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। ट्राली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल युवक को लेकर साथी देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सूचना के बावजूद पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। रविवार सुबह परिजन शव को लेकर घर चले गये।

## फैसल मालिक बने भाकियू टिकैत के युवा मंडल प्रभारी



**बाराबंकी।** भाकियू टिकैत युवा विंग मध्यांचल अध्यक्ष उत्कर्ष तिवारी ने युवा किसान नेता फैसल मलिक को युवा विंग मंडल प्रभारी अयोध्या नियुक्त करते हुये मनोनयन पत्र सौपा। तथा फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। मलिक ने कहा कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौपी है। उसका ईमानदारी से निर्वहन करुगा तथा संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करूंगा। इस अवसर पर मध्यांचल प्रवक्ता बलराम यादव, युवा विंग तहसील अध्यक्ष नवाबगंज मोहम्मद रियाज, मोहम्मद कलीम, अज्जू नेता, मोहम्मद अशहद, रसूल अहमद, मोहम्मद इलमास, सरदार दीपक सिंह, नफीस मलिक देवां, मो. इमरान, मोहम्मद आफाक, सनी वर्मा, शिवम सिंह, यशवंत सिंह यादव आदिं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

## फौजदार सिंह का आल्हा सुन लोग हुए मंत्रमुग्ध

**सुलतानपुर ।** कूरेभार क्षेत्र के इंटर कालेज नटौली में रविवार को क्षेत्र वासियों के संयोजन में पूर्वांचल के मशहूर आल्हा गायक जौनपुर के फौजदार सिंह ने वीर रस से ओतप्रोत कई रचनाओं को सुनाकर उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया फौजदार सिंह ने उधल का विवाह नरवर गढ़ की लड़ाई का आल्हा के माध्यम से कई खंडों का वर्णन सुनाया वीर रस से ओतप्रोत रचनाओं से परिसर गुंजायमान हो गया। भगे सिपाही नैनागढ़ के, अपने डार डार हथियार..कोऊ रोवत है लडकन को, कोऊ पुरखन को चिल्लाय.. कोऊ रोवे घरवाली को, औ रण दूल्हा चले बराय ...आदि प्रसंगों पर लोगो की भुजाए फड़क उठी फौजदार सिंह ने अवधी बुंदेलखंडी शैली के मिश्रण के साथ अपनी बुलंद आवाज से उपस्थित लोगो को रोमांचित कर दिया।

# कन्वर्जन कास्ट का मासिक भुगतान नहीं होता

- नहीं बढ़ाई जा रही है कन्वर्जन कास्ट

**अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों और राजकीय और मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन के लिए कन्वर्जन कास्ट का भुगतान मासिक नहीं होता है ।एमडीएम सामग्री और आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि के अनुसार कन्वर्जन कास्ट की धनराशि नहीं बढ़ाई जा रही है ।फलों और हरी सब्जियों के दाम बढने एम डी एम की क्वालिटी पर असर पड़ रहा है। एम डी एम तैयार करने वाली रसोइया महिलाओं की स्थिति मनरेगा मजदूरों से भी खराब है ।80रुपए मानदेय में रसोइयों को छः घंटे काम करना पड़ रहा है ।भोजन का अधिकार लागू होने के मध्यान्ह भोजन योजना की शुरुआत भारत सरकार ने 15अगस्त 1995को थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक सितंबर 2004से प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में इसे लागू किया ।इस योजना के अन्तर्गत 450कैलोरी ऊर्जा और 12ग्राम प्रोटीन युक्त भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश हैं। सोमवार को बच्चों को फल और बुधवार को प्राथमिक विद्यालयों में सौ ग्राम और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 150ग्राम दूध दिया जाता है ।वर्तमान में इस योजना के संचालन के राशन और कन्वर्जन कास्ट तीसरे महीने उपलब्ध कराई जाती है। कोलोकटेड आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए हाट कुक योजना संचालित की गई है। आमतौर पर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे भी स्कूलों में ही भोजन करते हैं। भोजन तैयार करने वाली रसोइयों को पचास पैसे प्रति छात्र की दर से अलग से मानदेय देने के निर्देश हैं, यह धनराशि रसोइयों को नहीं मिल पा रही है।

**मनरेगा मजदूरों से भी खराब है रसोइयों की स्थिति :** शासन की ओर से रसोइयों का मानदेय दो हजार रु.निर्धारित है, यह धनराशि भी उनको प्रति माह नहीं मिल पाती है। छुट्टियां न होने की स्थिति में विद्यालय 25से 26दिन खुलते हैं। रसोइयों को छः घंटे स्कूल में काम करने के बाद बमुश्किल 80रुपए मिल रहे हैं। सफाई कर्मियों के न आने के कारण अधिकांश स्कूलों में साफ सफाई का काम भी रसोईया ही देख रही हैं।

**फलों के दाम बढ़े, नहीं बढ़ी धनराशि :** मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन कर रहे की प्रधानों ने बताया है कि मौसमी फल उपलब्ध कराना मुश्किल हो गया है ।फल के लिए प्रति छात्र चार रुपए मिलता है। बाजार में केला 60से70रु दर्जन बिक रहा है, अन्य फल और मंहगे हैं। दाल, आलू और हरी सब्जियों के दाम आसमान चूम रहे हैं। सरकार बढ़ती मंहगाई के अनुसार कन्वर्जन कास्ट और फलों की धनराशि बढ़ाने पर कोई ध्यान नहीं दे रही है ।

**एम डी एम तैयार करने के लिए जरूरी सामग्री का बाजार मूल्य –** दाल अरहर-140से180रु प्रति किलो, मसाला 75 रु -80रु, प्रति 250ग्राम पैकेट आयोडीन युक्त नमक -,28 रु प्रति किलो का पैकेज, सोयाबीन -90 से100रु प्रति किलो, आलू- 35से 40रु प्रति किलो, सरसों का तेल -140से 145रु प्रति किलो, हरी सब्जियां-कद्दू-30से40रू प्रति किलो, परवर-80रु किलो, बैंगन -,40से50रू प्रति किलो, लौकी -30से35रु प्रति किलो

मंहगाई के अनुसार नहीं बढ़ी मध्यान्ह भोजन योजना की कन्वर्जन कास्ट, फल और हरी सब्जियां खिलाना मुश्किल हुआ तीन महीने पर स्कूलों को मिलती हैं मध्यान्ह भोजन योजना की कन्वर्जन कास्ट, 80रुपए मानदेय में काम करने को मजबूर हैं रसोइया ।

**स्टील के बर्तनों की खरीद के लिए एमडीएम के बैंक खातों में नहीं पहुंची धनराशि :** एम डी एम की गुणवत्ता ठीक रखने के लिए शासन की ओर से स्टील के बर्तनों की खरीद के लिए शासन की ओर से धनराशि आवंटित की गई है। पिछले महीने अखबारों में इस सम्बन्ध में खबरें भी प्रकाशित हुई थी। बर्तनों की खरीद के लिए धनराशि अभी तक स्कूलों को नहीं मिली है।

# आयोजित हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



- रोटरी क्लब ने विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** रोटरी क्लब सुलतानपुर के तत्वावधान में रविवार को एक होटल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डा. ओंकार नाथ द्विवेदी रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में विषय- जातिगत जनगणना राजनैतिक पैतरेबाजी या आवश्यकता ? के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक की भूमिका निभा रहे गनपय सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. .देवेंद्र नाथ मिश्र, द्वापर विद्यापीठ अन्तर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री सुनील कुमार द्विवेदी एवं सहायक अध्यापिका डा. मनीषा सक्सेना ने प्रतियोगिता का निर्णय दिया, जिसमें टोटल परफॉरमेंस में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले सनबीम स्कूल को मुख्य अतिथि के द्वारा वैजयंती शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को विजयी घोषित किया गया, जिसमें पक्ष में केएनआईसीई की अपूर्वा यादव को प्रथम पुरस्कार, सनबीम स्कूल की कृतिका सिंह को द्वितीय पुरस्कार, राधा रानी की तनु यादव को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं विपक्ष में सनबीम स्कूल के मधुरम पाठक को प्रथम पुरस्कार, सरस्वती विद्या मंदिर की अनन्या रावत को द्वितीय पुरस्कार, टाइनी टॉट्स स्कूल के अभिषेक विश्वकर्मा को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आदर्श शिक्षक के रूप में प्रीति मिश्रा, संदीप कुमार, आकांक्षा आनंद एवं दिव्या त्रिपाठी को अंग-वस्त्र एवं नेशन बिल्डर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन नीरव पांडेय ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रो. संजय केसरवानी, सचिव डॉ. अभिषेक पांडेय, रो. वेद प्रकाश जयसवाल, रो. संदीप कुमार, पूर्व सचिव रो. आरके सिंह, रो. विजय सेठ, रो. डॉ अनुराग रत्न, रो. आरपी सिंह, रो. निमेन्द्र गोयल, रो. अखिल अग्रवाल, रो. अलंकार टंडन, रो. तपन टंडन, रो. अजीत अग्रहरि, रो. मनमोहित, रोटेरियन सत्यप्रकाश सिंह, रोटेरियन दिनेश यादव, रोटेरियन सागर तिवारी, रो. सुनयना, रो. शशी मिश्रा आदि मौजूद रहे।




## संक्षेप

### पैरालंपिक : पूजा फाइनल में नहीं बना पाई जगह

पेरिस। पूजा ओझा रविवार को यहां महिलाओं की कयाक एकल 200 मीटर केएल। स्प्रिंट कैनोइंग स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं और इसके साथ ही भारत का पैरालंपिक खेलों में अभियान भी समाप्त हो गया जिसमें उसने रिकॉर्ड 29 पदक जीते। भारत ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदकों के रिकॉर्ड के साथ पेरिस पैरालंपिक खेलों का समापन किया और उसका पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहना तय है। भारत तोक्यो में पिछले पैरालंपिक खेलों में पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक के साथ 24वें स्थान पर था। पूजा रविवार को भारत की तरफ से खेलने वाली अकेली खिलाड़ी थी। उन्हें फाइनल में पहुंचने के लिए सेमीफाइनल में शीर्ष तीन में जगह बनाने की जरूरत थी लेकिन वह 1:17.03 का समय ही निकाल पाई जो इटली की तीसरे स्थान पर रहीं एलोनोरा डी पाओलिस से 7.03 सेकंड अधिक था। भारत के एकमात्र पुरुष कैनो धावक यश कुमार शनिवार को केएल। 200 मीटर सेमीफाइनल में पांचवें स्थान पर रहे थे।

### मोईन अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

लंदन। इंग्लैंड के ऑल राउंडर मोईन अली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने द डेली मेल समाचार पत्र से कहा, अब अगली पीढ़ी का समय है। मुझे लगा कि यह संन्यास लेने का सही समय है। मैंने अपना काम कर लिया है। मोईन ने इंग्लैंड की तरफ से 68 टेस्ट, 138 एक दिवसीय और 92 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह सीमित ओवरों के दोनों प्रारूप में विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अब भी लगता है कि वह शीर्ष स्टार की क्रिकेट खेल सकते हैं लेकिन वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर यथार्थवादी बनने की कोशिश कर रहे हैं। मोईन ने कहा, मैं अब भी इंग्लैंड की तरफ से खेलने के लिए प्रयास कर सकता हूं लेकिन मैं जानता हूं कि मैं वास्तव में ऐसा नहीं करूंगा।

### इंग्लैंड को दूसरी पारी में 62 रन की बढ़त

लंदन। इंग्लैंड ने ओवल में तीसरे और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन बारिश से प्रभावित सुबह के सत्र में पदार्पण कर रहे जोश हुल की मदद से श्रीलंका के पुछल्ले बल्लेबाजों को जल्दी आउट करने के बाद दूसरी पारी में 62 रन की बढ़त हासिल कर ली। पर श्रीलंका ने दूसरी पारी में इंग्लैंड के दो बड़े विकेट बेन डकेट और ओली पोप के रूप में झटके जिन्होंने पहली पारी में बड़े स्कोर बनाये थे। इससे लंच तक इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 35 रन हो गया। डैन लारेंस 20 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। श्रीलंका ने सुबह पांच विकेट पर 211 रन से खेलना शुरू किया लेकिन पूरी टीम 263 रन पर सिमट गई। हुल ने कप्तान धनंजय डिसिल्वा (69 रन) और विश्वा फर्नांडो (शून्य) को आउट कर अपने पहले टेस्ट मैच में 53 रन देकर तीन विकेट झटके। कामिंडु मेंडिस 64 रन पर आउट हुए और ओली स्टोन ने मिलन रत्नायके (07) को आउट किया। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में असिथा फर्नांडो ने बेन डकेट को तीसरे ओवर में सात रन पर आउट कर दिया। पहली पारी के शतकवीर पोप फिर लाहिरू कुमारा की गेंद पर बोल्ड हो गये।

### रणधीर सिंह ओसीए अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय

नयी दिल्ली। अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गये। उन्हें रविवार को यहां इस महाद्वीपीय संस्था की 44वीं आम सभा के दौरान यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। पांच बार के ओलंपिक निशानेबाज रणधीर ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र योग्य उम्मीदवार थे। उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा। उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया। यह 77 वर्षीय कुशल प्रशासक 2021 से ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष थे। उन्होंने कुवैत के शेख अहमद अल-फहद अल-सबा की जगह ली है।

# नवदीप ने रजत को स्वर्ण में बदला

एजेंसी

पेरिस। पेरिस पैरालंपिक में शनिवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ41 फाइनल में नाटकीय प्रदर्शन के बीच ईरान के बेत सयाह सादेघ को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारत के नवदीप सिंह के रजत पदक को स्वर्ण में बदल दिया गया। यह पुरुषों की भाला एफ41 श्रेणी में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। नवदीप का पहला प्रयास फाउल रहा लेकिन उन्होंने दूसरे प्रयास में 46.39 मीटर के थ्रो के साथ शानदार वापसी की। तीन साल पहले तोक्यो पैरालंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले नवदीप के तीसरे थ्रो ने स्टेडियम को रोमांचित कर दिया। उन्होंने 47.32 मीटर के विशाल थ्रो के साथ पैरालंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया और बढ़त बना ली। सादेघ ने हालांकि अपने पांचवें प्रयास में भारतीय खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 47.64 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो किया। फाइनल की समाप्ति के कुछ समय बाद ईरान के खिलाड़ी को अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके कारण नवदीप ने शीर्ष स्थान हासिल किया। एफ41 श्रेणी छोटे कद के एथलीटों के लिए है।




**उपासना की शतकीय पारी से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को महिला डीपीएल की चैम्पियन बनीं**

नयी दिल्ली। उपासना यादव की शतकीय पारी से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने रविवार को यहां महिला दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के फाइनल में साउथ दिल्ली सुपरस्टारज को 10 रन से शिकस्त देकर इस लीग का पहला खिताब अपने नाम किया। उपासना टूर्नामेंट के इतिहास में शतक लगाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गयी। उनकी 67 गेंदों में नाबाद 114 रन की पारी ने टीम को तीन विकेट पर 179 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इसके जवाब में, सुपरस्टारज के लिए तनीषा सिंह ने 40 गेंद में 72 रन की आक्रामक पारी खेली लेकिन स्ट्राइकर्स के गेंदबाजों ने टीम को आठ विकेट पर 169 रन पर रोक दिया।

**पहली बार कई उपलब्धियों की बदौलत भारत पेरिस पैरालम्पिक शक्ति के रूप में उभरा**

पेरिस। दिव्यांग लेकिन असाधारण रूप से दृढ़ भारत के पैरा एथलीट को अपने पैरालंपिक अभियान पर गर्व महसूस होगा क्योंकि अधिकांश स्थापित नाम उम्मीदों पर खरे उतरे और कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने ही रिकॉर्ड तोड़ 29 पदक जीतकर बड़े मंच पर अपनी जगह बनाई। भारत ने कुल 29 पदक जीते जिसमें से सात स्वर्ण हैं जो देश के लिए पहली बार हुआ है। भारत ने 2016 के चरण में ही अपनी उपस्थिति दर्ज करानी शुरू की थी जिसमें देश के पैरा एथलीट चार पदक जीत सके थे। इसके बाद उनका प्रदर्शन शानदार होता चला गया जिससे तोक्यो में पैरा खिलाड़ियों ने 19 पदक जीते। पांच खेलों में कुल 29 पदकों से केवल ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धा में ही 17 पदक मिले जिसने सुनिश्चित किया कि देश इन खेलों में शीर्ष 20 में शामिल रहा। पैरालंपिक में एक बार फिर चीन का दबदबा रहा जिसने 200 से ज्यादा पदक जीते। भारत अब भी ओलंपिक स्तर पर एक ताकत बनने से बहुत दूर है लेकिन देश निश्चित रूप से दिव्यांगों की प्रतियोगिता में एक ताकत के रूप में उभरा है।

# आर्यना सबालेंका ने जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन का जीता खिताब

न्यूयॉर्क। आर्यना सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हरा कर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका में आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त पेगुला को 7-5, 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन में पहला और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता।

सबालेंका पिछले साल यहां फाइनल में हार गई थी जबकि इससे पहले वह दो बार सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने पहले सेट के आखिरी दो गेम और मैच के आखिरी चार गेम जीतने के बाद कहा, पिछले साल मैंने यहां कड़ा सबक सीखा था। फाइनल के मुश्किल पलों में मैं मजबूत बने रहने की कोशिश कर रही थी। मैं खुद को यह याद दिलाने की कोशिश कर रही थी कि मैंने बहुत कुछ झेल लिया है और मैं इस दबाव को झेलने के लिए काफी मजबूत हूं। सबालेंका ने उन चुनौतियों का जिक्र भी किया जिनका सामना उन्हें पिछले कुछ वर्षों में करना पड़ा था। उनके पिता का 2019 में निधन हो गया था जबकि इस साल मार्च में उनके एक पूर्व प्रेमी की मृत्यु हो गई थी। दाहिने कंधे की समस्या के कारण उन्हें इस जुलाई में विंबलडन से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।



उन्होंने कहा, अपने पिता को खोने के बाद टेनिस के इतिहास में अपने परिवार का नाम दर्ज कराना हमेशा मेरा लक्ष्य रहा।

सबालेंका ने कहा, जब भी मैं ट्रॉफी पर अपना नाम देखती हूं तो मुझे खुद पर बहुत गर्व होता है। मुझे अपने परिवार पर गर्व होता है जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया था। सबालेंका पिछले साल फाइनल में कोको गॉफ से हार गई थी। तब उन्हें दर्शकों का समर्थन नहीं मिला था। गॉफ की तरह पेगुला भी अमेरिकी खिलाड़ी है, लेकिन दर्शक इस बार सबालेंका के प्रति कहीं अधिक उदार थे। पेगुला पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी। वह शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई तथा सबालेंका लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट जीतने के साथ ही दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन वह सबालेंका को चैंपियन बनने से नहीं रोक पाई। पेगुला ने कहा, उसने महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे खुशी है कि मैंने अच्छी वापसी करके खुद को मौका दिया था लेकिन आखिर में यह पर्याप्त साबित नहीं हुआ।

# भारत 2030 युवा ओलंपिक के लिए दावेदारी पेश करेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है, जो 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। वर्ष 2030 में पांचवें युवा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। मांडविया ने यहां एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की 44वीं महासभा के अवसर पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, मोदीजी के नेतृत्व में हमने क्रिकेट विश्व कप, फुटबॉल अंडर-17 विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया। युवा ओलंपिक 2023 की मेजबानी हासिल करने के लिए भारत के अलावा पेरू, कोलंबिया, मैक्सिको, थाईलैंड, मंगोलिया, रूस, यूक्रेन, बोस्निया और हर्जेगोविना भी दौड़ में शामिल हैं।



**ताने को जीत में बदलने के बाद नवदीप ने कहा, हम भी सम्मान के हकदार**

पेरिस। छोटे कद से पीड़ित नवदीप सिंह को हरियाणा के पानीपत जिले में अपने गांव में प्रशिक्षण की सामान्य कठिनाइयों के साथ लोगों के क्रूर तानों का भी सामना करना पड़ता था। नवदीप ने उन उपहासों को सफलता में बदलते हुए खेल के सबसे बड़े मंचों में से एक पैरालंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया। चार फीट चार इंच कद का 23 साल का यह खिलाड़ी भाला फेंक के एफ41 वर्ग में भारत का पहला स्वर्ण पदक विजेता बना। उन्होंने अपने जैसे पैरा खिलाड़ियों के लिए उस तरह की सम्मान की मांग की जैसा की सामान्य खिलाड़ियों को मिलता है। भारतीय पैरालंपिक समिति की ओर से साझा वीडियो में नवदीप ने अपने स्वर्ण पदक को दिखाते हुए कहा, हमें भी उतना दर्जा मिलना चाहिए।

# कनाडा ने अमेरिका को उसकी धरती पर हराया

एजेंसी

कन्सास सिटी (अमेरिका) आठ सितंबर (एपी) कनाडा ने अमेरिका की रक्षा पंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर यहां मैत्री फुटबॉल मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। कनाडा की यह 1957 के बाद अमेरिका के खिलाफ उसकी धरती पर पहली जीत है। उसने पिछले 99 वर्ष और 27 मैच में अमेरिका के खिलाफ उसकी धरती पर केवल दूसरी जीत हासिल की। कनाडा की तरफ से जैकब शेफ़ेलबर्ग और जोनाथन डेविड ने पहले हाफ में गोल किए। अमेरिका की तरफ से एकमात्र गोल लुका डे ला टोरे ने 66वें मिनट में एडन मॉरिस के पास पर किया जो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका पहला गोल भी है। इससे पहले कनाडा ने छह जुलाई 1957 को विश्व कप क्वालीफायर के सेंट लुई में खेले गए मैच में अमेरिका को 3-2 से हराया था। कनाडा की टीम इससे पहले अमेरिका को पिछले 23 मैच में नहीं हरा पाई थी।



**भारत को इंटरकांटिनेंटल कप खिताब बरकरार रखने के लिए सीरिया के खिलाफ जीत की जरूरत**

हैदराबाद। मेजबान भारत और सीरिया सोमवार को यहां इंटरकांटिनेंटल कप ट्रॉफी के तीसरे और अंतिम मैच में जब आमने-सामने होंगे तो जीत दर्ज करने वाली टीम के सिर खिताबी ताज सजेगा। भारत ने टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मैच में मॉरीशस के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था जबकि सीरिया ने इस टीम के खिलाफ शुक्रवार को 2-0 से जीत दर्ज की थी। गत चैम्पियन भारत को खिताब का बचाव करने के लिए इस मुकाबले में जीत की जरूरत होगी जबकि सीरिया इस मैच के ड्रॉ छूटने पर भी चैम्पियन बन जायेगा।

सीरिया का भारत में टूर्नामेंट खेलने का एक लंबा इतिहास है, लेकिन खिताब हमेशा उनसे दूर रहा है। पश्चिम एशियाई 2007 और 2009 में लगातार नेहरू कप फाइनल में भारत से हार गई थी। टीम 2012 में चौथे स्थान पर थी। टीम 2019 इंटरकांटिनेंटल कप में भारत के अपने पिछले दौरे में तीसरे स्थान पर रही थी। पिछले साल नवंबर से जीत का इंतजार कर रही भारतीय टीम के लिए सीरिया की चुनौती को ध्वस्त करना आसान नहीं होगा। शनिवार को अपना 56वां जन्मदिन मनाने वाले भारतीय कोच मानोलो मार्केज ने कहा, यह दोनों टीमों के लिए एक मुश्किल मैच होगा। यह एक दोस्ताना मैच की तरह है, लेकिन जो टीम इसे जीतेगी वह ट्रॉफी की हकदार बनेगी। हमें उम्मीद है कि हम अच्छा खेलेंगे और टूर्नामेंट जीतेंगे। स्पेन के इस कोच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के लिए अच्छी फुटबॉल खेलना समय की मांग है और इससे अनुकूल परिणाम आयेंगे। उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे पूछें, तो मैं टूर्नामेंट जीतने के बजाय अच्छा खेल खेलना पसंद करूंगा। मैं इसे 1-0 के स्कोर के साथ जीतने की जगह यह चाहता हूं कि खिलाड़ी टीम की रणनीति को समझे और बेहतर खेल दिखाये। यह जीत या हार के बारे में नहीं है। मार्केज ने कहा, आपको खेलने की शैली पर पहुंचने की जरूरत है और हम इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जाहिर तौर पर जब आप जीतते हैं, तो आत्मविश्वास बढ़ता है और फिर यह आसान हो जाता है। अब यह इस बारे में है कि हम मानते हैं कि हम सभी टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। मार्केज ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब आपके पास काम करने का समय होता है, तो सफलता की संभावनाएं अधिक होती हैं। भारत की तरह सीरिया भी नये मुख्य कोच जोस लाना के नेतृत्व में अपने नए युग में है। स्पेन के कोच लाना मॉरीशस के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट थे। उन्हें टीम के प्रदर्शन में सुधार के साथ भारत के खिलाफ भी जीत की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत एक बेहतरीन टीम है। जिस तरह से वे इस कोच के साथ खेलते हैं वह मुझे पसंद है। वे गेंद को तेजी से आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं। मुझे लगता है कि यह हमारे लिए कठिन मैच होगा।

### योगासन एशियाई खेल 2026 में प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल

नयी दिल्ली। भारत के प्राचीन खेल योगासन को जापान के आइची-नागोया में 2026 में होने वाले एशियाई खेलों में प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया गया है। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने रविवार को यहां अपनी 44वीं आमसभा में एशियाई खेलों के कैलेंडर में योगासन को प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल करने का फैसला किया। ओसीए की आम सभा के इस सत्र में भारत के रणधीर सिंह को 2024 से 2028 तक चार साल की अवधि के लिए ओसीए अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया। रणधीर ने कहा, नागोया में योग एक प्रदर्शनी खेल होगा क्योंकि 2026 में होने वाले एशियाई खेलों का कैलेंडर पहले ही तैयार किया जा चुका है और उसे मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा, दस दिन के समय में हम सभी सदस्यों को समझाने और योग को प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल करने में सफल रहे, जिसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। रणधीर ने कहा, अन्य सभी खेलों में चोट लगने का खतरा रहता है, लेकिन योग एक ऐसा खेल है जो आपके शरीर को तरोताजा कर देता है। उन्होंने कहा कि अगर योग को 2030 में होने वाले एशियाई खेलों में पदक कार्यक्रम में शामिल करना है तो जापान में होने वाले खेलों में इसे अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

# दलीप ट्राफी : भारत बी 76 रन से जीता, तेज गेंदबाज चमके



एजेंसी

बेंगलुरु। केएल राहुल की संयम से खेली गई अर्धशतकीय पारी से उनके साथी कोई प्रेरणा नहीं ले सके जिससे यश दयाल की अगुआई में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत बी ने रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच के चौथे और अंतिम दिन भारत ए को 76 रन से हरा दिया। भारत ए की टीम 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 198 रन पर सिमट गई जिसमें भारत बी के लिए बायें हाथ के तेज गेंदबाज दयाल ने 50 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि मुकेश कुमार (50 रन देकर दो विकेट) और नवदीप सैनी (41 रन देकर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाया।

राहुल भारत ए के लिए 51 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। दिन के पहले सत्र में भारत बी दूसरी पारी में 184 रन पर सिमट गई जिससे उसकी कुल बढ़त 274 रन की हो गई। भारत ए की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसमें मयंक अग्रवाल (03 रन) दूसरे ही ओवर में आउट हो गये। रियान पराग (31 रन) क्रीज पर उतरे और उन्होंने शुभमन गिल (21 रन) के साथ 48 रन की साझेदारी निभाई। गिल के आउट होने के बाद ध्रुव जुरेल (शून्य) भी बिना कोई योगदान दिये आउट हो गये। लंच तक उनका स्कोर चार विकेट पर 76 रन था जो शिवम दुबे और तनुष कोटियान के आउट होने के बाद जल्द ही छह विकेट पर 99 रन हो गया। राहुल ने 180 मिनट तक बल्लेबाजी करते हुए 121 गेंदों का सामना किया। उन्होंने कुलदीप यादव (14) के साथ सातवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर टीम की हार को कुछ देर के लिए टाला। निचले क्रम में आकाश दीप ने 43 रन की पारी खेली, पर टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। इससे पहले भारत बी छह विकेट पर 150 रन से आगे खेलते हुए केवल 34 रन ही जोड़ सकी।



**भारतीय क्रिकेट बेहद शक्तिशाली है क्योंकि हर जगह से आ रही है प्रतिभा: द्रविड़**

बेंगलुरु। महान खिलाड़ी राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि बढ़ते प्रतिभा पूल की बदौलत भारतीय क्रिकेट एक बेहद शक्तिशाली ताकत के रूप में विकसित हुआ है और यह अब देश के सुदूर कोने तक भी फैल गया है। टी20 विश्व कप में भारत की जीत के सूत्रधार रहे द्रविड़ ने कहा कि एक मजबूत क्लब क्रिकेट संस्कृति का राष्ट्रीय टीम में शहर के क्रिकेटरों के दबदबे की पुरानी प्रवृत्ति को खत्म करने में काफी योगदान है। माउंट जॉय क्लब के 50वें वर्ष के जश्न के दौरान भारत के पूर्व कोच ने कहा, अगर आप आज भारतीय क्रिकेट को देखें, तो भारतीय क्रिकेट बेहद मजबूत है, यह बेहद शक्तिशाली है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि प्रतिभाएं हर जगह से, देश के हर कोने से आती है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अगर आप जीआर विश्वनाथ के समय में जाएं या जब मैं अपना करियर शुरू कर रहा था, तब भी ज्यादातर प्रतिभाएं बड़े शहरों या कुछ चुनिंदा राज्यों से आती थीं। उन्होंने कहा, छोटी जगहों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी क्रिकेट खेलने के लिए बड़े शहरों में आना पड़ता था। मेरा मानना है कि मौजूदा दौर में आप देख रहे हैं कि भारतीय क्रिकेट में हर जगह से खिलाड़ी आ रहे हैं। द्रविड़ में भारतीय क्रिकेट के बढ़े हुए स्तर का उदाहरण घरेलू क्रिकेट से दिया। उन्होंने कहा, आप अब रणजी ट्रॉफी के स्तर को देखिये , आप किसी भी टीम को हलके में नहीं ले सकते है। उन्होंने कहा, मैं किसी का अनादर नहीं कर रहा हूं लेकिन जब मैंने खेलना शुरू किया था तब दक्षिण क्षेत्र में तमिलनाडु और हैदराबाद को छोड़कर हम अन्य टीमों के प्रति थोड़े आश्वस्त होकर खेलते थे लेकिन अब आप ऐसा नहीं कर सकते है। हर टीम मजबूत है।

# चैंपियन ट्रॉफी में भारत ने चीन को 3-0 से हराया

एजेंसी

हुलुनबुइर (चीन)। गत चैम्पियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में मेजबान चीन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। भारत के लिए सुखजीत सिंह (14वें मिनट), उत्तम सिंह (27वें मिनट) और अभिषेक (32वें मिनट) ने गोल किए।

ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक हासिल करने के बाद टूर्नामेंट में खेलने उतरी भारत ने शुरुआत में मिले मौकों को भुनाया और डिफेंस में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि हम काफी अच्छा खेले। हमने कुछ अच्छे मौके बनाये लेकिन अच्छी चीज है कि हमने गोल नहीं खाये। उन्होंने कहा, कुछ नये चेहरों को खेलने का मौका मिला और मुझे लगता है कि वे काफी अच्छा खेले। यह उनके लिए एशियाई टीम के साथ खेलने और सीनियर टीम के साथ घुल मिलने का अच्छा मौका है। वे बहुत प्रतिभाशाली हैं। मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनायें देता हूं। भारत की शुरुआत धीमी रही क्योंकि चीन ने शुरुआत में ही जवाबी हमले का मौका बनाया लेकिन सतर्क कृष्ण पाठक ने इसे विफल कर दिया। क्वार्टर के मध्य में अभिषेक ने चीन से पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग फ्लिक को रोक दिया गया और चीन ने जोरदार जवाबी हमला किया। पर



भारतीय रक्षापंक्ति ने इसे विफल कर दिया। चीन को छह मिनट शेष रहते पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन उसने मौका गंवा दिया।

पहले क्वार्टर के अंतिम कुछ मिनटों में भारत ने चीन के सर्कल में प्रवेश किया। लेकिन कोई स्पष्ट मौका नहीं मिला। पर फिर जुगराज सिंह ने गेंद को सर्कल में पहुंचाया और सुखजीत ने इसे डिफ्लेक्ट करके भारत के लिए स्कोर 1-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत काफी सतर्क था और अभिषेक ने शुरुआती शॉट लगाया जिसे चीनी गोलकीपर कैयू वांग ने बचा लिया। इसके बाद भारत ने खेल की गति को नियंत्रित करना शुरू कर दिया। हाफ टाइम ब्रेक से कुछ मिनट पहले उत्तम ने भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। उन्होंने राहील के नजदीकी शॉट को विफल होने के बाद गेंद को नेट में डाल दिया। तीसरे क्वार्टर में भारत ने जोरदार वापसी की। मनप्रीत ने सर्कल के ऊपर अभिषेक को गेंद दी जिन्होंने गेंद को गोल में पहुंचाकर अपनी टीम के लिए स्कोर 3-0 कर दिया। भारत पूल एक में अपने दूसरे मैच में सोमवार को जापान से भिड़ेगा। पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर यह टूर्नामेंट जीता था जिससे वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई थी। अन्य मैचों में मलेशिया ने पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि जापान और कोरिया ने 5-5 से ड्रा खेला।

# नयी शिक्षा नीति से होंगे बड़े बदलाव

## अभी तक नहीं अपनाने वाले राज्यों को अपने रुख पर पुनर्विचार की जरूरत: धनखड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) एक बड़ा बदलाव लाने वाली नीति है और जिन राज्यों ने अभी तक इस नीति को नहीं अपनाया है, उन्हें अपने रुख पर पुनर्विचार करना चाहिए। धनखड़ ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन लोगों के खिलाफ आगाह किया जो भारत की संस्थाओं की छवि धूमिल करते हैं। उन्होंने लोगों से उन गुमराह व्यक्तियों को रोशनी दिखाने का आग्रह किया जो देश के प्रभावशाली विकास को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम मिशन मोड में काम करें और जल्द से जल्द 100 प्रतिशत साक्षरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करें। धनखड़ ने कहा, शिक्षा ऐसी चीज है जिसे कोई चोर आपसे नहीं छीन सकता। कोई सरकार इसे आपसे नहीं छीन सकती। न तो रिश्तेदार और न ही दोस्त इसे आपसे छीन सकते हैं। इसमें कोई कमी नहीं आ सकती। यह तब तक बढ़ती रहेगी जब तक आप इसे साझा करते रहेंगे। अगर साक्षरता को जुनून के साथ आगे बढ़ाया जाए तो भारत नालंदा और तक्षशिला की तरह शिक्षा के केंद्र के रूप में अपना प्राचीन दर्जा पुनः प्राप्त कर सकता है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को अभी तक नहीं अपनाने वाले राज्यों से अपने रुख पर पुनर्विचार करने की अपील करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह नीति देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कहा, यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे युवाओं को उनकी प्रतिभा और ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल करने का अधिकार देती है, जिसमें सभी भाषाओं को उचित महत्व दिया जाता है। भारत की संस्थाओं की छवि धूमिल करने वाले लोगों के खिलाफ चेतावनी देते हुए धनखड़ नें उन गुमराह लोगों को रास्ता दिखाने का आग्रह किया जो भारत के प्रभावशाली विकास को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं और जमीनी हकीकत को नहीं पहचान रहे हैं।

मातृभाषा के विशेष महत्व पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने कहा कि यह वह भाषा है जिसमें लोग सपने देखते हैं। उपराष्ट्रपति ने भारत की अद्वितीय भाषायी विविधता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, दुनिया में भारत जैसा कोई देश नहीं है। भाषा की समृद्धि के मामले में हम एक अनूठा राष्ट्र हैं, जिसमें कई भाषाएं हैं। राज्यसभा के सभापति के रूप में अपने अनुभव को याद करते हुए उन्होंने कहा, मैं सदस्यों को 22 भाषाओं में बोलने का अवसर देता हूं। जब मैं उन्हें उनकी भाषा में बोलते हुए सुनता हूं, तो मैं अनुवाद सुनता हूं, लेकिन उनके हाव-भाव ही मुझे बता देते हैं कि वे क्या कह रहे हैं। धनखड़ ने सभी से कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, जब हम किसी को साक्षर बनाते हैं, तो हम उसे मुक्त करते हैं, हम उस व्यक्ति को खुद को खोजने में मदद करते हैं, हम उसे सम्मान का एहसास कराते हैं, हम निर्भरता को कम करते हैं। यह व्यक्ति को खुद की मदद करने में सक्षम बनाता है। अपने संबोधन में धनखड़ ने सभी से साक्षरता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें जल्द से जल्द 100 प्रतिशत साक्षरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता और जुनून के साथ मिशन मोड में होने का समय है, लेकिन मुझे यकीन है कि यह जितना हम सोचते हैं उससे भी जल्दी हासिल किया जा सकता है।

# गुजरात : कच्छ में अज्ञात बुखार से 12 लोगों की मौत



भुज। गुजरात के कच्छ जिले के लखपत तालुका में भारी बारिश के कारण 12 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 12 वर्ष से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मौत का कारण प्राथमिक रूप से न्यूमोनाइटिस प्रतीत होता है। कुछ स्थानीय जिला पंचायत सदस्यों ने हालांकि कहा कि डॉक्टर बुखार का सही निदान नहीं कर पाए हैं, जिससे सांस लेने में भी कठिनाई हो रही है।

कच्छ के कलेक्टर अमित अरोड़ा ने कहा कि पाकिस्तान की सीमा के निकट स्थित इस तालुका में चिकित्सा सेवाएं बढ़ा दी गयी हैं। यहां 22 निगरानी दल और डॉक्टर तैनात किए गए हैं तथा एच।एन।, स्वाइन फ्लू, क्रीमियन-कांगो बुखार, मलेरिया और डेंगू के प्रसार की आशंका के निवारण के लिए निवासियों से नमूने लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, प्राथमिक तौर पर, ऐसा लगता है कि मौत न्यूमोनाइटिस के कारण हुयी हैं। ऐसा नहीं लगता कि यह संक्रमण के कारण हुआ है और न ही यह कोई संक्रामक बीमारी है। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की 22 टीमें काम कर रही हैं, जिनमें दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से प्रतिनियुक्ति पर लाई गई टीमें और राजकोट पीडीयू मेडिकल कॉलेज की त्वरित प्रतिक्रिया टीमें भी शामिल हैं। कच्छ जिला पंचायत सदस्य मीनाबा जडेजा ने गुजरात कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल को लिखे पत्र में दावा किया कि लखपत तालुका के बेखदा, सनांद्रो, मोरगर और भरवंध गांवों में बुखार के कारण तीन से नौ सितंबर के बीच 5-50 आयु वर्ग के 12 लोगों की मौत हो गई है। लखपत पंचायत के पूर्व सदस्य हुसैन रायमा ने कहा, बुखार से पीड़ति लोगों को पहले लखपत तालुका के वर्मानगर कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिर उन्हें दयापार सीएचसी और अंत में भुज जनरल अस्पताल ले जाया गया। एक मरीज को अहमदाबाद भेजा गया। मरीज बुखार से उबर नहीं पाया और उसकी मौत हो गयी।

संक्षेप

### बांग्लादेश में सरकार ने उपद्रवियों को दी चेतावनी

ढाका। दुर्गा पूजा के दौरान अशांति पैदा होने की आशंकाओं के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने रविवार को संदिग्ध उपद्रवियों को चेतावनी देते हुए इस हिंदू त्योहार के दौरान पूजा स्थलों को निशाना बनाने या साम्प्रदायिक सद्भाव भंग करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने का संकल्प लिया। दुर्गा पूजा उत्सव नौ अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। धार्मिक मामलों के सलाहकार डॉ. एएफएम खालिद हुसैन ने राजशाही जिले के गोदागारी में प्रेमातली गौरंग बाड़ी कालीमंदिर के दौरे पर कहा, अगर कोई पूजाघरों में व्यवधान डालता है या लोगों को परेशान करता है, तो हम उन्हें नहीं बख्शेंगे। हम उन्हें कानून के तहत सजा दिलाएंगे और शांति सुनिश्चित करेंगे। द ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने हिंदू समुदाय के सदस्यों से अपने त्योहारों को उत्साह के साथ मनाने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि किसी को भी उनके मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हुसैन ने कहा, अगर आपको अपने मंदिरों पर हमलों का डर है तो आश्वस्त रहें क्योंकि कोई अपराधी कामयाब नहीं होगा। हमने मंदिरों की सुरक्षा के लिए मदरसा छात्रों समेत स्थानीय लोगों की मदद ली है। कोई भी हमें हमारे धार्मिक उत्सवों का जश्न मनाने से नहीं रोकेगा।

## वियतनाम में तूफान, 14 की मौत, भारी बारिश की चेतावनी

एजेंसी

हनोई। वियतनाम में तूफान यागी के कारण देश के उत्तरी क्षेत्र में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई तथा 176 अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वियतनामी अधिकारियों द्वारा पिछले दशक में इस क्षेत्र में आए सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक माने जा रहे यागी के कारण उत्तरी वियतनाम में 30 लाख से अधिक लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। अधिकारियों ने बताया कि इससे कृषि भूमि को भी नुकसान पहुंचा है। चार हवाई अड्डों को बंद करने के बाद सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गईं। तूफान ने शनिवार दोपहर को वियतनाम के उत्तरी तटीय प्रांतों क्वांग निन्ह और हैफोंग में 149 किलोमीटर प्रति घंटे (92 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से दस्तक दी। वियतनाम के मौसम विभाग ने उत्तरी और मध्य प्रांतों में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है तथा निचले इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी दी गई है। राजधानी हनोई में सेना और पुलिस बलों के साथ नगरपालिका कर्मचारी उखड़े हुए।

## भारत-खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक में लेगा हिस्सा

एजेंसी



रियाद। विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में हिस्सा लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को रियाद पहुंचे। जयशंकर तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के तहत सऊदी अरब की राजधानी पहुंचे हैं। इसके बाद वह जर्मनी और स्विट्जरलैंड जाएंगे।

विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-खाड़ी सहयोग परिषद के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में हिस्सा लेने के लिए सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचा। गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रोटोकॉल मामलों के उपमंत्री अब्दुलमजीद अल समारी का आभार। जीसीसी एक प्रभावशाली समूह है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर और कुवैत शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में जीसीसी देशों के साथ भारत का कुल व्यापार 184.46 अरब अमेरिकी डॉलर था। रियाद में जयशंकर के कई जीसीसी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी संभावना है। इस यात्रा के मद्देनजर शनिवार को नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत और जीसीसी के बीच गहरे और बहुआयामी संबंध हैं, जिनमें व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, सांस्कृतिक एवं लोगों के बीच आपसी संबंध शामिल हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा था, जीसीसी क्षेत्र भारत के लिए एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार के रूप में उभरा है।

## चन्द्रमा पर 12 करोड़ वर्ष पहले हुआ था ज्वालामुखी विस्फोट

एजेंसी



लैंकेस्टर (ब्रिटेन)। चीनी अंतरिक्ष यान द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्यों से पता चला है कि चंद्रमा पर सबसे हालिया ज्वालामुखी विस्फोट 12 करोड़ वर्ष पहले हुआ था, हालांकि पिछले कुछ वर्षों तक वैज्ञानिकों का मानना था कि चंद्रमा पर ज्वालामुखी गतिविधियां लगभग 200 करोड़ वर्ष पहले ही समाप्त हो गई थीं।

साइंस नामक पत्रिका में प्रकाशित यह निष्कर्ष 2020 में चीन के चांग ए-5 अंतरिक्ष यान द्वारा पृथ्वी पर लाई गई चंद्रमा की चट्टान और मिट्टी के विश्लेषण से निकाले गए हैं। हालांकि इन परिणामों का चंद्र ज्वालामुखी के स्वीकृत इतिहास के साथ सामंजस्य बिठाना मुश्किल है, लेकिन यह संभव है कि चंद्रमा के आंतरिक भाग के कुछ क्षेत्रों में अधिक रेडियोधर्मी तत्व थे, जिनसे ज्वालामुखी के लिए जिम्मेदार गर्मी उत्पन्न होती है। जिस क्षेत्र में चांग ए-5 उतरा था, उसे ओशनस प्रोसेलारम कहा जाता है। संभवतः यही वह क्षेत्र है जहां की चट्टानों में ऊष्मा उत्पादन करने वाले ये तत्व अधिक थे। सभी उपलब्ध साक्ष्यों से पता चलता है कि शुक्र ग्रह पर वर्तमान में ज्वालामुखी सक्रिय हैं। मंगल ग्रह पर हम इन प्रवाहों पर इंपेक्ट क्रेटर्स की संख्या की गणना करके बड़े लावा प्रवाह के निर्माण की आयु निर्धारित कर सकते हैं। यह क्रेटर-गणना तकनीक इस तथ्य पर निर्भर करती है कि क्रेटर ग्रहों की सतहों पर बेतरतीब और समान रूप से बनते हैं, इसलिए अत्यधिक क्रेटर वाले भूभागों को अधिक पुराना माना जाता है। परिणाम बताते हैं कि मंगल (जो पृथ्वी के आधे आकार का है) का ज्वालामुखी हर कुछ लाख वर्षों में सक्रिय होता है। यह अपेक्षित भी है, क्योंकि छोटे पिंडों की तुलना में बड़े पिंड गर्मी को बेहतर तरीके से संरक्षित करते हैं। इस आधार पर बुध (जो पृथ्वी के आकार का एक तिहाई है) और हमारे चंद्रमा (जो पृथ्वी के आकार का एक चौथाई है) को लगभग 200 करोड़ वर्षों से ज्वालामुखीय रूप से मृत (निष्क्रिय) होना चाहिए था। यही बात आयो (बृहस्पति का पांचवा चंद्रमा) के बारे में भी सच है (जो आकार में हमारे चंद्रमा के समान है), हालांकि बृहस्पति के साथ गुरुत्वाकर्षण से उत्पन्न ज्वारीय बल आयो को एक अतिरिक्त ऊष्मा स्रोत प्रदान करते हैं। परिणामस्वरूप आयो ज्वालामुखी रूप से बहुत सक्रिय है।

## और मजबूत होंगे भारत- अमेरिका के रिश्ते

एजेंसी



ह्यूस्टन। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार को अमेरिका पहुंचे। इस दौरान, राहुल भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए सार्थक एवं गहन बातचीत करेंगे।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका के टेक्सास प्रांत के डलास में भारतीय प्रवासियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों ने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया, जिससे मैं वास्तव में बहुत प्रसन्न हूं। अमेरिका आगमन की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए राहुल ने कहा, मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चर्चाओं और गहन बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं, जिससे दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राहुल का डलास फोर्ट वर्थ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी और उत्साह से स्वागत किया गया। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पिछले हफ्ते कहा था कि राहुल अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर नहीं आ रहे हैं, लेकिन इस दौरान उन्हें कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद भवन) में विभिन्न लोगों से व्यक्तिगत तौर पर बातचीत करने का मौका मिलेगा।

पित्रोदा ने कहा था, राहुल राष्ट्रीय प्रेस क्लब में पत्रकारों के साथ बातचीत करेंगे, वह थिंक टैंक के लोगों से मिलेंगे और जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में लोगों से मुखातिब होंगे, जिसका वाशिंगटन में भी उतना ही महत्व है।

## हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया

एजेंसी

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने देश की वायु सीमा में उड़ रहे अमेरिका के एक और एमक्यू-9 निगरानी ड्रोन को रविवार तड़के मार गिराने का दावा किया। उन्होंने कहा कि इस कार्वाई के जवाब में अमेरिका ने हूती नियंत्रित इलाकों में हवाई हमले किए।

वहीं, अमेरिकी सेना ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि वह इस दावे से अवगत है, लेकिन उसे यमन में अमेरिकी सैन्य ड्रोन को गिराए जाने के संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। हूती विद्रोहियों ने अपने दावे के समर्थन में कोई तस्वीर या वीडियो जारी नहीं किया। लेकिन 2014 में यमन की राजधानी सना पर कब्जे के बाद हूती विद्रोहियों ने बड़ी संख्या में एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराए हैं। गाजा पट्टी में पिछले साल इजराइल और हमास के बीच युद्ध छिड़ने के बाद हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी ड्रोन पर हमले तेज करने के साथ ही लाल सागर गलियारा में जहाजों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। 7 अक्टूबर 2023 के बाद से वे क्षेत्र में कम से कम 80 हजारों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले कर चुके हैं।

इंटरटेनमेंट...

## दीपिका पादुकोण ने बेटी को दिया जन्म



मुंबई। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पेरेंट्स बन गए हैं। दीपिका ने रविवार को बेटी को जन्म दिया है। इस बात की जानकारी उन्होंने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट शेयर कर दी है। एक्ट्रेस शनिवार दोपहर मुंबई के गिरगांव इलाके में मौजूद एचएन रिलायंस हॉस्पिटल में एडमिट हुई थीं। उनके साथ रणवीर सिंह और परिवार वाले भी मौजूद थे। इससे पहले 6 सितंबर को दीपिका बप्पा का दर्शन करने सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची थीं।

बता दें कि दीपिका ने इस साल 28 फरवरी को सोशल मीडिया पर प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लिखा था कि वे सितंबर 2024 में बच्चे को जन्म देंगी। दीपिका और रणवीर ने रविवार दोपहर यह पोस्ट शेयर किया। कार का शीशा पूरी तरह से कवर रहा, जिस कारण दीपिका और रणवीर की झलक कैप्चर नहीं की जा सकी। पेरेंट्स बनने पर आलिया भट्ट, मलाइका अरोड़ा और परिणीति चोपड़ा समेत कई सेलेब्स ने रणवीर और दीपिका को बधाई दी है। शुक्रवार दोपहर दीपिका पति रणवीर सिंह के साथ सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। इस दौरान दीपिका को ग्रीन साड़ी में देखा गया, वहीं रणवीर कुर्ते-पजामा में नजर आए। इस खास मौके पर दोनों की फैमिलीज भी मौजूद रहीं। दोनों के कई वीडियोज भी सामने आए थे, जिसमें प्रेग्नेंट दीपिका को रणवीर सहारा देते दिखे हैं। कुछ दिन पहले ही दीपिका ने प्रेग्नेंसी फोटोशूट की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। एक्ट्रेस ने सोमवार शाम अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 14 फोटोज शेयर किए थे।

## अभिनेता विकास सेठी का हृदयाघात से निधन



मुंबई। टेलीविजन धारावाहिक क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कहीं तो होगा और ससुराल सिमर का में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के चहेते बने अभिनेता विकास सेठी का शनिवार रात नासिक में सोने के दौरान हृदयाघात से निधन हो गया। वह 48 साल के थे। विकास सेठी की पत्नी जाह्नवी सेठी ने बताया कि वे एक पारिवारिक समारोह में हिस्सा लेने के लिए नासिक गए थे।

जाह्नवी ने बताया, जब हम नासिक मेरी मां के घर पहुंचे तो उन्हें उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। वह अस्पताल नहीं जाना चाहते थे इसलिए हमने डॉक्टर से घर आने को कहा। उन्होंने बताया, जब मैं सुबह करीब छह बजे (रविवार को) उन्हें जगाने गयी तो उनका निधन हो चुका था। वहां के डॉक्टर ने बताया कि कल रात नींद में ही हृदयाघात के कारण उनका निधन हो गया था। जाह्नवी ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम के लिए मुंबई के कूपर अस्पताल भेज दिया गया है। टेलीविजन पर चर्चित चेहरा होने के अलावा, सेठी ने 2001 की सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम में भी अभिनय किया था।

### अरिंदम पर सेक्शुअल हैरेसमेंट का आरोप

मुंबई। मलयाली फिल्म इंडस्ट्री के बाद अब बंगाली फिल्म इंडस्ट्री से भी महिलाएं खुलकर अपने साथ हुए हैरेसमेंट के मामलों पर शिकायत दर्ज करवा रही हैं। हाल ही में एक बंगाली एक्ट्रेस ने जाने-माने बंगाली डायरेक्टर अरिंदम सील के खिलाफ शारीरिक शोषण की शिकायत दर्ज करवाई है। अरिंदम इंडस्ट्री की बड़ी हस्ती हैं, हालांकि आरोप लगने के बाद उन्हें ऊअएक के पद से सस्पेंड कर दिया गया है। 7 सितंबर को डीएईआई के अध्यक्ष सुब्रत सेन और सचिव सुदेशना रॉय द्वारा डायरेक्टर अरिंदम को भेजे गए नोटिस में कहा गया है, आप पर लगे आरोपों और हमारे पास मौजूद प्रथम दृष्यता सबूतों के चलते, हमारे पूरे संगठन को बदनाम किया जा रहा है।

## आशा भोसले का शो आज भी हाउसफुल



**मुंबई।** लेजेंडरी गायिका आशा भोसले आज अपना 91 वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। आशा भोसले 10 वर्ष की उम्र से गा रही है। भले ही आज उम्र के इस पड़ाव पर पहुंच गई हों, लेकिन दिल से 20 साल की ही हैं। आज भी खुद खाना बनाती हैं। आशा भोसले मानती है कि उम्र तो महज एक आंकड़ा होता है। आज आशा भोसले के जन्मदिन पर पद्मश्री भजन सम्राट अनूप जलोटा और संगीतकार आनंदजी भाई (कल्याणजी-आनंदजी) ने दैनिक भास्कर से बातचीत की। अनूप जलोटा ने कहा कि आशा जी की आवाज कभी बूढ़ी नहीं हो सकती। आज भी उनका शो हाउसफुल रहता है।

भजन सम्राट अनूप जलोटा कहते हैं- आशा भोसले जी ने प्लेबैक सिंगिंग में इतने सालों तक राज किया है। उन्होंने जिस स्टाइल के गाने गाए हैं वह दूसरों के बस की बात नहीं है। उनके साथ मैंने एक गाना फिल्म 'पत्तों की बाजी' के लिए रिकॉर्ड किया था। मैंने उसमें संगीत दिया था और आशा जी के साथ गाया भी था। आशा जी बहुत खुश थीं कि म्यूजिक में एक ताजगी मिल रही है। गाने को अच्छी तरह से समझकर सीखकर गाती हैं। उन्होंने कभी जल्दबाजी नहीं की। गाने को अच्छी तरह से समझने के बाद कहती थीं कि चलों अब रिकॉर्डिंग करते हैं। नूप जलोटा कहते हैं कि कैबरे सॉन्ग में आशा जी की आवाज के अलावा और किसी को सोच ही नहीं सकते हैं। उम्र के एक पड़ाव पर आने के बाद लता मंगेशकर ने गीत गाना बंद कर दिया था।

अनूप जलोटा कहते हैं- आशा जी कभी भी बूढ़ी नहीं हो सकती हैं। और, ना ही उनकी आवाज बूढ़ी हो सकती है, क्योंकि उन्होंने हमेशा एक-दूसरे से मिलना जुलना जारी रखा है। वो ऐसे मिलती हैं जैसे कोई 30-35 साल की शख्सियत हों। सबसे प्यार से मिलती हैं। उनके पास संगीत की एक शक्ति है। उनके अंदर संगीत की यूथ फीलिंग होती है। अभी तो पिछले साल 90 की उम्र में दुबई में हाउसफुल शो किया है। वो कभी गाना बंद नहीं करेंगी, हमेशा गाएंगी। लता जी ने तो कुछ वर्षों से गाना बंद कर दिया था, लेकिन आशा जी का गाना चलता ही रहेगा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K